रांची का तापमान
| | कांके | रांची |
|---|---|---|
| अधिक. | 27.3° | 28.0° |
| न्यून. | 21.5° | 23.0° |

रांची, बुधवार
02 जुलाई 2025
वर्ष-26, अंक-150, पृष्ठ-12

आषाढ़ शुक्ल पक्ष 07, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 12

## झारखंड में नक्सल उन्मूलन को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक


# माओवादियों के खिलाफ अभियान तेज करने के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में नक्सल उन्मूलन को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ माईकलराज एस, पुलिस महानिरीक्षक (अभियान), झारखंड ने की। बैठक में राज्य और केंद्रीय सुरक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में मनोज कौशिक (प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, रांची), साकेत कुमार सिंह (आईजी, सीआरपीएफ, झारखंड सेक्टर, रांची), अनुप बिरथरे (आईजी, झारखंड जगुआर), प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक (पलामू/बोकारो), क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक (पलामू, बोकारो, हजारीबाग) के साथ-साथ नक्सल प्रभावित जिलों – गुमला, लोहरदगा, लातेहार, पलामू, गढ़वा, चतरा, हजारीबाग, बोकारो, सरायकेला और खूंटी के पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारी शामिल रहे।





**बैठक में हुई प्रमुख चर्चा :** बैठक में राज्य में नक्सलवाद की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को अपने क्षेत्रों में सक्रिय माओवादी एवं उनके सहयोगी गुटों के खिलाफ सटीक सूचना एकत्र कर सघन नक्सल विरोधी अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, थाना स्तर पर खुफिया तंत्र को मजबूत करने, हाल के दिनों में जेल से रिहा या जमानत पर छूटे नक्सलियों की निगरानी करने और उनके सहयोगियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात पर विशेष जोर दिया गया।

### निवारक कार्रवाई के निर्देश

बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि नक्सलियों की गतिविधियों को जड़ से खत्म करने के लिए निरोधात्मक कार्रवाई बेहद जरूरी है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे स्थानीय स्तर पर खुफिया सूचना नेटवर्क को सक्रिय करें और हर संदिग्ध गतिविधि पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस बैठक से यह संकेत मिला है कि राज्य सरकार और सुरक्षा एजेंसियां नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए सुरक्षा तंत्र को और अधिक चुस्त-दुरुस्त करने में जुटी हुई हैं। आने वाले दिनों में नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों की सक्रियता और अभियान में तेजी देखी जा सकती है।

## ऑपरेशन सिंदूर सैनिकों के नाम संदेश

राष्ट्रीय नवीन मेल




**अनामिका मिश्रा**

पहलगाम में हुई ऐसी वीभत्स घटना के बाद पूरा देश व्यथित हो गया था। ऐसी विभत्स घटना अतंकियो के लिए रोष जनजन में उत्पन्न हो गया। पूरे देश को उम्मीद थी सैनिकों से। आखिर हमारे देश के सैनिकों ने बदला ले ही लिया। सबसे बड़ी बात महिला अधिकारियों के निरीक्षण में ऑपरेशन सिंदूर के तहत यह कार्य किया गया जो हमारे देश के लिए गौरव की बात है,एवं महिला सशक्तिकरण का जीता जागता प्रमाण भी है।

सभी देशवासियों को गर्व है अपने देश की महिला सैनिकों पर एवं सभी सैनिकों पर जिन्होंने खतरों से खेल कर,अपनी जान की परवाह किए बगैर आतंकियों को सबक सिखाया,एवं नष्ट कर दिया उन्होंने उनके ठिकाने को। सैनिकों ने पूरी दुनिया को दिखा दिया हमसे जो टकराएगा चूर-चूर हो जाएगा। आज हम सुरक्षित और शांतिपूर्ण जीवन इन्हीं सैनिकों की वीरता एवं इन्हीं रक्षकों के कारण जी रहे हैं। हम हमेशा अपने वीर सैनिकों के साथ हैं। जो शहीद हो गए वीर ईश्वर उनके परिवार को शक्ति प्रदान करें और हमेशा उनके साथ रहे। हम उन्हें सर झुका कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। सभी सैनिकों को सर झुकाकर शत-शत नमन ईश्वर मेरे सैनिक भाइयों की हमेशा रक्षा करें,उन्हें शक्ति प्रदान करें एवं हमेशा उनके साथ रहें।

**जय हिंद**

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप **82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क **+91 82923 73444** कार्यकारी संपादक।

**केंद्रीय कैबिनेट की बैठक** — रोजगार से जुड़ी योजना को मिली हरी झंडी

# 1 लाख करोड़ की रोजगार प्रोत्साहन योजना को मंजूरी

**3.5 करोड़**
**रुपए नौकरियों के अवसर**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर विशेष ध्यान देते हुए सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ाने के लिए रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (ईएलआई) को मंजूरी दे दी है। ईएलआई योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2024-25 में प्रधानमंत्री की पांच योजनाओं के पैकेज के हिस्से के रूप में की गई थी, जिसका कुल बजट परिव्यय 2 लाख करोड़ रुपए है।

इस योजना के तहत पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को एक महीने तक का वेतन 15,000 रुपए तक मिलेगा, वहीं नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार पैदा करने के लिए दो वर्ष की अवधि के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा। इसके साथ ही मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को दो वर्ष के लिए विस्तारित लाभ दिया जाएगा। ईएलआई योजना का 99,446 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ लक्ष्य दो वर्षों की अवधि में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहित करना है। इनमें से 1.92 करोड़ लाभार्थी पहली बार वर्कफोर्स में प्रवेश करने वाले होंगे।

इस योजना का लाभ 1 अगस्त 2025 से 31 जुलाई, 2027 के बीच सृजित नौकरियों पर लागू होगा। यह योजना दो भागों में लाई जा रही है, जिसमें पहला भाग पहली बार आवेदन करने वालों पर केंद्रित है और दूसरा भाग नियोक्ताओं पर केंद्रित है। पहले भाग के तहत, ईपीएफओ के साथ पंजीकृत पहली बार काम करने वाले कर्मचारियों को ध्यान में रखते हुए एक महीने का ईपीएफ वेतन 15,000 रुपए तक दो किस्तों में दिया जाएगा। 1 लाख रुपए तक के वेतन वाले कर्मचारी पात्र होंगे। पहली किस्त 6 महीने की सेवा के बाद और दूसरी किस्त 12 महीने की सेवा और कर्मचारी द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम पूरा करने के बाद दी जाएगी। बचत को प्रोत्साहित करने के लिए, प्रोत्साहन का एक हिस्सा एक निश्चित अवधि के लिए जमा खाते के बचत साधन में रखा जाएगा और कर्मचारी द्वारा बाद की तारीख में निकाला जा सकता है।

इस भाग के तहत पहली बार नौकरी पर आने वाले लगभग 1.92 करोड़ कर्मचारियों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

शेष पेज 11 पर



### राष्ट्रीय खेल नीति-2025 को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्र सरकार नई राष्ट्रीय खेल नीति 2025 (एनएसपी-2025) लाई है जिसका उद्देश्य भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनाना है। एनएसपी-2025 वर्ष 2001 की राष्ट्रीय खेल नीति का स्थान लेगी। इसका लक्ष्य नागरिकों को खेलों के माध्यम से सशक्त बनाना और भारत को 2036 ओलंपिक सहित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन और आयोजन के लिए तैयार करना है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में राष्ट्रीय खेल नीति-2025 को मंजूरी दी गई। सरकार का कहना है कि नीति व्यापक परामर्श के बाद तैयार की गई है, जिसमें केंद्र सरकार, राज्य सरकारें, नीति आयोग, खेल संघ, खिलाड़ी और विशेषज्ञ शामिल रहे। नीति पांच प्रमुख स्तंभों पर आधारित है। शेष पेज 11 पर

### पांकी विधायक शशिभूषण मेहता से 1.27 लाख की ठगी

**रांची।** झारखंड में बीते कुछ दिनों से साइबर ठगी के कई मामले सामने आ रहे हैं। लोगों को लालच देकर



अलग-अलग तरीकों से अपने झांसे में फंसाया जा रहा है। अब तो साइबर ठगों की हिम्मत इतनी बढ़ गयी है कि उन्होंने विधायक तक को अपने झांसे में ले लिया। पांकी विधायक शशिभूषण मेहता को अपने जाल में फंसा कर साइबर ठगों ने उन्हें 1.27 लाख रुपए का चूना लगा दिया। विधायक ने मामले को लेकर साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। वहीं, विधायक ने आवेदन में बताया कि बीते गुरुवार की सुबह करीब 9 बजे उन्हें रितेश कुमार नामक एक व्यक्ति ने कॉल किया। शेष पेज 11 पर

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रभारी घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई है। एसीबी की टीम ने चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी सतीश कुमार को चार हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। सतीश कुमार पर ममता वाहन के बिल का भुगतान करने के बदले चार रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप है।

**ममता वाहन के बिल का भुगतान करने के एवज में मांगी थी रिश्वत :** जानकारी के अनुसार, ममता वाहन के मालिक उज्जवल सिंह (बाददादपुर गांव निवासी) ने एसीबी में इसको लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। उज्जवल सिंह के अनुसार, ममता वाहन से संबंधित



तीन-चार महीने का बिल बकाया था, जिसकी कुल राशि लगभग 25 हजार रुपए थी।

इन बिलों का भुगतान करवाने के लिए केंद्र प्रभारी सतीश कुमार ने उनसे रिश्वत की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने मामले की पूरी जांच की। जांच में पुष्टि होने के बाद हजारीबाग एसीबी की टीम ने सतीश कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

### संजय सेठ ने कहा - पीएम ने रांची को दी 558 करोड़ की सौगात

## रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का लोकार्पण कल

- केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी करेंगे लोकार्पण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** तीन जुलाई को रातू रोड में नवनिर्मित एलिवेटेड कॉरिडोर का लोकार्पण किया जाएगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने रांचीवासियों को 558 करोड़ रुपए के एलिवेटेड कॉरिडोर की सौगात दी है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने मंगलवार को अरगोड़ा स्थित अपने केंद्रीय कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि तीन जुलाई को रातू रोड के ओटीसी ग्राउंड में सुबह 11 बजे लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया है। शेष पेज 11 पर



### पीएम और गडकरी ने सपना किया पूरा : संजय सेठ

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि रांची में रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण एक सपने के पूरा होने जैसा है। रातू रोड सहित रांचीवासियों का यह सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पूरा कर दिया है।

### 558 करोड़ रुपए से बना है एलिवेटेड कॉरिडोर

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि अब यह रांचीवासियों की जिम्मेदारी है कि रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर को स्वच्छ और सुंदर बना कर रखें। उन्होंने आग्रह किया कि 558 करोड़ रुपए की लागत से इस कॉरिडोर का निर्माण किया गया है। शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

# एंकर खड़ा बाजार में मांगे खुद की खैर



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

नए भारत में 24X7 एक से बढ़कर एक ध्वनि प्रभावों के साथ नाटकीय,चमकदार और ब्रेकिंग न्यूज से सजे खबरिया चैनल पत्रकारिता के नए आयाम गढ़ रहे हैं । इसी दौड़ में नए इंडिया एलायंश ने कथित भेदभाव करने वाले 14 एंकर की सूची जारी कर बक़ायदा आदेश निकाला कि इनके कार्यक्रमों में एलायंस के प्रवक्ता भाग नहीं लेंगे और एक नई खबर जोड़ दी ।इसमें सालाना करोड़ों वेतन पाने वाले स्टार एंकर भी हैं । यह एक अभूतपूर्व घटना है क्योंकि आजतक मीडिया से मधुर संबंध बनाकर ही राजनैतिक पार्टियां सफलता की सीढ़ियां चढ़ती रहीं थीं ।इस बदले युग में नेता भी याचक नहीं और मीडिया भी बाजार के दबाव से मुक्त नहीं ।जिस देश में बैंक का ऋण और शिक्षा उत्पाद मान लिया जाए वहां आधुनिक मीडिया के प्रतीक एंकर को समाज निष्पक्षता का चेहरा मानने को तैयार नहीं। पर एंकर या मीडिया की निष्पक्षता ही उसकी विश्वसनीयता की पूंजी होती है वह दबाव के बावजूद अपना अस्तित्व बचाने का प्रयास तो करेगा ही वरना उसके पाठकों या दर्शकों की संख्या कैसे बढ़ेगी ? दरअसल यह पाठक संख्या या टीआरपी ही असली ताकत है जो विज्ञापनों के रूप में उसे आर्थिक रूप से मजबूत करती है । आजकल सरकारें विज्ञापनों के दबाव में बहुत हद तक बाजार की तरह मीडिया को नियंत्रित करती हैं ।इलेक्ट्रॉनिक की तुलना में प्रिंट मीडिया ने उसका अधिक निडरता से मुकाबला किया है जिस कारण आज भी उसकी अधिक विश्वसनीयता बची हुई है ।इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को अधिक देर तक दर्शकों को बांधे रखने के लिए बहुत से ऐसे शो करने पड़ते हैं जिनसे कुछ हद तक प्रिंट बचा हुआ है।

जिस तरह बड़े विज्ञापन दाताओं के परोक्ष दबाव में मीडिया रहती है उसी प्रकार टीवी चैनल भी हैं ।कुछ टीवी चैनल कुछ विशेष राज्यों के सरकारी विज्ञापन दिन रात दिखाते हैं और उन राज्यों को उपकृत करने या अधिक कवरेज देने से गुरेज नहीं करते जबकि किसी पार्टी या विशेष विचारधारा के लोगों को कई बार समय समाप्त हो रहा है या ब्रेक का टाइम हो गया जैसे बहानों से कम महत्व दिया जाता है। यह आरोप लगाने वाले लोग भी अपनी पसंद के चैनल में यही करते रहे हैं और सोशल मीडिया पर इन्हें लताड़ा भी गया । देश की गंभीर समस्याओं और जनता के दु:ख दर्द से परे इन टीवी बहसों के विषय अक्सर बहुत ही सतही या पीआर एजेंसी के तैयार किए हुए किसी पार्टी के नेता द्वारा जानबूझकर उछाले हुए होते हैं ।किसी धर्म किसी विवादास्पद बयान पर हफ्तों तक चर्चा होती और इन बहसों में पार्टियों के प्रवक्ता मुद्दे पर पूछे गायक सवालों के जवाब न देकर अपनी विरोधी पार्टी के पुराने मुद्दे उठाते हैं या अपनी पार्टी का गुणगान करते हैं ।इन बहसों में कई बार मारपीट तक की नौबत आ गई थी ।धर्म पर टिप्पणी को लेकर एक बड़े अंग्रेजी चैनल में हुई बहाव में विवाद इतना बढ़ा या बढ़ाया गया कि कई देश इसमें शामिल हो गए ।सोशल मीडिया को खाद पानी इससे मिलता है और जाति धर्म की भावना उभार कर राजनीति करने वाली पार्टियों को ऐसे मुद्दों की तलाश रहती है । सभी पार्टियां इसमें कूद पड़ती हैं क्योंकि उससे गरीबी,बेरोजगारी और महंगाई से जुड़े मुद्दे दब जाते हैं ।मनोवैज्ञानिक विश्लेषण के आधार पर पीआर एजेंसियां इन्हें तैयार करती हैं और भोली भाली जनता फिल्मों में विलेन की पिटाई की तरह इन नाटकों को देखकर खुश होती है ।उन्हें लगता है कि उनकी मनपसंद पार्टी के नेता ने विरोधी को धोया ।कई बार सोशल मीडिया पर लाखों व्यूज इस नाथ के मिलते हैं कि फ़लां एंकर ने उस नेता को कैसे धोया ! इन बहसों ,टॉक शो या इंटरव्यू में कई बार कथित रियलिटी शो की तरह मुद्दे तय रहते हैं ।सफल एंकर उसे माना जाता है जो आकर्षक हो और उसे ऐसे संचालित करे कि वह दिलचस्प भी हो और फिल्मों के जोरदार डायलॉग की तरह सनसनीख़ेज़ हो । सनसनी की तलाश में लोग ऐसे शो में टूट पड़ते हैं और टीआरपी में उछाल आ जाता है जबकि आकाशवाणी, दूरदर्शन या गंभीर विषयों पर बहस कराने वाले टीवी चैनल अपेक्षाकृत कम देखे जाते हैं । इन एंकर पर सवाल उठाने वाले लोगों में वे भी शामिल हैं जिन्होंने 2011 में पीएम मनमोहन सिंह का चुने हुए संपादकों का वह इंटरव्यू देखा होगा



जब एक टीवी चैनल की मालकिन और संपादक ने सवाल पूछा था कि आपका पसंदीदा क्रिकेट खिलाड़ी कौन है ? एंकर तो हमारे समाज का वह पैरामीटर है जिसे हमने जैसा गढ़ा है तय किया है वैसा दिख रहा है ।वैसे एंकर या रिपोर्टर किसी भी माध्यम का हो चूंकि वह सामने रहता है तो लोग उसे ही उस संस्थान का प्रतिनिधि मान लेते हैं और उससे अपेक्षाएं भी बहुत रहती हैं । बहुधा सरकारों या व्यवस्था से पीड़ित या निराश लोग मीडिया के पास आते हैं और यह मान कर चलते हैं कि उनकी लेखनी या स्वर से उनकी आवाज बुलंद होगी और वहां तक पहुंचेगी जहां से उनकी समस्याओं का समाधान होना है ।अधिकांश मामलों में ऐसा होता भी है पहले ने ना किया तो किसी न किसी ने जरुर उसके दर्द को साझा किया होता है ।कई बार न्यायालय तक बातें मीडिया के माध्यम से ही पहुंचती हैं ।हालांकि इसके कई अपवाद भी हैं नीरा राडिया कांड में कई बड़े नाम आए जिनसे साख गिरी पर इसे अपवाद ही माना जाना चाहिए ।दूसरी तरफ अति उत्साह में एंकर खुद वकील खुद जज बनाने लगता है और न्यायिक प्रकिया की प्रतीक्षा लिए बिना एक तरह से फैसला सुनाकर किसी को भी दोषी बताने लगता है ।मीडिया ट्रायल और खबर पालिका जैसे शब्दों का उदय इसी कारण हुआ भी ।अनेकों बार मीडिया ट्रायल में दोषी बताया जा रहा व्यक्ति निर्दोष साबित हुआ भी ।सुशांत सिंह राजपूत वाला मामला सामने है ।मीडिया का अर्थ माध्यम होता है और एंकर उस विशाल व्यवस्था का एक पुर्जा मात्र होता है जो तथ्यों का विश्लेषण विशेषज्ञों के माध्यम से करा तो सकता है पर स्वयं उसकी दृष्टि महाभारत के संजय वाली यानी कमेंटेंटर वाली होनी चाहिए तभी पत्रकारों को पक्षकार नहीं माना जाएगा। कई बार मामला न्यायालय तक पहुंचा और कड़ी टिप्पणी भी आई कि विवाद फैलाने में टीवी चैनलों का हाथ है ।सुप्रीम कोर्ट ने गत वर्ष टीवी न्यूज़ चैनल पर होने वाली बहस को नफरत फैलाने का सबसे बड़ा माध्यम बताया था ।कोर्ट ने अप्रसन्नता दिखाते हुए केंद्र सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि 'सरकार मूकदर्शन बन कर ये सब देख रही है' और इस मामले को 'बहुत छोटा' आंक रही है ।जस्टिस केएम जोसफ़ और ऋषिकेश राय की बेंच ने टीवी बहस को नियंत्रित करने को लेकर दिशानिर्देश तैयार करने की संभावना बताई और केंद्र सरकार से पूछा कि क्या वह इस मामले पर कोई क़ानून लेकर आना चाहती है? बेंच ने इस बात पर ज़ोर दिया कि 'नफ़रत से टीआरपी आती है और टीआरपी से मुनाफ़ा आता है।' साथ ही कहा कि वह इसे लेकर एक गाइडलाइन जारी करना चाहते हैं जो तब तक इस्तेमाल में लाई जाए जब तक सरकार इस बारे में कानून ना बना दे।

## भारत से तनाव के बीच यूएनएससी का अध्यक्ष बन गया पाकिस्तान

### भारत ने आतंकवाद के मुद्दे पर किया बेनकाब

**संयुक्त राष्ट्र (आईएएनएस)**

पाकिस्तान द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभालने के बाद मंगलवार को भारत ने 'इस्लामाबाद' की सीमा पार आतंकवाद में संलिप्तता को उजागर किया। भारत ने हाल के पहलगाम नरसंहार पर ध्यान दिलाया, जो पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा किया गया था। यह कदम वैश्विक स्तर पर बढ़ती अस्थिरता



की चिंता के बीच उठाया गया है, जब भारत ने हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। शेष पेज 11 पर

## 'हूल दिवस' पर बवाल में दो लोग अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार

### पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के करीबी बताए जा रहे हैं

**नवीन मेल संवाददाता**

**गोड्डा।** जिले की पुलिस ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के दो कथित करीबियों को नगर थाना क्षेत्र में तीन अवैध हथियारों और गोली के साथ गिरफ्तार किया है। इनके नाम सुधीर कुमार और गणेश मंडल हैं। पुलिस ने दावा किया है कि ये दोनों साहिबगंज के भोगनाडीह गांव में 'हूल दिवस' पर 30 जून को हुए बवाल का षड्यंत्र रचने में शामिल थे। गोड्डा के एसपी मुकेश कुमार



ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि ये दोनों जमशेदपुर में रहते हैं। शेष पेज 11 पर

### झारखंड के सतत विकास लक्ष्य को लेकर यूनिसेफ के कार्यों की समीक्षा

# यूनिसेफ के कार्यों की लगातार समीक्षा का सिस्टम बनाएं : मुख्य सचिव

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के सतत विकास लक्ष्य की उपलब्धि को लेकर यूनिसेफ के कार्यों की समीक्षा मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में मंगलवार को की गई। मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी ने यूनिसेफ को सभी संबंधित विभागों के साथ निरंतर समन्वय पर बल देते हुए निर्देश दिया कि वे अपने कार्यों की लगातार समीक्षा का सिस्टम बनायें। उन्होंने कहा कि यूनिसेफ झारखंड के सतत विकास को लेकर जो कार्य कर रहा है, वैसे ही कार्य व्यापक पैमाने पर राज्य सरकार भी कर रही है। इस स्थिति में एक दूसरे के डाटा राज्य के सतत विकास में काफी उपयोगी हो सकते हैं। इसके लिए विभागों के साथ पाक्षिक बैठक करने का निर्देश दिया।

मुख्य सचिव ने कहा कि इन बैठकों में यूनिसेफ फील्ड के अपने कार्यों, अनुभव और सुझावों को साझा करे और यह देखे कि बच्चों को लेकर सरकार की योजनाओं के साथ कैसे बेहतर तालमेल के साथ काम किया जा सकता है। योजनाओं की निगरानी और उसके फलाफल पर फोकस पर भी उन्होंने बल दिया। उन्होंने यूनिसेफ से कहा कि वे सामाजिक प्रक्षेत्र में अन्य राज्यों में जो बेहतर कार्य हो रहे हैं, उनका अध्ययन, विश्लेषण करें और उसका क्रियान्वयन झारखंड में कैसे किया जा सकता है, इसका ब्लू प्रिंट बनायें। उन्होंने योजना विभाग के साथ एक पोर्टल पर डाटा साझा करने का निर्देश दिया, ताकि डाटा मिस मैच नहीं हो। मुख्य सचिव ने पोषण से जुड़ी समस्याओं पर फोकस करने के साथ हाशिए पर खड़े लोगों के सतत विकास पर फोकस करने को कहा।

मुख्य सचिव ने हाथ की सफाई को लेकर जागरूकता पैदा करने के लिए यूनिसेफ की प्रशंसा करते हुए कहा कि पोषण के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा आदि के क्षेत्र में भी संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर लोगों को जागरूक और सक्षम बनायें।

उसके पहले यूनिसेफ ने झारखंड में बच्चों को लेकर किये जा रहे कार्यों और उपलब्धियों को लेकर प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी।

समीक्षा बैठक में सचिव मस्त राम मीणा, मनोज कुमार, मुकेश कुमार, उमाशंकर सिंह, नेहा अरोड़ा और यूनिसेफ की झारखंड प्रमुख कानिनिका मित्रा और उनके सहयोगी उपस्थित थें।

## अस्पताल में इलाजरत पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा से मिले मंत्री

- पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा के स्वास्थ्य की मुख्यमंत्री ने ली जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इलाजरत पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी श्री विमल लकड़ा के स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए स्वास्थ्य मंत्री इरफानन अंसारी को निदेश दिया कि इलाजरत पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा को हर जरूरी चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करवाते हुए हुए उन्हें सूचित करें। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने एक्स में माध्यम से कहा कि झारखण्ड सरकार विमल लकड़ा जी के साथ पूरी तरह खड़ी है। उनके परिवार को भरोसा दिलाया कि इलाज में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंत्री सुदिव्य कुमार को निदेश दिया था कि वे अस्पताल जाकर इलाजरत पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा से मुलाक़ात करें । मंत्री सुदिव्य कुमार ने एक्स के माध्यम से बतलाया कि उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के निर्देश पर अस्पताल जाकर इलाजरत पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा एवं उनकी पत्नी से मुलाक़ात की। उन्होंने डॉ. संजय से विमल लकड़ा के स्वास्थ्य एवं इलाज की स्थिति की जानकारी ली और निर्देश दिया कि उन्हें सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

मालूम हो कि पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी बिमल लकड़ा सोमवार को खेत मे बेहोश पाए गए। उन्हें इलाज के लिए रांची के क्यूरेसेटा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। हॉकी झारखंड के उपाध्यक्ष और सिमडेगा हॉकी के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने बताया कि वे गांव में अपने खेत गए हुए थे जहां वह बेहोश हो गए थे। 45 साल के बिमल लकड़ा को प्राथमिक चिकित्सा के लिए कुरड़ेग ले जाया गया, जहां से उन्हें सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सिमडेगा में उनका सिटी स्कैन किया गया। उनके सिर में खून का थक्का दिखाई दिया। डॉक्टरों के परामर्श से उन्हें रांची ले जाया गया है। उन्हें क्यूरेसेटा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

## आदिवासियों की सबसे ज्यादा विरोधी कांग्रेस पार्टी रही है : प्रतुल शाहदेव

- जिनका आदिवासियों पर जुल्म करने का इतिहास रहा हो,वे घड़ियाली आंसू बहाना बंद करें
- देश की प्रथम आदिवासी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ कांग्रेस ने वोट किया था

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कांग्रेस पार्टी पर आदिवासी विरोधी होने का आरोप लगाया। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष समेत तमाम नेता वर्तमान में आदिवासियों के हितों के लिए आंसू बहाने का नाटक कर रहे हैं। जबकि इनका इतिहास आदिवासियों पर अत्याचार से भरा हुआ है। प्रतुल ने कहा कि सरायकेला खरसावां गोली कांड में हजारों आदिवासियों को गोली मार दिया गया था। गुआ गोली कांड में झारखंड आंदोलनकरियों को थाने के हाजत से बाहर निकालकर गोली मार दी गई थी। दोनों समय कांग्रेस की ही सरकार प्रदेश में थी। मामले को रफा दफा कर दिया गया। प्रतुल ने कहा कि झारखंड आंदोलन की सबसे बड़ी विरोधी कांग्रेस पार्टी ही रही थी। आंदोलनकारी पर जुल्म ढाया गया था। कांग्रेस ने आजादी के बाद से इस मांग को लंबे समय तक लटका कर रखा। आवश्यकता पड़ने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसदों को खरीद भी लिया लेकिन अलग राज्य नहीं दिया था।

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि जब देश को पहली बार एक आदिवासी राष्ट्रपति मिलने वाली थी तो कांग्रेस ने पूरे देश में द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ वोटिंग की थी। कांग्रेस ने अपने अधिकांश सहयोगी दलों से भी द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ वोट दिलाया था। उसे समय इनका आदिवासी प्रेम गायब हो गया था। ये घटना इनका आदिवासियों के प्रति असली सच को उजागर करता है।

प्रतुल ने कहा कि आदिवासियों के नाम पर आज घड़ियाली आंसू बहने वाली कांग्रेस का पूरा इतिहास आदिवासियों पर जुल्म से भरा हुआ है। इस पाप को वह कितना भी धोने की कोशिश करें, वह नहीं धुलने वाला है क्योंकि दाग बहुत काले हैं।

## आवेश में आकर सिलवटे से मार कर की हत्या, आरोपी हुआ गिरफ्तार

- अपने ही चचेरे भाई ने कि हत्या, चढ़ा पुलिस के हत्थे

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** राजधानी के इटकी थाना पुलिस ने हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तर। दरअसल, 27 जून को अज्ञात अपराधियों ने रांची स्थित इटकी निवासी उत्तम मलार की हत्या कर दी थी। जिसकी जानकारी इटकी थाना पुलिस को दी गई। आरोपियों के गिरफ़्तारी के लिए डीआईजी सह एसएसपी के द्वारा पुलिस ग्रामीण एसपी के निर्देशन में पुलिस बेडो डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर घटना में शामिल अपराधकर्मी दीपक मलार जो कि मृतक के साढू का बेटा है, को गिरफ्तार किया गया। दीपक मलार के निशानदेही के आधार पर घटना में प्रयुक्त पत्थर के सिलवट को बरामद किया गया। एसएसपी ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि मृतक उत्तम मलार ने नशे की हालत में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट कर घर से भगा दिया था। उसी क्रम में मृतक के साढ़ू का लड़का दीपक मलार जो उत्तम मलार के घर अपना मोबाईल चार्ज में लगाया हुआ था। इसी दौरान उत्तम मलार उसका मोबाईल छीनने लगा। इस बीच लड़ाई बढ़ गई और दीपक मलार ने पत्थर के सिलवट को लेकर उत्तम मलार के सिर पर वार कर दिया, जिससे उत्तम मलार लहुलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा और कुछ हीं देर में मृत्यु हो गई।

एक अन्य मामले में नरकोपी थाना पुलिस ने हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार। दरअसल 27 जून रात अज्ञात अपराधियों ने सोमनाथ उराँव नामक व्यक्ति कि हत्या कर दी थी। जिसकी जानकरी मृतक की मां कामेश्वरी देवी के द्वारा थाना में दिया गया। आरोपियों कि गिरफ्तारी के लिए डीआईजी सह एसएसपी के द्वारा ग्रामीण एसपी के निर्देशन में पुलिस बेडो डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर घटना में शामिल अपराधी झारिया उरांव जो की मृतक का चचेरा भाई है, को गिरफ्तार किया गया।

### छिनतई के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रांची।** लोअर बाजार थाना पुलिस ने छिनतई मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। मामले कि जानकारी देते हुए मंगलवार को डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया 19 जून को संगीता कुमारी ने गणपत नगर घुमसा टोली के चुटिया बैंक ऑफ इंडिया के बहू बाजार शाखा से पचास हजार रुपए की निकासी कर 11.30 बजे दिन में अपने घर जा रही थी और जैसे ही अपने घर के पास पहुंची थी की एकाएक एक लड़का इनके हाथ से बैग छीनकर पैदल ही तेजी से भाग गया। उस समय काफी तेज बारिश होने के कारण संगीता आरोपी को अच्छे से नही देख सकी। जांच के दौरान आरोपी के भागने की दिशा में सीसीटीवी और तकनीकी सहयोग के साथ आरोपी की पहचान करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से लूटा हुआ पचास हजार रुपया में से 40850/- रुपया एवं अन्य सामान की बरामदगी की गई है।

## न्यूज बॉक्स

### प्रांतीय अधिवेशन छह को, रांची से बड़ी संख्या में सदस्य लेंगे भाग, तैयारियां जोरों पर



**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन कार्यकारिणी सदस्यों की एक बैठक जिलाध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार की अध्यक्षता में महाराजा अग्रसेन भवन के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में 6 जुलाई को राजविलास रिजॉर्ट धनबाद में आयोजित नवम झारखंड प्रांतीय अधिवेशन के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल एवं पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे। जिला महामंत्री विनोद कुमार जैन ने बताया कि 6 जुलाई दिन रविवार को गोविंदपुर, धनबाद के राजविलास रिजॉर्ट में आयोजित प्रांतीय अधिवेशन मे झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल पदभार ग्रहण करेंगे। इस अधिवेशन में मुख्य रूप से केंद्रीय न्याय एवं कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ सहित राष्ट्रीय स्तर के कई गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहेंगे। रांची से 50 से भी अधिक सदस्यगण प्रांतीय अधिवेशन में भाग लेने धनबाद जाएंगे। प्रांतीय अधिवेशन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है।उक्त जानकारी देते हुए जिला के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि बैठक मे सुरेश चंद्र अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, कमल कुमार केडिया, विनोद जैन, मनोज चौधरी,पवन कुमार पोद्दार, अनिल अग्रवाल,कौशल राजगढ़िया, निर्भय शंकर हरित, प्रमोद सारस्वत, संजय सर्राफ, कमलेश संचेती,निर्मल बुधिया, नरेश बंका, विजय कुमार खोवाल,विकास अग्रवाल,अजय खेतान, सुनील पोद्दार, प्रमोद बगड़िया, मनीष लोधा, सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

### जेपीएससी-2 नियुक्त घोटाला, डीएसपी राधा प्रेम नागेश ने किया सरेंडर, मिली जमानत

**रांची।** जेपीएससी द्वितीय सिविल सेवा नियुक्ति घोटाले में चार्जशीटेड मुकेश कुमार महतो के सरेंडर करने के बाद मंगलवार को जैप डीएसपी राधा प्रेम नागेश ने भी सीबीआई की विशेष अदालत में सरेंडर किया। अदालत ने जमानत की सुविधा प्रदान की। अदालत ने पिछले दिनों उन्हें अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की थी। शर्त के तहत अदालत में सरेंडर कर जमानत प्राप्त की है। इसी मामले में आरोपी डीएसपी मुकेश कुमार महतो ने भी अदालत में सरेंडर कर पूर्व में जमानत प्राप्त कर ली है। बता दें कि अदालत ने बीते 7 मार्च को 26 भ्रष्ट अफसरों समेत 64 आरोपियों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है। इसके बाद से आरोपियों का अदालती दौड़ जारी है।

### आज जलापूर्ति रहेगी बाधित, कल से होगी सप्लाई

**रांची।** कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमंडल, रांची ने आम जनता को सूचित किया है कि बुधवार को सुबह 8.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक बुटी प्लांट के सम्प की साफ-सफाई, मेनटेनेंस इत्यादि का कार्य होना है, जिस कारण रांची शहर की जलापूर्ति जयप्रकाश नगर, बरियातु, रिन्नर, करनटोली, लालपुर, मेन रोड, हिंग्वपीवीआ सी.सी. जिला स्कूल, बुमरदग्गा, इरबा, बूटी, एमईएस, दीपांटोली, कोकर, कोकर इन्डस्ट्रीयल ऐरिया, राची रेलवे, कौंटाटोली, बहुबाजार, लोवाडीह, चुटिया, नामकुम पीसरोड, पुरुलिया रोड, चडपकना, महिला महाविद्यालय, आदिवासी हॉस्टल, वर्दमान कम्पाउणा, खेलगांव होटवार जेल. एम. ई. एस. नामकुम, टाटीसिलो, रातु रोड सम्प, मोरहाबादी सम्प, लालपुर सम्प एवं इत्यादि आसन्न क्षेत्रों में जलापूर्ति दिनाक 02.07.2025 को सुबह 9:00 बजे से शाम 6.00 बजे तक बाधित रहेगी। अगले दिन से सुचारू रूप से जलापूर्ति की जाएगी।

### अंगदान जागरूकता सत्र का आयोजन



**रांची।** जुलाई का महीना हर वर्ष अंगदान माह के तौर पर मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य में आज डॉक्टर्स डे पर सुरेन्द्रनाथ सेंटेनरी स्कूल, रांची में अंगदान जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र रिम्स स्थित झारखंड राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन) एवं सुरेन्द्रनाथ स्कूल के हेल्थ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों को अंगदान के महत्व के बारे में जागरूक करना था। सत्र में उपस्थित 11वीं और 12वीं के छात्रों को एसओटीटीओ के नोडल पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन ने भारत में अंगदाताओं की कमी, अंगदान से जुड़े भ्रम और एक दाता द्वारा कई लोगों की जान बचाने की क्षमता के बारे में विस्तार से बताया। वहीं एसओटीटीओ की आईईसी, मीडिया कंसलटेंट श्रीमती साल्विया शार्ली ने अंगदान को बढ़ावा देने में छात्रों के योगदान व कैसे अंगदान के लिए संकल्प लें के विषय में जानकारी दी| सत्र में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कई जिज्ञासापूर्ण प्रश्न भी पूछे। सत्र में सुरेन्द्रनाथ सेंटेनरी स्कूल के उप-प्राचार्य प्रसनजीत हाज़रा के अलावा डॉ निवेदिता वर्मा, असित प्रधान, ए के सिंह, राजेश कुमार मिश्रा, सुधा मिश्रा एवं नूतन पाठक सहित अन्य अध्यापक भी मौजूद थे।

## पौधा दुकानदारों को हटाकर कर किया गया अतिक्रमण मुक्त, होगा सौन्दर्यीकरण





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी स्थित कचहरी में पौधा दुकानदारों को डीसी के आदेश पर निगम ने दुकानदारों के लिए नोटिस जारी किया था जिसके बाद सभी ने शनिवार को दुकाने हटाई। दरअसल, 3 जुलाई को रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन होना है जिसे लेकर पुरे इलाकें को अतिक्रमण मुक्त किया जा रहा है। हटाए जाने के बावजूद अभी भी कुछ दुकानदार पौधे बेच रहे हैं। पूछे जाने पर दुकानदारों ने कहा थोड़े बहुत पौधे बचें है जिसे बेच रहे हैं बाकी सारे पौधे दूसरे जगह पर पहुंचाया जा चुका है। रांची नगर निगम के मिली जानकारी के अनुसार उस जगह का सौन्दर्यकरण किया जाएगा। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है की वहां पार्क बनाई जाएगी या पार्किंग।

### गोल व फिटजी संस्थानों के ऊपर फर्जीवाड़े का आरोप, मामला दर्ज

## नन स्कूलिंग कराने वाले संस्थानों को पासवा ने दी चेतावनी, जल्द करें बंद

**नवीन मेल संवाददाता**



- डोरंडा थाना में हुआ मामला दर्ज

**रांची।** प्राइवेट अकादमी स्कूल और वेलफेयर एसोसिएशन यानि पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने जीओएएल इंस्टीट्यूट के निदेशक बिपिन कुमार सिंह के खिलाफ फर्जीवाड़ा, धोखाधड़ी और बच्चों को नन स्कूलिंग कराने के आरोप में डोरंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। इसके साथ ही फिटजी इंस्टीट्यूट के खिलाफ भी एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामले पर आलोक दूबे ने बताया कि जीओएएल इंस्टीट्यूट और फिटजी संस्थान दोनों ही संस्थान झारखंड में छात्रों से लाखों-करोड़ों रुपये लेकर धोखाधड़ी कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि फिटजी इंस्टीट्यूट ने जनवरी 2025 में झारखंड के छात्रों से बड़ी रकम लेकर संस्थान बंद कर दिया था और फिर रांची के डोरंडा और लालपुर में अपने कोचिंग सेंटर खोलकर छात्रों से दोबारा रूपये ले रहा है और उगाही कर रहा है।

डोरंडा थाना प्रभारी दीपिका कुमार ने आवेदन स्वीकार कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। पासवा अध्यक्ष आलोक दूबे ने कहा कि जीओएएल और फिटजी दोनों ही संस्थान लालपुर में स्थित हैं, इसलिए जल्द ही लालपुर थाना में भी प्राथमिकी दर्ज करायी जाएगी। आलोक दूबे ने कहा- जब तक झारखंड में कोचिंग संस्थानों के संचालन के लिए नियमावली नहीं बनाई जाती, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि पासवा का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही मुख्य सचिव अलका तिवारी से मुलाकात कर समुचित कार्रवाई की मांग करेगा। आलोक दूबे ने राज्य के सभी कोचिंग संस्थानों से अपील की है कि वे नन स्कूलिंग कराने की गैर-कानूनी गतिविधियों को बंद करें, ताकि छात्रों का भविष्य सुरक्षित रहे।

## सिविल सर्जन कार्यालय में दस्त रोकथाम अभियान शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** रांची जिला में एक जुलाई से 14 अगस्त तक दस्त रोकथाम अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन सिविल सर्जन कार्यालय में किया गया। कार्यालय मे सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार,डीटीओ डॉ एस बास्की, डीपीएम प्रवीण कुमार, डीपीसी प्रीति चौधरी चौधरी समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए।

सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने बताया की चाइल्डहुड डायरिया एक प्रमुख जन स्वास्थ्य समस्या है तकरीबन सभी अंडर -5 मृत्यु में 4.8% मृत्यु चाइल्डहुड डायरिया के कारण होती है। इसमें से ज्यादातर मृत्यु को समय पर पहचान तथा डिहाइड्रेशन को समय पर प्रबंधन करके रोका जा सकता है । जब भी बच्चों को डायरिया हो तो उन्हें ओआरएस एवं जिंक सप्लीमेंट के साथ पर्याप्त पोषण दिया जाना चाहिए ताकि वे जल्दी स्वस्थ हो सके।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत 5 वर्ष तक के बच्चों को आवश्यकता अनुसार ओआरएस एवं जिंक की गोली सहिया के माध्यम से घर-घर जाकर दी जाएगी। दस्त के उपचार के लिए सभी स्वास्थ्य केन्द्रो में ओरआरएस एवं जिंक कॉर्नर की स्थापना की गई है जहां से लोग निशुल्क इसे ले सकते हैं।

### शांति समिति | मोहर्रम पर्व को लेकर बैठक जिला प्रशासन ने की बैठक

# बेहतर से बेहतर व्यवस्था देने का होगा प्रयास : उपायुक्त

- सोशल मीडिया पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में मोहर्रम को लेकर मंगलवार को केंद्रीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रवीण पुष्कर एवं शहर अजित कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी, राजेश्वरनाथ आलोक, पुलिस अधीक्षक यातायात संबंधित पुलिस पदाधिकारी, सेन्ट्रल मोहर्रम कमिटि, विभिन्न अखाड़ा एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में विभिन्न मोहर्रम कमिटि, विभिन्न अखाड़ा एवं शांति समिति के प्रतिनिधियों ने बारी-बारी से मोहर्रम के मद्देनजर बेहतर व्यवस्था को लेकर अपनी-अपनी बातें रखी। साफ-सफाई, सुरक्षा, जुलूस निकाले जाने के समय, रुट, लाइटिंग, एंबुलेंस, अखाड़ों के लाइसेंस निर्गत करने आदि पर अपने-अपने सुझाव देते हुए प्रतिनिधियों ने सांप्रदायिक सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की बात कही।

उपायुक्त ने कहा कि साफ-सफाई, सुरक्षा, जुलूस निकाले जाने के समय, रुट, लाइटिंग, एंबुलेंस, अखाड़ों के लाइसेंस निर्गत करने आदि पर सेन्ट्रल मोहर्रम कमिटि एवं विभिन्न अखाड़ा समितियों द्वारा जो सुझाव दिए गए हैं, उस पर ध्यान देते हुए प्रशासन की ओर से बेहतर से बेहतर व्यवस्था प्रदान करने का प्रयास किया जायेगा।

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जाएगी। उन्होंने शांति समिति के साथ-साथ सभी लोगों से आग्रह किया कि अफवाह फैलने की स्थिति में ससमय जानकारी दें ताकि त्वरित नियंत्रण किया जा सके।

### छोटी बात को बड़ा न बनने दें : एसएसपी

डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि छोटी बात को बड़ा न बनने दें, ऐसी स्थिति में सबसे पहले जानकारी अपने खलीफा को दें। अगर मामला नहीं सुलझता है तो थाना प्रभारी, अंचल अधिकारी और फिर बड़े अधिकारियों को जानकारी दें। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बातें ही बड़ी बन जाती हैं, प्रयास करें कि मामले को तुरंत सुलझा लिया जाए। उन्होंने कहा कि जुलूस समय पर निकले और समय पर वापस आ जायें इसका ध्यान रखें। एसएसपी ने कहा कि पर्व के दौरान ड्रोन से निगरानी रखी जाएगी।

## सिमटता पंडरा पुल बढ़ता अतिक्रमण

# नदी नालों के अतिक्रमण का सिलसिला बदस्तूर जारी

**मनोज मिश्रा। रांची।** भू-माफियों का आतंक राजधानी में सर चढ़कर बोल रहा है जो बेखौफ होकर जमीनों की अवैध खरीद-फरोख्त करते है। इसमें वे जमीनें भी होती है जो गैरमजरूआ होती है, पहले ये नदी-नालों की जमीन पर अवैध क जा करते हैं। फिर सरकारी दस्तावेज फर्जी तरीके से बनवाते हैं जिसमें अंचल और निगम के कर्मचारियों की मिली भगत भी समय-समय पर उजागर होती रहती है और सही कागजात होने की बात कहकर जमीन को प्लॉटिंग कर भोले-भाले लोगों को बेचते हैं और उन्हें क जा भी दिलवाते हैं।


अंचल झाड़ता पल्ला हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं है अतिक्रमण

### पंडरा पुल पर अतिक्रमण, हेहल अंचल ने झाड़ा पल्ला



ऐसा ही मामला राजधानी के पंडरा पुल की है जहां पंडरा पुल की नदी का अतिक्रमण कर चारदीवारी बना दी गई है। यह चारदीवारी बड़े भू-भाग पर हुई है इसमें खरीदगी जमीन तो है ही। सूत्रों के अनुसार जानकारी मिली है कि इसमें चार डिसमिल जमीन गैर मजरूआ है और इस जमीन का अतिक्रमण अभी छह महीने पहले ही हुआ है। फिलहाल इस प्लॉट पर चारदीवारी दे दी गई है और इसपर किसी प्रकार का निर्माण नहीं हुआ है। लेकिन इसका व्यवसायिक उपयोग हो रहा है, बसें पार्क की जा रही है और पैसेंजर छोटे वाहनों की पार्किंग हो रही है। आगे क्या खेल होगा कोई क्या जाने, मगर सूत्रों ने बताया कि क्रशर खोलने की बात थी लेकिन अभी क्रशर नहीं बैठाया गया है। इस सबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार-पत्र के संवददाता ने हेहल अंचल से बात की तो सबसे विचित्र बात सामने आई कि हेहल अंचल ने अपना पल्ला झाड़ लिया और पंडरा पुल के क्षेत्र को रातू अंचल का बताया तो किसी ने जानकारी नहीं होने की बात की। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बताया कि पंडरा पुल का क्षेत्र हेहल अंचल के कार्यक्षेत्र में आता है। आइए जानते हैं क्या हेहल अंचल से क्या बात हुई और अतिक्रमण के बारे में उन्होंने क्या कहा।

### सीआई ने अतिक्रमण होने की बात से इंकार किया

पंडरा पुल नदी के ग्रीन फील्ड पर अवैध निर्माण और गैरूमजरूआ चार डिसिमिल जमीन पर हुए अवैध क जे के विषय में राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने हेहल अंचल के सीआई से सवाल पूछे तो उन्होंने अतिक्रमण होने की बात से इंकार किया और कहा कि ऐसी कोई जानकारी या शिकायत नहीं मिली है और यह पूछे जाने पर कि पंडरा पुल के पास का क्षेत्र हेहल अंचल में ही आता है? इस पर सीआई सुधीर जयसवाल ने कहा कि कर्मचारी से पूछना होगा। वहीं हेहल अंचल के सीओ घनश्याम कुमार ने कहा कि पंडरा पुल हेहल अंचल के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है, रातू अंचल में आता है।

## सेल को एनएबीएल मान्यता प्रदान की गई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के आयरन एंड स्टील के लिए अनुसंधान एवं विकास केंद्र (आरडीसीआईएस) को 30 जून को रांची में अपनी परीक्षण सुविधाओं के लिए एनएबीएल मान्यता प्रदान की गई। परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशालाओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) ने आईएसओ/आईईसी 17025:2017 के अनुसार यह मान्यता प्रदान की, जो परीक्षण और कैलीब्रेशन प्रयोगशालाओं की क्षमता के लिए सामान्य आवश्यकताओं को रेखांकित करता है। विशेष रूप से आरडीसीआईएस ने बिना किसी बाहरी सलाहकार को शामिल किए, पूरी तरह से आंतरिक प्रयासों के माध्यम से यह उपलब्धि हासिल की। यह आरडीसीआईएस के लिए अपनी स्थापना के बाद से पहली एनएबीएल मान्यता है।



### रांची विवि में समय पर नहीं हो रही है परीक्षाएं, सेमेस्टर चल रहा है पीछे

# छात्रों को सता रही है चिंता, छात्र संगठन ने विवि को दी आंदोलन की चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** रांची विश्वविद्यालय में पढ़ रहे विद्यार्थियों को पढाई के साथ-साथ परीक्षा कब होगी और सेमेस्टर जो काफी पीछे चल रहा है उसमें सुधार कब होगा, इसकी चिंता सता रही है। रांची विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर पर वर्ष 2022-25 के छात्रों की सेमेस्टर पांच और छह की परीक्षाएं अब तक नहीं कराई गई हैं। 2023-26 सत्र में सेमेस्टर 3,4,5,6 बाकी, 2024-27 सत्र का अब तक एक भी परीक्षा नहीं ली गई है। वहीं, स्नातकोत्तर स्तर पर भी वर्ष 2023-25 सत्र का 4 सेमेस्टर बाकी, 2024-26 सत्र का अब तक एक भी परीक्षा नहीं ली गई।

### एबीवीपी ने विवि प्रशासन को दी चेतावनी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कहा कि सत्र में देर होने से छात्रों में व्यापक असंतोष है। परिषद ने विश्वविद्यालय प्रशासन को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आगामी एक महीने के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन छात्र हित में निर्णायक आंदोलन के लिए बाध्य होगा। रांची महानगर मंत्री तुषार दुबे ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय की कार्यशैली छात्रों के भविष्य के साथ खुला मज़ाक बन चुकी है। विश्वविद्यालय में न तो कोई ठोस शैक्षणिक कैलेंडर है और न ही परीक्षा आयोजन को लेकर कोई पारदर्शी या जवाबदेह प्रणाली। इस लापरवाही का सबसे बड़ा खामियाजा छात्र भुगत रहे हैं, जिनकी पढ़ाई अधर में है और आगे की योजनाएं पूरी तरह से बाधित हो चुकी हैं।




### रांची विश्वविद्यालय जल्द ले परीक्षा : हर्ष राज

हर्ष राज ने कहा कि यदि आवश्यकता पड़ी तो आंदोलन रांची विश्वविद्यालय मुख्यालय से लेकर राज्य सरकार के शिक्षा मंत्रालय तक किया जाएगा। यह उन हजारों विद्यार्थियों की आवाज है, जिनकी पढ़ाई और भविष्य को विश्वविद्यालय की नीतिगत सुस्ती ने बंधक बना दिया है। परिषद ने कुलपति से आग्रह किया कि वे शीघ्र हस्तक्षेप कर एक स्पष्ट रोडमैप के तहत विश्वविद्यालय की अकादमिक गतिविधियों को नियमित करें।

### सत्र को पूरा कराना और परीक्षाओं को नियमित कराना हमारी प्राथमिकता : वीसी

रांची विश्वविद्यालय के वीसी डॉ डीके सिंह ने कहा कि पहले के सभी पेंडिग सत्र को पूरा करवाना और परीक्षाओं को करवाना ही उनकी प्राथमिकता है जिस पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रबंधन प्रयासरत है कि विद्यार्थियों के भविष्य को बेहतर बनाया जा सके।

### पेंशन दरबार सह सेवानिवृति विदाई सम्मान समारोह का आयोजन

# अपनी प्रतिभा व अनुभव से नई उपलब्धियों को हासिल करें: डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**


● सेवानिवृत सात शिक्षकों को मोमेंटो व शॉल ओढ़ा कर किया गया सम्मानित

उपायुक्तमंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में मंगलवार को पेंशन दरबार-सह-सेवा निवृति विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने सेवानिवृत हुए कुल 07 शिक्षकों को मोमेंटो, शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया। जानकारी हो की जिला का यह कार्यक्रम जिसमें सेवानिवृत हो रहे शिक्षकों को उनके सेवानिवृत्ति के ही दिन सेवानिवृत्ति के सारे लाभ दे दिए गए।सेवा निवृत्ति होने वाले शिक्षकों में शबनम सबा, इंदु कुजूर, सुकरा उरांव, आभा मिंज, शकील अहमद, विजय कुमार एक्का, अनिल कुमार लाल शामिल हैं। उपायुक्त ने इस आयोजन में सभी सेवानिवृत हो रहे शिक्षकों से कहा की सेवानिवृत्ति के बाद आप सभी जीवन में एक नए स्टेज में जा रहे है। आप सभी को शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन की ओर से ढेर सारी शुभकामनाऐं। साथ ही उन्होंने कहा की आज सेवानिवृत्ति के ही दिन रिटायरमेंट बेनिफिट का सारा लाभ दिया जा रहा है, यह बहुत बड़ी बात है। साथ उन्होंने सभी सेवानिवृत शिक्षकों से विशेष रूप से कहा की शिक्षकों को प्रतिदिन शारीरिक व्यायाम करने तथा अपने आप को व्यस्त रखे। उपायुक्त महोदय ने इसके साथ सभी सेवानिवृत शिक्षकों को अपने निवास स्थान के आसपास के विद्यालयों में जाकर कक्षाएं लेना तथा जन चेतना केंद्र में जाकर व्यस्क अशिक्षितों को पढाने के लिए भी प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए आसपास के युवाओं को प्रोत्साहित करने को भी कहा। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज एवं कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

### डीसी ने समाहरणालय कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण, कहा

# प्रशासन की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी और जन-उन्मुख हो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री मंगलवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए में स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सूचना एवं जन संपर्क कार्यालय, विशिष्ट अनुभाजन कार्यालय, जिला आपूर्ति कार्यालय, भू-अर्जन कार्यालय, तथा जिला कल्याण कार्यालय, स्थापना कार्यालय, जिला नीलाम पत्र कार्यालय, अपर जिला दंडाधिकारी विधि- व्यवस्था कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह एवं जिला नजारत उप समाहर्ता डॉ. सुदेश कुमार, जिला जन संपर्क पदाधिकारी उर्वशी पाण्डेय उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों की कार्यप्रणाली, कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्य-निष्पादन की स्थिति, और परिसर की साफ-सफाई का गहन अवलोकन करते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

### परिसर को स्वच्छ, व्यवस्थित और नागरिकों के लिए सुगम बनाने का निर्देश

उपायुक्त ने समाहरणालय परिसर की स्वच्छता और व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने परिसर को स्वच्छ, व्यवस्थित और नागरिकों के लिए सुगम बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। उन्होंने समस्त कर्मचारियों को समय पर कार्यालय आने और जिला प्रशासन द्वारा प्रदान किए गए पहचान पत्र (आईकार्ड) अनिवार्य रूप से धारण करने का निर्देश दिया। यह कदम कार्यालयीन अनुशासन को बढ़ावा देने और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।



### जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने का निर्देश

उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान संबंधित पदाधिकारियों को कार्यालयों में कार्यकुशलता बढ़ाने, लंबित कार्यों को शीघ्र निपटाने, और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ उन्होंने जोर देकर कहा कि जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य आम जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करना है, और इसके लिए सभी कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करना होगा।

### प्रशासन की कार्यप्रणाली जन-उन्मुख हो

उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि समाहरणालय परिसर में स्वच्छता और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए नियमित रूप से निगरानी की जाए। उन्होंने कर्मचारियों से कार्यस्थल पर सकारात्मक और सहयोगात्मक वातावरण बनाए रखने का आह्वान किया, ताकि रांची जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी और जन-उन्मुख हो सके।

## 6 जुलाई तक होगी बारिश, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के अलग-अलग हिस्सों में इन दिनों झमाझम बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने 6 जुलाई तक रांची समेत कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। कई जगहों पर बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव का क्षेत्र अगले दो दिनों के दौरान ओडिशा के उत्तरी हिस्से और झारखंड से होते हुए गुजरेगा। इस दौरान अगले पांच दिनों तक झारखंड में अच्छी बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया गया है।

**बारिश के बाद गिरा तापमान :** लगातार बारिश होने के कारण राज्य का तापमान सामान्य से पांच डिग्री तक नीचे चल रहा है। सोमवार को रांची का अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गयों। वहीं, राज्य में सर्वाधिक अधिकतम गोड़ा का 32.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### इस बार कि बारिश तोड़ रही रिकॉर्ड

झारखंड में हो रही लगातार बारिश अब रिकॉर्ड तोड़ने लगी है। मौसम विभाग रांची के अनुसार, इस बार जून महीने में पूरे झारखंड में 348.9 मिमी बारिश हो चुकी है, जो कि पिछले 11 वर्षों में सबसे अधिक बारिश है। जून महीने के दौरान हुई बारिश सामान्य बारिश की तुलना में 84 फीसदी अधिक है। जबकि, जून महीने की सामान्य वर्षा पात 189.5 मिलीमीटर बारिश होने की है। पिछले 24 घंटे के दौरान मानसून सक्रिय रहा है। रांची स्थित कांके 70.4 मिमी, रामगढ़ में 69.6. बोकारो में 59.2. हजारीबाग 42.2 समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश हुई।

### नशीले पदार्थों के सेवन से बचें युवा : राजेश

**रांची।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन में मधुकम खादगढ़ा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डिप्टी एलएडीसी, राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी पीके उपाध्याय, पारवती देवी, सुरज कुमार वर्मा एवं अन्य उपस्थित थे।

एलएडीसी डिप्टी राजेश कुमार सिन्हा ने नालसा 10 स्कीम के तहत साथी, जागृति, आशा और डॉन स्कीम पर फोकस किए। उन्होंने कहा कि नालसा के द्वारा संचालित स्कीम साथी के तहत निराश्रित बच्चों को आश्रय दिलाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकार हर संभव प्रयास करेगा। उन्होंने डॉन अभियान के तहत नशा से दूर रहने को कहा और कहा कि नशा से धन की हानि होती है इसका शरीर पर व्यापक असर पड़ता है।



### कांके विधायक ने बारिश से हुए नुकसान को लेकर की बैठक

# राजस्व कर्मचारी पर की गई कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता



**पिठौरिया।** कांके प्रखंड कार्यालय के सभागार मे मंगलवार को कांके विधायक सुरेश बैठा ने प्रखंड के सभी पंचायत के मुखिया और प्रखंड -अंचल के कर्मियों के साथ बैठक की. मौके पर विधायक ने सभी जनप्रतिनिधियों को निर्देश देते हुवे कहा है कि, अपने अपने पंचायत मे बारिश के वजह से जो भी ग्रामीणों, किसानो को नुकसान हुवा है उसका आवेदन और फोटो ले कर तत्काल प्रखंड कार्यालय मे जमा करवाए. साथ ही अधिकारियो को भी निर्देश देते हुवे विधायक ने कहा कि प्रकृति आपदा से क्षेत्र मे जो भी नुकसान हुवा है उसका तत्काल सर्वे करे और रिपोर्ट जिला भेजे. विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास है कि अभी लगातार मुश्लधार बारिश होने के वजह से प्रकृति आपदा से नुकसान हुवा है उसका तत्काल पीड़ितों तक राहत पहुंचाया जाए. वहीँ विधायक को लगातार राजस्व कर्मचारी दुर्गेश मुंडा के कार्यों को ले कर शिकायत मिल रही थी. मौके पर विधायक ने कर्मचारी दुर्गेश मुंडा को बैठक मे तलब किया. दुर्गेश मुंडा से पूछताछ करने पर संतुष्ट जवाब नहीं मिलने पर विधायक ने राजस्व कर्मचारी पर कार्रवाई करते हुवे प्रभारी सीओ विजय कुमार को आदेश दिया कि, राजस्व कर्मचारी दुर्गेश मुंडा को तत्काल सभी हल्का से प्रभार मुक्त रखा जाए और राजस्व कर्मचारी विजय उरांव को तत्काल दुर्गेश मुंडा के जगह पर हल्का का प्रभार दिया जाए. वहीँ सभी अधिकारियो और कर्मियों को भी चेताते हुवे कहा कि सभी अपना कार्य ईमानदारी पुर्वक करे. शिकायत मिली तो बक्शे नहीं जाएंगे. बैठक मे मुख्य रूप से उप प्रमुख अंजय बैठा, सीआई चितरंजन टूटू, विधायक प्रतिनिधि अर्जुन मुंडा, सहित सभी पंचायत के मुखिया शामिल थे।

## एक परिवार, एक संकल्प : भगवद्गीता में एमए कर रहा है पूरा परिवार

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज रांची के बंगला विभाग के प्राध्यापक डॉ. बैद्यनाथ कुमार (एमए, बीएड, पीएचडी, डी.लिट) और इग्नू स्टडी सेंटर (0513) के समन्वयक, इन दिनों एक विशेष प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) द्वारा जून 2024 सत्र से शुरू किए गए एमए भगवद्गीता पाठ्यक्रम में डॉ. कुमार न केवल स्वयं नहीं बल्कि अपने पूरे परिवार के साथ सम्मिलित हुए हैं। डॉ. कुमार की पत्नी जो राजनीति शास्त्र में एमए हैं। उनकी पुत्री डॉ. बिदिशा, जो एक योग्य डेंटिस्ट होने के साथ-साथ मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ में भी एमए कर चुकी हैं और उनके पुत्र सोमनाथ कुमार जो आईआईटी मद्रास से गणित में एमएससी कर चुके हैं। सभी ने मिलकर इस पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष की परीक्षा दी। यह परीक्षा गोस्सनर कॉलेज परीक्षा केंद्र में आयोजित की गई, और मंगलवार को उनका अंतिम पेपर संपन्न हुआ। एक ही परिवार के सभी सदस्यों का साथ में उच्च शिक्षा में भाग लेना समाज के लिए एक प्रेरणादायक मिसाल है। बतौर समन्वयक, डॉ. कुमार अक्सर इग्नू के प्रमोशनल मीटिंग्स में इस अनुभव को साझा करते हैं और अन्य शिक्षार्थियों को भी आगे आने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

## कारगिल और ऑपरेशन सिंदूर की लड़ाई में भाग लेने वाले मेजर सेवानिवृत होकर लौटे



**बेड़ो।** करगिल और ऑपरेशन सिंदूर की लड़ाई लड़कर सेवानिवृत हुए बिहार रेजीमेंट के मेजर झारखंड गुमला के निवासी राम प्रसाद उरांव का बेड़ो में झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता मुन्ना बडाईक और समाजसेवी विश्वनाथ गोप के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा सेक्टर में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी और आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने वाले मेजर राम प्रसाद उरांव 25 साल तक सेना में रहने के बाद अन्ततः सेवानिवृत हुए। उन्होंने बेड़ो में अपने भव्य स्वागत से अभिभूत होकर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने पाकिस्तान के ड्रोन हमलों को न सिर्फ नाकाम किया बल्कि सेना के जवानों ने पाकिस्तान को करारी झटका देकर अपने देश के आन बान और शान को झुकने नहीं दिया। उन्होंने कारगिल युद्ध का संस्मरण भी सुनाया कहा कि पाकिस्तान हमारी भारतीय सेवा के आगे कुछ भी नहीं है। उसकी सभी कोशिशें हमेशा नाकाम होगी। उन्होंने अपना स्वागत करने के लिए बेडो.वासियों को धन्यवाद दिया। स्वागत करने वालों में मुन्ना बडाईक और विश्वनाथ गोप के साथ साथ कृषि वन के मालिक पंकज कुमार महतो, केश्वर प्रसाद महतो, नरेश सोनी सहित दर्जनों लोगों ने सेवानिवृत जवान का फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।

### डॉ बीपी केसरी की 92वीं जयंती मनाई गई

# रातू रोड फ्लाई ओवर का नामकरण डॉ बीपी केशरी के नाम पर हो : विधायक

### डॉ केशरी के सपनों को पूरा करना हम सबों का दायित्व : पद्मश्री मधु मंसूरी

नवीन मेल संवाददाता



**पिठोरिया।** झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता, वरिष्ठ इतिहासकार, पत्रकार, साहित्यकार और समाजसेवी डॉ बीपी केसरी की 92वीं जयंती समारोह पिठोरिया पंचायत सचिवालय में मनाई गई । दीप प्रज्ज्वलित कर और डॉ बीपी केशरी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मुख्य अतिथि कांके विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि रातू रोड फ्लाई ओवर का नामकरण झारखंड आंदोलनकारी डॉ बीपी केशरी के नाम पर होगा। मैं व्यक्तिगत स्तर पर केंद्र सरकार और राज्य सरकार को पत्र लिखकर मांग करूंगा। झारखंड के बौद्धिक अगुआ डॉ केशरी की लिखी पुस्तकें हम सब के लिए प्रेरणादाई हैं। हम सभी झारखंड वासियों को डॉ केशरी की बौद्धिक संपदा पर गर्व है। विशिष्ट अतिथि पद्मश्री मधु मंसूरी ने कहा कि डॉ केशरी के सपनों को पूरा करना हम सबों का दायित्व है। वे अपना प्रसिद्ध गीत गांव छोड़ब नाही गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूर्व मंत्री झारखंड सरकार रामचंद्र केशरी ने डॉ केशरी की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने की बात कही। वे उनको उचित माना सम्मान दिलाने के लिए हर मोर्चे पर साथ देने के लिए तैयार रहने की बात कही। मुख्य वक्ता डॉ कृष्ण प्रसाद साहू कलाधर ने कहा कि केशरी समाज के द्वारा डॉ बीपी केशरी अपना आदर्श बनाना सराहनीय है। डॉ केशरी जीवनपर्यंत झारखंड अलग निर्माण के साथ साहित्य-समिज की सेवा में लगे रहे। झारखंड के अलग राज्य के आंदोलन में वे प्रमुख नेता थे। वह "झारखंड समन्वयक समिति" के सदस्य थे राम दयाल मुंडा तथा बिनोद बिहारी महतो 1989 में जो झारखंड आंदोलन के विभिन्न हिस्सों के बीच समन्वय में सहायक था। अनिल केशरी ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ केशरी के द्वारा नागपुरी संस्थान की स्थापना की पिठोरिया गांव में की गई।समारोह में आगंतुक अतिथियों का स्वागत माला पहनाकर, अंगवस्त्र के साथ डॉक्टर बीपी केसरी के बारे में पुस्तक देकर की गई। इस पावन अवसर पर ब्लड डोनेशन कैंप और पौध-रोपण का विरोध कार्यक्रम भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ हरीश कुमार चौरसिया और धन्यवाद ज्ञापन प्रदीप कुमार केशरी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ सीमा केशरी, सुजीत केशरी, पंचस श्रवण गोप, मुखिया मुन्नी देवी, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ताओं और डॉ. केसरी के अनुयायी उपस्थित थे।

## चूरी परियोजना का मुख्य रास्ता कीचड़ में तब्दील, कारोबारियों को भारी परेशानी



**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया अंतर्गत चूरी परियोजना की भूमिगत कोयला खदान का मुख्य रास्ता इन दिनों कीचड़ से भरा हुआ है, जिससे रोजाना खदानकर्मियों और कोयला कारोबार से जुड़े लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह वही मुख्य मार्ग है, जो चूरी अंडरग्राउंड माइंस और कांटाघर तक जाता है, जहां रोड सेल के लिए कोयला ट्रकों का वजन किया जाता है। देश की सबसे पुरानी भूमिगत कोयला खदानों में शामिल चूरी माइंस सीसीएल का एकमात्र माइंस है जहां कंटीन्यूअस माइनर मशीन के जरिए कोयले का उत्पादन किया जाता है। ऐसे प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट का मुख्य रास्ता कीचड़ में सना होना प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है और यह सीसीएल के लिए एक बदनुमा दाग जैसा प्रतीत हो रहा है। मजदूर नेता कुलदीप कुमार ने इस स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कीचड़ से भरा यह मुख्य मार्ग प्रबंधन की घोर लापरवाही का परिणाम है।

## मंडल ने स्वच्छता पखवाड़ा पर दिया संदेश

रांची। अर्पिता महिला मंडल द्वारा अध्यक्ष प्रीति सिंह के कुशल नेतृत्व और निदेशकगणों के मार्गदर्शन में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जवाहर नगर कॉलोनी में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें क्लब परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की सफाई की गई। कार्यक्रम के दौरान कॉलोनी में कार्यरत श्रमिकों को सम्मानपूर्वक उपयोगी सामग्री वितरित की गई, जिनमें 30 छाते, 30 स्टील की पानी की बोतलें, 30 पीने के पानी की बोतलें तथा पौष्टिक भोजन के पैकेट शामिल थे। यह पहल न केवल श्रमिकों के प्रति सम्मान और सहयोग का प्रतीक रही, बल्कि स्वच्छता के प्रति जनमानस को जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित हुई।

## दिव्यांग निराश्रितों का हुआ स्वास्थ्य की जांच



**रांची।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम दिव्यांग आश्रम सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में रह रहे मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रित प्रभु जी एवं आश्रम में उनकी सेवा करने वाले सेवादारों को न्यूरो सर्जन डॉक्टर एचपी नारायण ने सबों को स्वास्थ्य की संपूर्ण जांच की। आवश्यकतानुसार सबों को निःशुल्क दवाइयां दी गई। मौके पर डॉ नारायण ने कहा कि 1 जुलाई को राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के रूप में मनाया जाता है। यह दिन महान चिकित्सक और भारत रत्न से सम्मानित डॉक्टर बिधान चंद्र रॉय की जयंती और पुण्यतिथि दोनों के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। वे पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री भी थे और चिकित्सा जगत में उनका योगदान अविस्मरणीय है। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने कहा कि डॉक्टर को धरती का भगवान का रूप कहा जाता है वे न केवल जीवन बचाते हैं।

### जनता दरबार के माध्यम से मिला विकलांग पेंशन

# गैरमजरुआ जमीन पर अवैध कब्जे की मापी करेगी जिलास्तरीय टीम

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** दस माइल तुपूदाना के रहने वाले छोटू महली... विकलांग हैं... आज जब वो समाहरणालय की सीढ़िया चढ़ रहे थे तो चेहरे पर मुस्कान थी और हाथों में फूलों का गुच्छा... उन्होंने उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची श्री मंजूनाथ भजन्त्री से मुलाकात की और उन्हें धन्यवाद दिया। दरअसल छोटू महली कई बार विकलांग पेंशन के लिए आवेदन समर्पित कर चुके थे, काम नहीं हुआ तो उन्होंने उपायुक्त के जनता दरबार में फरियाद लगायी थी। पेंशन स्वीकृत भी हुई और बैंक खाते में दो महीने की पेंशन राशि भी आ गयी। खुश छोटू महली ने समाहरणालय की सुसज्जा के लिए पौधे भी भेंट स्वरुप दिये। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री से बात करते हुए छोटू ने आवास दिलाने की भी फरियाद की। उपायुक्त द्वारा आश्वासन दिया गया कि उसे योजना का लाभ दिलवाया जायेगा। जनता दरबार में कांके अंचल के कामता मौजा में एक ही जमीन की रसीद दो व्यक्तियों के नाम से निर्गत किये जाने का मामला आया।



#### सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले फरियादियों को प्राथमिकता

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा जनता दरबार में सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले फरियादियों को प्राथमिकता देते हुए उनकी शिकायत पहले सुनी गयी। जनता दरबार में राजस्व, पेंशन, प्रमाण-पत्र, स्थानांतरण, भूमि पर अवैध क जा एवं बिक्री आदि से संबंधित शिकायतों को सुनते हुए उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर समाधान के निर्देश दिये गये। लोगों की समस्या सुनने साथ-साथ उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने बुजुर्ग एवं महिलाओं से सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजना का लाभ मिल रहा है या नहीं इसकी भी जानकारी ली गयी।

आवेदक द्वारा बताया गया कि खाता नंबर-4, प्लॉट नंबर- 112 एवं 81, रकबा-75 डिसिमल का निबंधन उनके नाम से है और 2025-26 तक ऑनलाइन रसीद भी निर्गत है और अब भू-माफिया की मिलीभगत से पंजी-2 में छेड़छाड़ करते हुए किसी और के नाम से ऑनलाइन रसीद निर्गत कर दी गयी। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच का आदेश दिया गया।

**गैरमजरुआ जमीन की मापी करेगी जिलास्तरीय टीम :** कांके अंचल अंतर्गत मौजा-रेण्डो में गैर मजरुआ जमीन में भू-माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से कब्जा करने की शिकायत की गयी।

### जर्जर सड़क पर धान रोपनी कर जताया गया आक्रोश

# गोला सड़क चौड़ीकरण के नाम पर करोड़ों का महाघोटाला : देवेंद्रनाथ

नवीन मेल संवाददाता



**सिल्ली।** झमाझम बारिश के साथ सरकार की कई विकास की पोल खुलते जा रही हैं। आज कुछ ऐसा ही दृश्य सिल्ली में देखने को मिला। बिच सड़क में धान रोपनी आंदोलन कार्यक्रम किया गया। "झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा" के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने सड़क पर विस्थापित रैयत व ग्रामीणों के साथ सड़क पर धान रोपनी कार्यक्रम चलाया। सिल्ली से गोला तक होने वाली सड़क चौड़ीकरण में लापरवाही देखने को मिल रही है। बीच सड़क पर घुटनों तक पानी लबालब भर आया है। तालाब की स्थिति बन गई है। यात्रियों का आवागमन ठप है। ग्रामीणों को स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाना भी दुसवार हो गया है। आज घटनास्थल पर देवेंद्रनाथ महतो ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण के नाम पर महा घोटाला हो रहा है। सरकार के संरक्षण में रोड कंस्ट्रक्शन भारत वाणिज्य कंपनी अपनी मनमानी पर उतर आया है। नियमों का सरेआम उलंघन किया गया है। भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2023 का सरेआम उलंघन किया जा रहा है, हमलोग के आंदोलन के परिणामस्वरूप कुछ दिन पूर्व आम सभा हुई और भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2023 के धारा 11 नोटिफिकेशन जारी किया गया है, अभी भी धारा 19, धारा 21, धारा 37 का पालन नहीं किया गया है, सरकार के भू - अर्जन विभाग द्वारा भूमि का पोजिशन करके पथ निर्माण विभाग को समर्पित ही नहीं किया है तो आखिर कैसे खतियानी रैयतों के जमीन पर रोड चौड़ीकरण कार्य किया जा रहा है? इसके साथ ही श्री महतो ने सरकारी व्यवस्था पर उंगली उठाते हुए कहा कि इसकी लिखित पूर्व शिकायत हमने कई विभागीय अधिकारियों को दिया है। दिनांक 11अप्रैल 2025 को पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव से मुलाकात कर विस्तृत जानकारी दिया था 10 अप्रैल को कार्य स्थल में आंदोलन भी हो चुका है । फिर भी नियम का उलंघन करते हुए कंपनी जबरन कार्य कर रही है। जिसके दुष्परिणाम आस पास ग्रामीण का हाट बाजार, स्कूल, हॉस्पिटल आवागमन बाधित हो गया। मौके पर आंदोलन स्थल से देवेंद्र नाथ स्टेट हाइवे ऑथॉरिटी ऑफ झारखंड के टेक्निकल हेड, कार्यपालक अभियंता, सिल्ली सीओ से टेलीफोनिक वार्ता किया और तत्काल समस्या का समाधान का मांग किया है।

## जमीन मापी को लेकर ग्रामीण व पुलिस में हुई झड़प



**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र के खखरा गांव में रैयती जमीन को अंचल कार्यालय बुढ़मू द्वारा मापी कराने को लेकर हुए ग्रामीणों व पुलिस के बीच मंगलवार को झड़प हो गई। मौके पर हुई मारपीट में ठाकुरगांव थाना के जमादार सुरेश दास समेत कुछ ग्रामीणों को भी चोटें आई है। वहीं अंचल अमीन के साथ भी नोकझोक की गई। घटनास्थल में लगभग तीन घन्टा तक माहौल तनावपूर्ण रहा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिये कई थानों की पुलिस को भी बुला लिया गया था। जानकारी के अनुसार खखरा गांव के खाता संख्या 3 व पलॉट नम्बर 56 व 144 जमीन में वर्ष 1965 से खरीदगी के बाद कब्जा में है। उक्त जमीन को रांची के एक व्यक्ति के आवेदन के आधार पर मापी कराने का नोटिस अंचल कार्यालय द्वारा दिया गया था। मंगलवार को अंचल अमीन द्वारा जैसे ही मापी शुरू किया गया इसी बीच गांव के सैंकड़ों महिला पुरुष जमीन में आकर मापी का विरोध करने लगे। मापी जारी रहने पर ग्रामीण व विधि व्यवस्था बनाये रखने पहुँची पुलिस के भी झड़प के बाद मारपीट हो गई। घटना के बाद गांव के दर्जनों ग्रामीण प्रखंड सह अंचल कार्यालय बुढ़मू का घेराव भी किया। मौके पर ग्रामीणों ने प्रशासन के विरुद्ध प्रखंड के मेन गेट में जमकर नारेबाजी भी किया। इसके बाद ग्रामीणों ने प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण मुंडा,अंचल निरीक्षक सुनील सिंह व राजस्व कर्मचारी राजेश रविदास को ज्ञापन सौंपकर मामले का जांच करने व अवैध जमाबंदी हटाने का ज्ञापन सौंपा। मामले पर सीओ सचिदानंद वर्मा ने कहा कि उक्त जमीन का ऑनलाइन मापी का आवेदन मिला था। उक्त आवेदन के आलोक में मापी का आदेश निर्गत किया गया था। ग्रामीणों के द्वारा मिले आवेदन पर जांच किया जाएगा। वहीं ठाकुरगांव थाना प्रभारी विनित कुमार ने कहा कि मापी में विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस टीम को भेजा गया था। विधि व्यवस्था खराब करने वालों व मारपीट करने वालों पर कार्रवाई किया जायगा

## न्यूज बॉक्स

### सुधीर अग्रवाल के आकस्मिक निधन से समाज को अपूरणीय क्षतिः संजय सर्राफ



रांची। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन लोहरदगा जिला के महामंत्री सह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गुमला विभाग के संपर्क प्रमुख समाजसेवी सुधीर अग्रवाल के आकस्मिक निधन हो गया है। झारखंड प्रांतीय अग्रवाल सम्मेलन के पूर्व प्रांतीय प्रवक्ता सह लोहरदगा जिला प्रभारी संजय सर्राफ ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि सुधीर अग्रवाल एक कर्मठ, सरल, मिलनसार, हंसमुख तथा एक विनम्र और उदार व्यक्तित्व के धनी थे। वे मृदुभाषी स्पष्टवादिता तथा धार्मिक व्यक्तित्व वाले व्यक्ति थे। उन्होंने समाज में एकता, संस्कृति और परंपराओं को बनाए रखने के हमेशा तत्परता से कार्य करते थे। उनके अचानक निधन से सभी स्तब्ध है। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है।

### मुरी रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने विफोटक पदार्थों की जांच का चलाया अभियान



**सिल्ली।** डॉगी स्क्वाड मुरी के सहयोग से आरपीएफ पोस्ट मुरी द्वारा आरपीएफ डीएससी पवन कुमार के निर्देशानुसार मुरी रेलवे स्टेशन पर विस्फोटक पदार्थों की जाँच तथा विध्वंस विरोधी उपायों के अंतर्गत एक विशेष सघन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 1, 2 और 3 पर यात्रियों के सामान, बैग, स्टेशन परिसर में स्थित कूड़ेदान, मुख्य प्रवेश द्वार, स्टेशन के प्रवेश क्षेत्र तथा पार्किंग में खड़े सभी वाहनों की सघन जाँच की गई। इसके अलावा ट्रेन संख्या 20897, 13404 तथा 18624 एक्सप्रेस का भी मुरी स्टेशन पर विधिवत निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई।

### मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**चान्हो।** थाना परिसर में आज मुहर्रम पर्व को लेकर मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता थाना प्रभारी चन्दन कुमार गुप्ता ने की। थाना प्रभारी चन्दन कुमार गुप्ता ने कहा कि मुहर्रम एक आस्था और श्रद्धा का पर्व है। इसे शांति, भाईचारे और नियमों के साथ मनाया जाए। किसी भी प्रकार की अफवाह, अफरा-तफरी या कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जो निर्णय लिए गए वो जुलूस और मेला के लिए प्रशासनिक अनुमति अनिवार्य। तेज आवाज़ वाले DJ, भड़काऊ गानों और नारेबाज़ी पर पूर्ण प्रतिबंध। सभी जुलूसों को रात 10 बजे तक समाप्त करना अनिवार्य। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट या अफवाह फैलाने पर कार्रवाई की जाएगी।साथ ही अखाड़ा धारियों को विशेष सुविधाएँ दी जाएंगी।जैसे मेडिकल टीम और एंबुलेंस की व्यवस्था मेले के दौरान रहेगी, ताकि किसी भी इमरजेंसी में तुरंत उपचार हो सके। पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है ताकि किसी को परेशानी न हो।

### गैंग रेप के दो दोषियों को 20 साल की सजा, जुर्माना भी लगा 25 हजार

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची के अपर न्यायायुक्त (15) अमित शेखर की अदालत ने 7 साल पुराने गैंग रेप मामले में दोषी करार अभियुक्त बिहार के औरंगाबाद निवासी लाला सिंह उर्फ ललन(64) एवं सुखदेव नगर थाना क्षेत्र निवासी रॉकी राम(29) को 20 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर दोनों को अतिरिक्त एक साल जेल काटनी होगी। अदालत ने दोनों को उक्त आरोप में 24 जून को दोषी ठहराया था। दोनों ने घटना का अंजाम 10 फरवरी 2018 को खादगढ़ा बस स्टैंड स्थित चुनवा टोली में दिया था। जब पीड़िता काम करके रात्रि 10 बजे घर लौट रही थी। उसी दौरान दोनों ने मिलकर महिला को जबरदस्ती खींचकर चुनवा टोली ले गया और घटना का अंजाम दिया। घटना को लेकर पीड़ित महिला ने लोअर बाजार थाना में दोनों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। लोअर बाजार पुलिस ने दोनों को 11 फरवरी 2018 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तब से लगातार जेल में ही है। छोड़ना समाज के लिए खतरा है।

### गैर आदिवासी एकता मंच का हुआ गठन

**सिल्ली।** झारखंड राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों में निवासरत गैर आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकार प्राप्त करने के लिए सभी गैर आदिवासी समाज के सामाजिक संगठनों, समाजसेवियों एवं बुद्धिजीवियों के प्रयास एवं सामुहिक नेतृत्व में "गैर आदिवासी एकता मंच" का गठन किया गया है, जिसमें लालचन महतो (सिल्ली), अरुण कश्यप(तमाड़), उपेन्द्र नारायण सिंह(रांची), दिलिप सोनी (रांची), अब्दुल खालिद (रांची), जयसिंह यादव (रांची), कैलाशयादव (धुर्वा), सागर कुमार (रांची), राजेश गुप्ता(रांची), सन्तोष सोनी (रांची), धर्मेन्दर महतो(धुर्वा), डाक्टर धनेश्वर महतो (नगड़ी), मोहम्मद ओबैदुल्लाह (सिठियो), डाक्टर रामप्रवेश सिंह (रांची), सुरेन कालिन्द(रांची), अधिवक्ता राजकुमार साहू वड़ेया (कांके),अधिवक्ता कालिपद महतो(रांची), महावीर महतो(टाटीसिलवे), महेश्वर चौधरी (मेसरा), राधेश्याम साहु (सिल्ली), महेश साहु (चान्हो), राजकिशोर मेहता दुलमी (राहे), महादेव महतो तेतला (सोनाहातु), सोहजा लोहरा (सिल्ली), अर्जुन महतो (कांके), खिरोधर महतो (बुढ़मू), सृष्टीधर प्रजापति (बन्ता) सिल्ली, पंचानन ठाकुर (चुटिया) रांची, राजु महतो (बुन्डू) इत्यादि साथियों को नामित किया गया। उक्त जानकारी लालचन महतो ने दी।

### 160 वां श्री हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 160 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। नासे रोग हरे सब पीड़ा जपत निरंतर हनुमत बीरा के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मनोज अग्रवाल व सुनीता अग्रवाल ने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा, गुड़, चना, फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। मनोज अग्रवाल ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत व ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया।

# सड़क हादसे में महिला और बाइक सवार घायल, दोनों हजारीबाग रेफर

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** धनबाद रोड पर मंगलवार सुबह एक सड़क हादसे में एक महिला और बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा बीएसएनएल एक्सचेंज के सामने हुआ, जहां तेज रफ्तार बाइक ने सड़क पार कर रही महिला को जोरदार टक्कर मार दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल महिला की पहचान कुंती देवी पति खेमलाल भगत कोनरा निवासी के रूप में हुई है। वहीं बाइक सवार युवक की पहचान शिवम कुमार पिता कृष्णा कुमार पडरिया मलकोको निवासी के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक की रफ्तार काफी तेज थी, जिस कारण चालक ने नियंत्रण खो दिया और यह दुर्घटना घट गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला और बाइक सवार दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इधर सूचना पाकर बरही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि दोनों को सिर, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।

# राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर होम्योपैथिक चिकित्सकों को किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस के अवसर पर दी होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की जिला इकाई द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन जिलाध्यक्ष डॉ. गणेश शंकर के आवासीय परिसर विष्णुपुरी में किया गया। मौके पर बड़ी संख्या में होम्योपैथिक चिकित्सक उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत चिकित्सकों द्वारा केक काटकर किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर समारोह का उद्घाटन किया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष डॉ. गणेश शंकर ने कहा कि चिकित्सक समाज में स्वास्थ्य के प्रहरी हैं। कार्यक्रम को सचिव डॉ आनंद शाही, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. विनोद कुमार, प्रवक्ता डॉ. ज्ञानेंदु जयपुरियार, डा अभिलाषा, डा रंजना और डा स्नेहाशु साहा सहित अन्य डाक्टरों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित चिकित्सकों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. गणेश शंकर, डॉ. अजित कुमार, डॉ. अनिल, डॉ. अभिलाषा, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. अभय कुमार सिन्हा, डॉ. निवेदिता, डॉ. जयप्रकाश, डॉ. रंजीत कुमार दांगी, डॉ. इंदु रानी, डॉ. नवेंदु शंकर, डॉ. स्नेहाशु साहा, डॉ. जोशी कुमार, डॉ. सुरेंद्र कुमार राय, डॉ. ललिता समेत अन्य कई चिकित्सक शामिल रहे।

# न्यूज बॉक्स

## लड़की को छेड़ना मनचले को पड़ गया भारी, पहुंचा थाने



**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के नईसराय में एक मनचले को नाबालिक लड़की के साथ छेड़खानी करना भारी पड़ गया। उसकी इन हरकतों से न सिर्फ स्थानीय लोगों ने उसकी पिटाई की बल्कि वह हवालात की हवा भी खाने खाने पहुंच गया। रामगढ़ थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि नईसराय में एक स्कूल की छात्रा के साथ उसके पड़ोस का ही युवक पियूष छेड़खानी करता था। स्कूल से आते-जाते वक्त अक्सर वह उसपर टिप्पणी करता था और छेड़छाड़ करता था। इस हरकत से परेशान होकर वह लड़की अपने घर में दुबक चुकी थी। पीयूष ने अपनी हरकतों को यहीं तक सीमित नहीं रखा। उसने किसी तरीके से लड़की के घर का नंबर जुगाड़ किया और उसे पर लगातार फोन करने लगा। लड़की और उसके परिजनों ने पीयूष को कई बार मना किया, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं था। सोमवार की रात पीयूष उस लड़की के घर के बाहर पहुंचा और उसे लगातार फोन करने लगा। स्थानीय लोगों ने उसकी इस हरकत को देखा तो आक्रोशित हो गए। लोगों ने उसे पकड़ा और इसकी खबर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उस युवक को हिरासत में लिया और थाने ले आई। पीड़िता के परिजनों ने इस मामले में थाने में आवेदन दिया है, पुलिस उस आधार पर कार्रवाई कर रही है।

## कबड्डी व खो खो प्रतियोगिता में विद्या मंदिर के भैया बहनों ने लहराया परचम



**हजारीबाग।** सरस्वती विद्या मंदिर नरगाकोठी भागलपुर में आयोजित क्षेत्रीय समूह खेल कूद समारोह में हजारीबाग विद्या मंदिर कुम्हारटोली के भैया बहनों ने लहराया परचम। खो खो प्रतियोगिता में बाल वर्ग बहन तथा तरुण वर्ग की बहनों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा कबड्डी प्रतियोगिता में तरुण वर्ग की बहनों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।तरुण वर्ग के भैया ने भी खो खो में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आज वंदना स्थल पर उक्त भैया बहनों को सम्मानित करते हुए प्रधानाचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने कहा खेल कूद आज हमारे विकास में अहम योगदान रखता है। साथ ही उन्हें अखिल भारतीय खेल कूद जो हापुड़ उत्तर प्रदेश में आयोजित है जाने के लिए अशेष शुभकामनाएं प्रेषित की।

## सड़क दुर्घटना में बाईक सवार व महिला घायल, रेफर

**बरही।** मंगलवार की सुबह करीब 7 बजे तेज रफ्तार से आ रही बाईक ने ओल्ड जीटी रोड स्थित फॉरेस्ट कॉलोनी के समीप एक महिला को अपने चपेट में ले लिया. इस दौरान महिला और बाईक सवार दोनो बुरी तरह घायल हो गए. जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया. जिनका प्राथमिक ईलाज के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार की सुबह की है. बाईक सवार सुनील यादव पड़ीरमा कारीमाटी से बरही बाजार जा रहा था. जिस पर उसकी पत्नी बैठी थी. दूसरी घायल महिला सरिता देवी टेलीफोन एक्सचेंज के समीप की रहने वाली बताई गई है. स्थानीय लोगों ने दुर्घटना का मुख्य कारण पानी बताया है.

## इनरव्हील क्लब ने डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों को किया गया सम्मानित



**रामगढ़।** इनरव्हील क्लब रामगढ़ ने 1 जुलाई को डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में रामगढ़ के प्रतिष्ठित चिकित्सक हृदय और मधुमेह विशेषज्ञ डॉ के चंद्रा हृदय और हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ मानस चंद्रा को कार्यक्रम का आयोजन कर सम्मानित कियाा। यह कार्यक्रम इन चिकित्सकों के प्रति आभार और सम्मान प्रकट करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। क्लब की अध्यक्षा नमिता श्रॉफ ने बताया कि डॉक्टर समाज के ऐसे स्तंभ है जो निःस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करते हैं। ऐसे डॉक्टरों को सम्मानित करना हमारा कर्तव्य ही नहीं बल्कि हमारे लिए गर्व की बात है।इस मौके पर क्लब की अध्यक्षा नमिता श्रॉफ, सचिव जेनीषा वड़ेरा, कोषाध्यक्ष मेघा बगड़िया, क्लब संपादक नीरू साहनी, अनुराधा श्रॉफ, रंजू अरोड़ा, पिंकी पोद्दार, नम्रता जैन, जसमीत सोनी, मनबीर कौर, विजयलक्ष्मी अयंगर, जसप्रीत कौर, नवलजीत कौर,रेनू मेवाड़ आदि उपस्थित थे।

## हजारीबाग डेंटल हॉस्पिटल में केक काटकर मना राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

**हजारीबाग।** डेमोटांड स्थित हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल में दिन मंगलवार को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास, प्राचार्य डॉ के श्रीकृष्ण, उप प्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव एवं एचसीडीएसएच के सभी विभागाध्यक्ष और संकाय सदस्यों ने संयुक्त रूप से केक काटकर किया। इसके बाद सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने समस्त डॉक्टर्स को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी। वहीं डॉक्टर्स का चिकित्सा कार्यबल का हौसला अफ़ज़ाई कर उनके बेहतर कार्य को लेकर सरहाना किया। सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने चिकित्सकों को संबोधित कर कहा कि आज का दिवस भारत के महान चिकित्सक विधानचंद्र राय का जन्म के अवसर पर मनाया जाता है। हमें डॉ. बिधान चंद्र रॉय से प्रेरणा लेनी चाहिए जो एक सक्षम डॉक्टर और प्रशासक थे। उन्होंने कहा कि इस दिवस का उद्देश्य चिकित्सा क्षेत्र में डॉक्टरों के अमूल्य योगदान के प्रति सम्मान जाहिर करना है। वैसे तो पहले से डॉक्टर्स को जीवनदाता की संज्ञा दी गई है।

## 5 गांव के 180 महिलाओं के बीच खरीफ फसल का बीज वितरित

**बरही।** भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र की ओर से अनुसूचित जाति उप परियोजना अंतर्गत कृषि बीज वितरित किया जा रहे हैं. इसी क्रम में मलकोको पंचायत के 5 गांव के 180 महिला किसानों के बीच धान, मक्का व स जी कीट वितरित किए गए. वितरण कार्यक्रम नोडल पदाधिकारी डॉ कृष्ण प्रकाश की निगरानी में हुई. इस अवसर पर डॉ प्रकाश ने किसानों को बीज लगाने की विधि की भी जानकारी दिया. उन्होंने बताया कि यह उन्नत किस्म का बीज है जो कम खर्चे में ज्यादा पैदावार करते हैं. खरीफ फसलों के कई लाभ हैं, जिनमें मुख्य रुप से खाद्य सुरक्षा, रोजगार सृजन, और पशुधन के लिए चारे की उपलब्धता शामिल हैं. ये फसलें भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं.

## शिलाडीह में इंटरनेट स्पीड 2जी से भी बदतर

# लोगों ने कहा- नहीं सुधरा तो बदलेंगे कंपनी




**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बंडासिंगा मोड़ में और शिलाडीह में जिओ नेटवर्क की बेहद खराब स्थिति से उपभोक्ता काफी परेशान हैं। बीते कई दिनों से मोबाइल नेटवर्क इतना कमजोर बना हुआ है कि इंटरनेट की स्पीड 2जी से भी धीमी हो गई है। कॉल ड्रॉप और धीमी इंटरनेट सेवा ने लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों पर असर डाल दिया है। स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि वे हर महीने नियमित रूप से महंगे रिचार्ज कराते हैं ताकि उन्हें बेहतर नेटवर्क और तेज इंटरनेट की सुविधा मिल सके। लेकिन हकीकत में न तो कॉल ठीक से लग रही है और न ही इंटरनेट चल पा रहा है। ग्रामीणों ने जिओ कंपनी से जल्द से जल्द नेटवर्क सुधारने की मांग की है। वहीं, कुछ उपभोक्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो वे एयरटेल या किसी अन्य कंपनी में पोर्ट कराने को मजबूर होंगे।

# बरही में मनाया गया राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

**बरही।** हर साल 1 जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है. जो डॉक्टरों के त्याग, समर्पण और ईश्वर के दूसरे स्वरूप के प्रति सम्मान को दर्शाता है. इसका मुख्य उद्देश्य डॉक्टरों को काम के लिए आजादी, आवश्यक सुविधाएं मुहैया के साथ उनके काम को आसान बनाने की कोशिश करना है. भारत सरकार ने पहला राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस वर्ष 1991 में मनाया. जो 1 जुलाई, 1882 में जन्मे चिकित्सा के क्षेत्र में महत्ती योगदान देने वाले प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. बिधान चंद्र रॉय को दिया गया सम्मान है. डॉ. रॉय पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री भी थे, जिन्हे भारत रत्न से नवाजा गया था. यह एक महज संयोग था कि 1 जुलाई 1962 के दिन डॉ. ब रॉय का निधन भी हुआ था. यह दिन हम सभी उस महान कर्तव्यनिष्ठित योद्धा को याद करते हैं जो कोविड़ जैसे संक्रमण के दौर में भी सब कुछ त्याग कर अपना जीवन परमार्थ में लगा दिया. वास्तव में धन्य है ऐसे निष्ठित और जनसमर्पित कर्मयोद्धा. पर हाल की हुए घटनाओं में चिकित्सकों के साथ हुए दुर्व्यवहार को इस सम्मान पर ठेस पहुंचाया है. चिकित्सकों के साथ बदसलूकी या बदतमीजी किसी भी दृष्टि से उचित नही है.

# बरकट्ठा के कई गांव में किसानों को मुफ्त बीज व किट का वितरण



**बरकट्ठा।** प्रखंड के शिलाडीह, गोरहर, बाराडीह, चामुदोहर, खरियो सहित अन्य गांवों में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, गोरिया करमा के सहयोग से मानव विकास संस्था द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के किसानों के बीच निशुल्क बीज किट (धान, मकई एवं सब्जी बीज) का वितरण किया गया। इस अवसर पर लाभान्वित किसानों ने हर्ष जताते हुए बताया कि वर्तमान समय में बाजार में बीजों की कीमत काफी अधिक है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर किसान उन्हें खरीदने में असमर्थ रहते हैं। ऐसे में यह पहल उनके लिए बड़ी राहत लेकर आई है। किसानों ने मानव विकास संस्था एवं भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया और इसे खेती की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया।

## ग्रामीणों ने पीसीसी पथ निर्माण को लेकर उपायुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन

# उपायुक्त ने ग्रामीणों को दिया आश्वान,कहा-होगी कार्रवाई



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के ग्राम सीरु के ग्रामीणों ने सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ व डीडीसी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने ढकनू ओहदार के घर से ओहदारी बारी तक पीसीसी पथ निर्माण की मांग की है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि उक्त पथ का निर्माण डीएमएफटी फंड से प्रारंभ हुआ था, लेकिन निर्माण कार्य अधूरा रह गया है। ग्रामीणों के मुताबिक वर्ष 2012 में मनरेगा योजना के तहत ढकनू ओहदार के घर से ओहदारी बारी तक मिट्टी मोरम मार्ग का निर्माण किया गया था, जो वर्तमान में गड्ढों व कीचड़ में तब्दील हो चुका है। ग्रामीणों ने कहा कि इसी मार्ग से वे सभी रोज़गार हेतु एवं श्मशान घाट तथा पत्थर खदान में मजदूरी काम करने के लिए आते-जाते हैं, जिससे उन्हें काफी कठिनाई होती है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से आग्रह किया है कि अधूरे पथ का शीघ्र निर्माण कराया जाए ताकि उन्हें सुगम यातायात एवं आवागमन की सुविधा मिल सके। उपायुक्त ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि शीघ्र लोगों को समस्याओं को हल किया जाएगा और जो रास्ता खराब है उसे पुनः बनाया जाएगा। मौके पर रोविन महतो, सुमित कुमार, सावित्री देवी, ममता देवी, रीना देवी, प्रियंका कुमारी, सुनीता देवी, कुंती देवी, बाला देवी, सुमित्रा देवी, देवंती देवी, चंद्रदीप कुमार,अटल कुमार, अनुज कुमार, सुमित महतो, सुरपति देवी,बबीता देवी, पिंकी कुमारी, राहुल ओहदार,सनोज कुमार आदि उपस्थित थे ।

## उपायुक्त का लगा जनता दरबार, एक दर्जन से अधिक फरियादियों ने लगाई गुहार

**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याएं सुनीं तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर लगभग एक दर्जन से अधिक फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए। प्रस्तुत समस्याओं में पेंशन, आवास, विद्युत समस्या, दाखिल खारिज, अवैध भूमि क जा, भूमि विवाद, ऑन लाईन रसीद, भमि अतिक्रमण, रास्त पर जलजमाव जैसी शिकायतें शामिल रहीं।

## व्यवहार न्यायालय परिसर में एटीएम व उप डाकघर का हुआ शुभारंभ

**हजारीबाग।** स्टेट बैंक आफ इंडिया के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला व्यवहार एवं सत्र न्यायालय परिसर में लोगों की सुविधा को लेकर एसबीआई एटीएम एवं उप डाकघर की शाखा खोली गई है। एसबीआई एटीएम और डाकघर की शाखा का उद्घाटन जिला प्रधान सत्र न्यायाधीश रंजीत कुमार ने मंगलवार को किया। मौके पर उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि न्यायालय परिसर में न्यायिक व अन्य कार्यों ।को लेकर बडी संख्या में लोगों का आना होता है। उन्हें नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से न्यायालय परिसर में सेवाओं का शुभारंभ किया किया गया है। अब डाकघर की स्थापना से दस्तावेजों की रजिस्ट्री, आवश्यक कागजातों का प्रेषण, बीमा सेवाएं एवं वित्तीय लेनदेन अब न्यायालय परिसर में ही सहज रूप से उपलब्ध हो पाएंगी। उद्घाटन समारोह में डाक अधीक्षक आशुतोष कुमार सिन्हा, एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक राजीव कुमार सिंह, न्यायाधीशगण, बैंक व डाक विभाग के अधिकारियों के अलावा बडी संख्या में अधिवक्ता एवं आम लोग उपस्थित थे।

# सांसद तीर्थ दर्शन यात्रा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने सरयू स्नान और श्रीराम मंदिर के किए दर्शन

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा संचालित सांसद तीर्थ दर्शन के प्रथम चरण की तीर्थयात्रा अपने दूसरे दिन अयोध्या नगरी में भावविभोर कर देने वाले अनुभवों के साथ आगे बढ़ा। कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत खपरियावां एवं नवादा पंचायत के खपरियावां, नवादा और बनहा गांव से शामिल 180 श्रद्धालुओं ने पवित्र सरयू नदी के निर्मल जल में आस्था की डुबकी लगाई और उसके पश्चात भव्य श्रीराम मंदिर के दर्शन कर आत्मिक आनंद की अनुभूति की। यह पल श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत भावुक, अलौकिक और जीवन का अविस्मरणीय अध्याय बन गया श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीरामलला के दर्शन करते हुए उनके श्रीचरणों में मत्था टेका और अपने साथ-साथ सांसद मनीष जायसवाल के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सतत जनसेवा के लिए प्रार्थना की। वहीं दूसरी ओर सांसद मनीष जायसवाल ने वीडियो कॉल के माध्यम से तीर्थयात्रियों से संवाद किया। सभी श्रद्धालु अत्यंत भावुक हो उठे और एक स्वर में उनका आभार प्रकट करते हुए कहा की सांसद जी, आपने हमें रामलला के दर्शन का जो सौभाग्य दिया है, वह जीवनभर नहीं भूल सकते। हम सबने प्रभु श्रीराम से आपके अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घ जीवन की कामना की है। सांसद ने तीर्थयात्रियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए कहा की तीर्थयात्रियों की संतुष्टि, आनंद और उनके द्वारा प्राप्त आशीर्वाद मेरे लिए सबसे बड़ा पूंजी है। यह यात्रा केवल तीर्थ नहीं, आत्मा से परमात्मा तक का संगम है।

## जिले में मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**रामगढ़।** जिले में जारी मूसलाधार बारिश का दौर मंगलवार को भी नही थमा और दिनभर बारिश होती रही। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जिले में लगातार रही मूसलाधार बारिश के कारण नदी-नाले लबालब भरे हुए हैं। जिस कारण जिला प्रशासन द्वारा लोगों ने नदियों के किनारे नही जाने की अपील की गई है। जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण रजरप्पा में दामोदर-भैरवी का जलस्तर पूरे उफान पर है। भैरवी नदी का पानी तो माता छिन्नमस्तिके मंदिर के आसपास तक पहुंच गया है। इस कारण मंदिर प्रबंधन समिति श्रद्धालुओं से नदी किनारे नही जाने की अपील कर रही है। भैरवी नदी के बाढ़ के कारण कई दुकान बह गए। इधर, लगातार हो रही तेज बारिश के कारण शहर के अलग अलग मुहल्लों के कई घरों में पानी घूस जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगातार हो रही बारिश के कारण जिले में कृषि कार्य में किसानो को परेशानी हो रही है।

## पैतृक आवास सहित तीस एकड़ भूमि विभावि को करेंगे दान पूर्व विधायक

# कैंपस विस्तार के लिए भूमि का निरीक्षण के लिए पदमा किला पहुंचे कुलपति

- विभावि का नए कैंपस महाराजा बहादुर कामख्या नारायण सिंह के नाम से होगा

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले को एजुकेशन हब बनाने के उददेश्य को लेकर पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह विनोबा भावे विश्वविद्यालय को अपने पैतृक आवास लक्ष्मी विलास पैलेस सहित तीस एकड भूमि का दान करेंगे। इस आशय की जानकारी पूर्व विधायक श्री सिंह व विभावि के कुलपति प्रो चंद्रभूषण शर्मा ने मंगलवार को लक्ष्मी निवास पैलेस में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। इससे पूर्व लक्ष्मी निवास पैलेस पहुंचने पर पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह ने कुलपति प्रो शमाZ का स्वागत किया। वहीं कहा कि वे उनके परिवार के लोगों की जनहित में कार्य करने की परंपरा को आगे बढाते हुए विभावि के कैंपस विस्तार को लेकर भूमि दान कर रहे हैं। हालांकि भूमि दान करने की प्रक्रिया राजा बहादुर कामख्या नारायण सिंह के जन्मदिवस आगामी 10 अगस्त को को पूरी करने की इच्छा श्री सिंह ने जताई। वहीं बताया कि विभावि का नए कैंपस महाराजा बहादुर कामख्या नारायण सिंह के नाम से होगा। इस मौके पर पूर्व विधायक ने कुलपति को पूरे किला गेस्ट हाउस एवं हवा महल,रानी तालाब के साथ किले के आस पास के भूभाग को दिखाया। साथ ही अपने पितामह के द्वारा संत विनोबा भावे के भूदान आंदोलन में जमीन दान देने एवं इनके द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी। वहीं कुलपति डॉ शर्मा ने पूर्व सदर विधायक श्री सिंह के इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा की वर्तमान समय में रोजगार परक शिक्षा की आवश्यकता बढ़ गई है।स्किल एवं वोकेशनल कोर्स के साथ स्थानीय लोगों की रुचि व्यवसाय रोजगार के मद्देनजर विनोबा भावे विश्वविद्यालय अंतर्गत महाराजा बहादुर कामख्या नारायण सिंह कैंपस को विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही कुलपति ने भव्य लक्ष्मी निवास पैलेस एवं विस्तृत भू भाग को बतौर शोध संस्थान विकसित करने की बात कही। वहीं कुलपति ने विश्वविद्यालय कैंपस विस्तार के लिए पैलेस में स्थित सरकारी भूमि की जानकारी भी ली। मौके पर विनोद कुशवाहा,संदीप सिंह,बद्री सिंह सहित कई ग्रामीण एवं कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डॉक्टर्स डे व चार्टर्ड एकाउंटेंट डे पर डॉक्टर्स एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट को किया गया सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़

रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ द्वारा मंगलवार को गांधी चौक स्थित रोटरी हॉल में डॉक्टर्स डे एवम चार्टर्ड अकाउंटेंट डे सेलिब्रेट किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद थी। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, संजय अग्रवाल,विजय कुमार, डॉ के चंद्रा ने सामूहिक रूप से किया दप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख् अतिथि डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने कहा हेल्थ इज वेल्थ। उन्होंने कहा कि डॉक्टर्स हर पल आपके साथ है, लोगों को अपने स्वास्थ्य की अत्यंत आवश्यक है। कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए स्वास्थ्य का बेहतर होना आवश्यक है। वहीं, विजय कुमार ने कहा कि रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ मानव सेवा के लिए हमेशा से तत्पर है। कहा कि क्लब ने पूर्व में भी अपना यह कार्य किया है ओर आनेवाले समय में भी क्लब इस कार्य को जारी रखेगा। कार्यक्रम का मंच संचालन पूर्व अध्यक्ष कमलेश्वर सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ द्वारा डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, डॉ मृत्युंजय ठाकुर,डॉ के चंद्रा, डॉ ए के बरेलिया, डॉ आलोक रतन चौधरी,डॉ वी के सिन्हा,डॉ रोशन झा,डॉ अभिषेक अग्रवाल,डॉ निधि बजाज,डॉ खुर्शीद हसन, डॉ जितेंद्र गुप्ता,डॉ अशोक चौधरी, डॉ केके सिंह, सी ए वर्षा गर्ग एवं सी ए आकाश अग्रवाल को सम्मनित किया गया।

## सिमडेगाः मुहर्रम पर्व 2025 को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

# मुहर्रम पर्व पर कड़ी होगी निगरानी, डीजे पर बैन, सीसीटीबी व ड्रोन से होगी निगरानी

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** मुहर्रम पर्व 2025 को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने को लेकर उपायुक्त कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, धार्मिक प्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।इस वर्ष मुहर्रम का पर्व दिनांक 06 जुलाई 2025 को सभी प्रखंडों में मनाया जाएगा। प्रखंड स्तर पर उसी दिन जुलूस निकाले जाएंगे। जबकि सिमडेगा शहरी क्षेत्र में घुरती रथ यात्रा होनेके कारण 07 जुलाई 2025 को सिमडेगा शहर मे जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया है। मोहर्रम कमेटी के अनुसार, 06 जुलाई को इस्लामपुर जमजम कंपलेक्स में शाम 8:00 बजे से रात 10:00 बजे तक खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 07 जुलाई को मुख्य जुलूस दोपहर 2:00 बजे मतरामेटा से, 4:00 बजे इस्लामपुर से, तथा शाम 8:00 बजे तक नीचेबाजार, गुलजार गली और महावीर चौक होते हुए इस्लामपुर जमजम कंपलेक्स पहुंचेगा, जहां रात 9:00 से 10:00 बजे तक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।बैठक में उपायुक्त ने जिले के सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि जुलूस केवल पूर्वनिर्धारित मार्गों से ही निकाले जाएं तथा समय का सख्ती से पालन हो। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने या भड़काऊ सामग्री पोस्ट करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। विशेषकर व्हाट्सएप एवं फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म्स पर वायरल हो रहे संदेशों की सतर्क निगरानी की जाएगी मुहर्रम के अवसर पर दिनांक 06 जुलाई को शाम 3:00 बजे से रात 10:00 बजे तक तथा 07 जुलाई को दोपहर 2:00 बजे से रात 10:00 बजे तक राष्ट्रीय उच्च पथ पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक रहेगी। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि कोई भी व्यक्ति या समूह यदि शांति भंग करने का प्रयास करता है तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। थानों को निर्देशित किया गया है कि वे स्थानीय स्तर पर शांति समितियों की बैठकें नियमित रूप से करें।उपायुक्त ने हिंदू एवं मुस्लिम समुदाय के प्रतिष्ठित, ईमानदार एवं सम्मानित व्यक्तियों की सूची उनके दूरभाष नंबरों सहित अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अखाड़ा आयोजकों एवं वालंटियरों की सूची, मोबाइल नंबरों के साथ संबंधित पदाधिकारियों को सौंपना अनिवार्य किया गया है। उन्हें परिचय पत्र जारी किए जाएंगे ताकि प्रशासनिक कार्यों में सुगमता रहे।पर्व के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा, साउंड सिस्टम, जनरेटर, प्रकाश व्यवस्था एवं दो नियंत्रण कक्ष वाहन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। 07 जुलाई को सभी शराब दुकानों को बंद रखने का आदेश दिया गया है।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ड्रोन्स एवं सीसीटीवी कैमरों की सहायता से जुलूस की निगरानी की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन से तुरंत संपर्क करें। प्रशासनिक एवं पुलिस टीम पूरी तरह सतर्क रहेगी और किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। डी जे नहीं बजाए जाएंगे वहीं साउंड सिस्टम न्यायालय के गाइड लाइन अनुसार ही बजेगा।झंडे की ऊंचाई पर सत्यापन करा लेंगे।जुलूस में चलंत एम्बुलेंस रहेगी, अग्निशमन वाहन भी रहेगी।यदि जुलूस में कोई बाहरी व्यक्ति या संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत प्रशासन को सूचित की जाय।बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने हेतु प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। जिला प्रशासन ने भी स्पष्ट किया कि मुहर्रम पर्व के सफल, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएंगी।इस दौरान मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

### एकलव्य विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर समिति की बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, गरजा, कुलमारा (बांसजोर) एवं सोगड़ा (पाकरटांड़) में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति हेतु जिला स्तरीय एकलव्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी, परियोजना निदेशक आईटीडीए-सह-कल्याण पदाधिकारी सरोज तिर्की, सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, सिमडेगा कॉलेज के प्रोफेसर देवराज प्रसाद (HOD, वाणिज्य) व डॉ. दीपक कुमार HOD, भूगोल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।बैठक में एकलव्य विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर करने हेतु पारदर्शी और निष्पक्ष प्रक्रिया से योग्य एवं अनुभवयुक्त अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि चयन प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता रहे और किसी भी प्रकार की लापरवाही या पक्षपात न हो। उन्होंने समयबद्ध चयन पर जोर देते हुए सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रक्रिया पूर्ण करने को कहा।परियोजना निदेशक श्रीमती तिर्की ने बताया कि कुल 158 आवेदनों में से स्क्रूटनी के बाद 95 आवेदन योग्य पाए गए, जबकि 3 आवेदन अस्वीकार कर दिए गए एवं 60 आवेदक सीटेट योग्य नहीं थे। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि योग्य अभ्यर्थियों की मेरिट सूची शीघ्र तैयार कर प्रकाशित की जाए तथा साक्षात्कार की तिथि तय कर उसे सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाए।

## खूंटीटोली के पास अंजनी यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त, सभी यात्री सुरक्षित

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खूंटीटोली के समीप मंगलवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। राउरकेला से रांची जा रही अंजनी नामक यात्री बस खूंटीटोली के पास स्थित विक्टर रेस्टोरेंट के समीप अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे पलट गई। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी भी यात्री को कोई गंभीर चोट नहीं आई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस काफी तेज गति में थी और बारिश के बीच सड़क पर अचानक एक कार चालक को बचाने के प्रयास में चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। बाद में उन्हें दूसरी बस के माध्यम से उनके गंतव्य तक भेज दिया गया।सूचना मिलते ही सिमडेगा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। वहीं बस एजेंट द्वारा जेसीबी व क्रेन मंगवाकर बस को सड़क पर सीधा करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के समय भारी बारिश हो रही थी, जिससे सड़क पर फिसलन थी।





### बिजली आपूर्ति बहाल करने की चेंबर ऑफ कॉमर्स ने की मांग

**सिमडेगा।** शहर के कई मोहल्लों में बिजली आपूर्ति बाधित हुई है। इसे जल्द बहाल करने की मांग सिमडेगा चेंबर ऑफ कॉमर्स के द्वारा की गई है। अध्यक्ष मोतीलाल अग्रवाल, दीपक रिंकू और उनकी टीम ने जिले के विभागीय अधिकारियों से आग्रह करते हुए कहा है कि शहर में निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति शुरू करवाने का काम किया जाए। उन्होंने कहा कि बिजली लगातार बाधित होने से कई व्यापार प्रभावित हो रहे हैं। जिससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि व्यापारी सरकार का एक महत्वपूर्ण अंग होता है। इसलिए व्यापारियों की सुविधा का ध्यान रखना भी सरकार और प्रशासन की जिम्मेवारी है। उन्होंने बताया कि सोमवार रात से ही प्रिंस चौक नीचे बाजार गाड़ीखाना में तकनीकी खराबी होने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित है।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ हेतु की चादरपोशी व दुआ

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** झामुमो के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को पार्टी के संरक्षक व झारखंड राज्य आंदोलन के प्रणेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना को लेकर कोलेबिरा थाना परिसर स्थित अनजान शाह पीर बाबा की मजार पर चादरपोशी कर दुआ मांगी। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय द्वारा नमाज अदा कर शांति, स्वास्थ्य और दीर्घायु की प्रार्थना की गई।झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा कि शिबू सोरेन न केवल आदिवासियों के बल्कि पूरे झारखंड के गौरव हैं। उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए सभी धर्मों और समुदायों के लोग प्रार्थना कर रहे हैं। झामुमो जिला सचिव सफिक खान ने कहा कि अल्पसंख्यकों के विकास में भी गुरुजी का अहम योगदान रहा है, इसलिए आज सभी समुदाय उनके लिए एकजुट होकर दुआ कर रहे हैं।इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, कोषाध्यक्ष राजेश टोप्पो, केंद्रीय समिति के सदस्य प्रफुल्ल डुंगडुंग, नूसरत खातून, नोवास केरकेट्टा, संजु डांग, सुनिल खेस, फिरोज अली, अनिल तिर्की, ओस्कर डांग, वकिल खान, नगर अध्यक्ष अनस आलम, पूर्व जिलाध्यक्ष किशोर डांग, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष फुलकुमारी समद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। वे किडनी संबंधी बीमारी से पहले से पीड़ित हैं और फिलहाल ब्रेन स्ट्रोक की चपेट में आकर दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन लगातार उनके स्वास्थ्य की निगरानी कर रहे हैं।



### कोलेबिरा देशी शराब दुकान का हैंडओवर-टेकओवर प्रक्रिया पूर्ण

**कोलेबिरा।** मंगलवार को कोलेबिरा स्थित शराब दुकान का हैंडओवर-टेकओवर की प्रक्रिया संपन्न हुई। यह कार्य उत्पाद अधीक्षक सिमडेगा शैलेन्द्र कुमार की निगरानी में अंचलाधिकारी सह मजिस्ट्रेट अनुप कच्छप, पुष्पांजलि कुजूर, बीटीएम कोलेबिरा, विभागीय ऑडिटर और संचालक मनोज केरकेट्टा की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान दुकान का भौतिक स्टॉक, बिक्री और जमा राशि का विधिवत सत्यापन किया गया। पूरी प्रक्रिया नियमानुसार वीडियोग्राफी के साथ संपन्न हुई।गौरतलब है कि 1 जुलाई से राज्य में शराब दुकानों की नई व्यवस्था लागू हो रही है। झारखंड स्टेट बेवरेजेस कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से दुकानों का संचालन अब नए मॉडल के तहत किया जाएगा। वर्तमान प्लेसमेंट एजेंसियों का कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो गया है, जिसके बाद चरणबद्ध तरीके से दुकानों का हैंडओवर-टेकओवर शुरू किया गया है।

## फरार आरोपी के घर चिपकाया गया इश्तिहार,ग्रामीणों के समक्ष की गई कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** महाबुआंग थाना क्षेत्र के ओल्हान गिरजाटोली गांव में व्यवहार न्यायालय गुमला द्वारा निर्गत इश्तिहार को एक फरार आरोपी के घर चिपकाया गया।यह कार्रवाई मंगलवार को कामडारा थाना और महाबुआंग थाना की टीम के द्वारा संयुक्त रूप से की गई।कामडारा थाना के एसआई महेश कुमार साव ने बताया कि कामडारा थाना कांड संख्या 02/17,धारा 302/201/34 भा०द०वि० के तहत दर्ज मामले में आरोपी राजू सुरिन,पिता दामोदर सुरिन उर्फ दाऊद सुरिन निवासी ओल्हान गिरजाटोली काफी समय से फरार है।आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर न्यायालय द्वारा इश्तिहार जारी किया गया था, जिसके आलोक में पुलिस ने ग्रामीणों की उपस्थिति में आरोपी के घर इश्तिहार चिपकाया। यह कदम आरोपी को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित करने और कानूनी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की दिशा में उठाया गया है।पुलिस ने बताया कि अगर आरोपी निर्धारित समय सीमा में न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं होता है,तो आगे कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।मौके पर कामडारा थाना के एस आई महेश कुमार साव,महाबुआंग थाना के एएसआई बिजेंद्र कुमार के सशस्त्र बल उपस्थित थे।

### एक जुलाई से शुरू होगा 90 दिवसीय मध्यस्थता अभियान

**सिमडेगा।** न्यायिक प्रक्रियाओं को सरल और त्वरित बनाने के उद्देश्य से एक जुलाई से मध्यस्थता अभियान की शुरुआत की जा रही है। यह 90 दिवसीय राष्ट्रव्यापी मध्यस्थता अभियान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार और झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर एक जुलाई से सात अक्टूबर तक संचालित होगा। इस अभियान के तहत सड़क दुर्घटना, वैवाहिक विवाद,घरेलू हिंसा, शेख बाउंस,वाणिज्यक विभाग, उपभोक्ता सेवा,ऋण वसूली जैसे मामलों का समाधान आपसी समझ के जरिए मध्यस्थता पद्धति से किया जाएगा। इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की बैठक प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने की। बैठक में सचिव मरियम हेमरोम ने बताया कि मध्यस्थता न्यायपालिका पर बोझ कम करने और आम लोगों को शीघ्र न्याय दिलाने का कारगर माध्यम है।

## ग्राम सभा में अनुपस्थित परिवारों पर 10 जुर्माना लगाने का निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखंड के ढेगुरपानी गांव में हक एवं अधिकारों की प्राप्ति हेतु कार्यरत लीड्स संस्था के सहयोग से आयोजित ग्राम सभा बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। ग्राम सभा ने सर्वसम्मति से तय किया कि बैठक में अनुपस्थित रहने वालों पर प्रति परिवार 10 का जुर्माना लगाया जाएगा। यह निर्णय ग्राम सभा की बैठकों में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने और गांव के समग्र विकास को गति देने के उद्देश्य से लिया गया है। जुर्माने से प्राप्त राशि ग्राम सभा के विकास कार्यों में खर्च की जाएगी।मंगलवार को आयोजित इस बैठक में लीड्स संस्था के परियोजना समन्वयक आलोक कुमार ने कहा कि इस निर्णय से ग्राम सभा की भागीदारी में निश्चित रूप से वृद्धि होगी। सदस्य अब बैठकों में सक्रिय रूप से हिस्सा लेंगे और विकास निर्णयों में अपनी भूमिका निभाएंगे।ग्राम सभा सशक्तिकरण के तहत लीड्स संस्था द्वारा गांव में आठ स्थायी समितियों का गठन किया गया है, जिन्हें प्रशिक्षण भी दिया गया है। सभी समितियों के पास अलग-अलग रजिस्टर और मोहर हैं। इनमें ग्राम शिक्षा समिति को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह समिति सप्ताह में एक बार स्कूल का निरीक्षण करेगी, बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करेगी और स्कूल से जुड़ी हर गतिविधि पर निगरानी रखेगी।

**मूसलधार बारिश** लगातार बारिश से कोलेबिरा में जनजीवन अस्त-व्यस्त, गली-मोहल्लों में जलजमाव

# पुलिया के ऊपर पानी बहने से आवागमन ठप

- नदी-नाले उफान पर, आसपास के इलाकों में जलभराव की गंभीर स्थिति

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलधार बारिश ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। गली-मोहल्लों में जलजमाव और कीचड़ की भरमार हो गई है, जिससे लोगों का घर से निकलना भी दूभर हो गया है। बारिश के कारण नदी-नाले पूरे उफान पर हैं और आसपास के इलाकों में जलभराव की स्थिति गंभीर होती जा रही है।मंगलवार दोपहर को हुई जोरदार बारिश के बाद कोलेबिरा कॉलेज के समीप स्थित पुलिया से पानी ऊपर से बहने लगा, जिससे कोलेबिरा-बानो मुख्य मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। पुलिया पर बहते पानी के कारण यात्रियों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई दुपहिया और चौपहिया वाहन बीच रास्ते में फंसे नजर आए।स्थिति की जानकारी मिलते ही कोलेबिरा पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और पुलिया के समीप लोगों की भीड़ को नियंत्रित करते हुए उन्हें तेज बहाव के बीच पुल पार करने से रोका गया। पुलिस प्रशासन की तत्परता से किसी बड़ी दुर्घटना की आशंकाY टल गई।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि पुलिया के निकासी मार्ग को जल्द दुरुस्त किया जाए ताकि बारिश के दौरान इस प्रकार की स्थिति से राहत मिल सके।



### लगातार बारिश से घर ढहा, प्रशासन से मदद की मांग

**बोलबा।** प्रखंड क्षेत्र के कुंदूरमुंडा बेलटोली गांव में लगातार हो रही बारिश के कारण ग्रामीण गुलशन सोरेंग का घर सोमवार को अचानक ढह गया। बारिश की तीव्रता इतनी अधिक थी कि कच्चा मकान धराशायी हो गया, जिससे घर पूरी तरह रहने लायक नहीं बचा। घटना में घर के अंदर रखा सारा अनाज व अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री भी बर्बाद हो गई।गुलशन सोरेंग ने प्रशासन से तत्काल सहायता की मांग की है ताकि वह अपने परिवार के साथ सुरक्षित ढंग से जीवनयापन कर सके। इस संबंध में अंचलाधिकारी सुधांशु पाठक ने जानकारी देते हुए कहा कि पीड़ित परिवार को शीघ्र आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। टीम भेजकर नुकसान का आकलन किया जा रहा है।स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से मांग की है कि बारिश से प्रभावित अन्य परिवारों की भी जल्द जांच कर सहायता दी जाए।

## न्यूज बॉक्स

### हुल दिवस पर भाजपा ने किया पुतला दहन लगाया आदिवासी विरोधी होने का आरोप



**भोगनाडीह।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष राकेश रविकांत प्रधान के नेतृत्व में मंगलवार को भोगनाडीह में हुल दिवस के अवसर पर झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ पुतला दहन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन हाल ही में आदिवासी समाज पर की गई कथित दमनात्मक कार्रवाई, लाठीचार्ज और आंसू गैस छोड़े जाने के विरोध में आयोजित किया गया।इस मौके पर जिलाध्यक्ष राकेश रविकांत प्रधान ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पिछले छह वर्षों के कार्यकाल में हेमंत सरकार ने बार-बार आदिवासी समाज की अस्मिता पर प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि राज्य का आदिवासी समाज आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि आने वाले समय में अपने अस्तित्व को बचाने के लिए आदिवासी समाज को जागरूक होकर एकजुट होना होगा और अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए इस दमनकारी सरकार को उखाड़ फेंकना होगा।प्रदर्शन के दौरान भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर, दीपक पुरी, अनूप प्रसाद, अनिरुद्ध सिंह, शंभू भगत, उत्तम केरकेट्टा, महावीर बड़ाईक, कृष्णा ठाकुर, गजानंद बेसरा, नंदकिशोर केशरी, दिलीप साहू, रवि वर्मा, मुकेश श्रीवास्तव, सत्यनारायण प्रसाद, नीरज बड़ाईक, पिंकी प्रसाद, सीखा अग्रवाल और रजो देवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

### हरविद्या आरोग्य निदान केंद्र का शुभारंभ

**जलडेगा।** जलडेगा प्रखंड के ओड़गा रोड में हरविद्या आरोग्य निदान केंद्र का उद्घाटन किया गया। केंद्र संचालक डॉ. सुदीप कुमार ने कहा कि यह प्राथमिक उपचार केंद्र एवं डिजिटल कंसल्टेशन जलडेगा एवं आस-पास के क्षेत्रों के लिए वरदान साबित होगा। अब ग्रामीणों को मामूली बीमारी के इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। प्राथमिक उपचार, गर्भवती महिलाओं की जांच, पोषण एवं मातृत्व से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाएं यहीं मिल सकेंगी। इससे समय, पैसा और परेशानी तीनों की बचत होगी। इधर जलडेगा में पहली बार प्राथमिक उपचार केंद्र एवं डिजिटल कंसल्टेशन खुलने से ग्रामीणों में उत्साह और खुशी देखी गई। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से वे ऐसी सुविधा के लिए तरस रहे थे। कई बार बीमार लोगों को समय पर इलाज नहीं मिलने से कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। अब यह केंद्र उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लायेगा। डॉ सुदीप कुमार ने बताया कि शुरुआती चरण में केंद्र पर एक प्रशिक्षित नर्स को भी तैनात किया गया है।

### सिमडेगा में चार नए ओपन जिम की अनुशंसा, सांसद कालीचरण मुंडा की पहल

**सिमडेगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के डेलीगेट प्रदीप केसरी ने मंगलवार को समाहरणालय जाकर सिमडेगा की उपायुक्त को एक महत्वपूर्ण अनुशंसा पत्र सौंपा। यह पत्र खूंटी लोकसभा के माननीय सांसद कालीचरण मुंडा द्वारा सिमडेगा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के संदर्भ में भेजा गया था, जिसकी मांग जनता द्वारा 25 जून को की गई थी।अनुशंसित योजनाओं में प्रमुख रूप से चार स्थानों पर ओपन जिम की स्थापना की मांग शामिल है। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष गांधी मैदान स्थित सिमडेगा क्लब परिसर में खुले ओपन जिम से आमजन विशेषकर महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य लाभ मिला है। लेकिन अन्य क्षेत्रों से दूरी होने के कारण अधिकतर लोग इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। इसलिए इन चार नए स्थानों पर ओपन जिम खुलने से अधिक संख्या में लोग लाभान्वित होंगे। प्रदीप केसरी ने उपायुक्त से आग्रह किया कि सांसद द्वारा की गई अनुशंसा पर शीघ्र कार्रवाई की जाए।

### धर्मगुरुओं से लूटपाट और मारपीट करने वाले 05 अंतरराज्यीय अपराधी गिरफ्तार



**सिमडेगा।** बोलबा थाना क्षेत्र के समसेरा चर्च पल्ली में धर्मगुरुओं पर जानलेवा हमला कर 6 लाख रुपये की लूटपाट करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के पांच अपराधियों को सिमडेगा पुलिस ने ओडिशा से गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। एसपी सिमडेगा एम. अर्शी ने प्रेस वार्ता में बताया कि यह घटना 9 जून को घटी थी, जिसके बाद बोलबा थाना में कांड संख्या 09/2025 दर्ज कर जांच शुरू की गई।घटना की गंभीरता को देखते हुए वरीय डीएसपी हेड क्वार्टर रणवीर सिंह के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम (SIT) का गठन किया गया। तकनीकी सहायता व गुप्त सूचना के आधार पर दिलीप बरवा, विकास केरकेट्टा, अमित केरकेट्टा, सुनील लखवा और दीपक सिंह को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से लूट की नकदी राशि और कई आपराधिक सामान बरामद किए गए हैं।दिलीप बरवा से 9,000 नगद, मोबाइल फोन, हैंड ग्लव्स, हैडबैंड, मास्क, कपड़े व अन्य सामग्री बरामद हुई। विकास केरकेट्टा से 5,000, सुनील लखवा से 4,000, अमित केरकेट्टा से 3,000 और सभी से मोबाइल फोन बरामद किए गए। दीपक सिंह से एक मोबाइल फोन मिला है। गिरोह का एक और सदस्य फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए झारखंड और ओडिशा में छापामारी जारी है।एसपी ने इस सराहनीय कार्य के लिए एसआईटी टीम को 20,000 इनाम देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि पुलिस की तत्परता और समन्वित प्रयास से अपराधियों को पकड़ने में सफलता मिली, जिससे क्षेत्र में फिर से विश्वास और सुरक्षा की भावना लौट रही है।उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि अपराध पर सख्त नियंत्रण रखा जा सके।

### बानो में हिंदी ओलंपियाड के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू

**बानो।** प्रखंड के एलिस शैक्षणिक संस्थान, बानो में आईसेक्ट ग्रुप ऑफ यूनिवर्सिटी, हजारीबाग के अधिकृत संस्थान द्वारा आयोजित विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025 के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 1 जुलाई से प्रारंभ हो गई है, जो 31 जुलाई 2025 तक चलेगी।संस्थान के निदेशक बिमल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 1 से लेकर पोस्ट ग्रेजुएट स्तर तक के इच्छुक विद्यार्थी इस ओलंपियाड के लिए पंजीयन करा सकते हैं। परीक्षा 14 सितंबर से 30 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। सफल प्रतिभागियों को रैंकिंग के आधार पर पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

### सक्सेस पॉइंट कंप्यूटर संस्थान में कैरियर काउंसलिंग सेमिनार का सफल आयोजन

**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ स्थित सक्सेस पॉइंट कंप्यूटर प्रशिक्षण संस्थान के तत्वावधान में मंगलवार को कैरियर काउंसलिंग सेमिनार का भव्य आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। सेमिनार में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी प्राप्त की।इस अवसर पर राय यूनिवर्सिटी, आईबीएन यूनिवर्सिटी, आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी, आईसेक्ट यूनिवर्सिटी, राधा गोबिंद यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रतिनिधियों ने छात्रों को प्रोफेशनल कोर्सेज, उच्च शिक्षा के अवसरों और रोजगार की संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक कुंदन कुमार ने की। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा सही मार्गदर्शन ही जीवन को दिशा देता है। यह सेमिनार युवाओं को अपने सपनों को साकार करने की दिशा में मदद करेगा।छात्र-छात्राओं ने सेमिनार को बेहद लाभकारी बताया और संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शिक्षिकाएं खुशबू कुमारी एवं रिया कुमारी भी प्रमुख रूप से उपस्थित थीं।

# पूर्वी सिंहभूम में कारोबारी से डेढ़ करोड़ की लूट, एक आरोपी बंगाल से गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। पूर्वी सिंहभूम**

जिला के घाटशिला अनुमंडल अंतर्गत चाकुलिया नगर पंचायत क्षेत्र के मिस्त्रीपाड़ा में सोमवार की देर रात एक बड़ी लूट की घटना घटी. तीन अज्ञात अपराधियों ने हथियार के बल पर प्राप्ति ज्वेलर्स के मालिक अरुण नंदी से डेढ़ करोड़ रुपये के आभूषण लूट लिए.ज्वेलर्स मालिक रात में अपनी दुकान बंद कर स्कूटी पर सवार होकर घर के लिए निकला. इस दौरान उनके हाथ में दो बैग थे, जिसमें जेवरात और कैश मौजूद था. इस दौरान एक व्यक्ति दुकान पर रेकी कर रहा था, दूसरा व्यक्ति उनके घर के दरवाजे के पीछे छिपा हुआ था और एक व्यक्ति बाइक लेकर भागने की तैयारी में उन्हीं के घर के पास खड़ा था. इस बीच जैसे ही ज्वेलर्स मालिक स्कूटी लेकर अपने घर पहुंचा, दरवाजे के पीछे छिपा व्यक्ति ने उसे चाकू दिखाकर बैग छिनने लगा. इसी बीच दूसरा व्यक्ति भी वहां आ गया और ज्वेलर्स मालिक को नीचे गिराकर दोनों बैग लेकर फरार हो गया. पीड़ित कारोबारी ने बताया कि उनके बैग में करीब एक से डेढ़ किलो का सोना था, जिसकी बाजार में कीमत लगभग एक से डेढ़ करोड़ रुपए की है. साथ ही 50,000 रुपये नकद भी थे. इस मामले को लेकर घाटशिला एसडीपीओ अजीत कुजूर ने फोन पर जानकारी दी है. हालांकि चाकुलिया थाना पुलिस के तुरंत कार्रवाई से उन्होंने बंगाल से एक संदिग्ध युवक को पूछताछ के लिए थाना लेकर आई है.

### लूट की वारदात से इलाके में दहशत

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीन अपराधी अचानक मौके पर पहुंचे और व्यवसायी अरुण नंदी पर हमला कर दिया. लुटेरों ने पहले उन्हें डराया फिर उनके हाथ से आभूषणों से भरा बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए. पूरी घटना कुछ ही मिनटों में हुई. इस वारदात के बाद इलाके के व्यापारियों और सर्राफा कारोबारियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है. व्यापारी संगठन ने प्रशासन से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है. इस घटना की जानकारी मिलते ही चाकुलिया थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरों की तलाश शुरू कर दी है. चाकुलिया पुलिस आसपास के सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है. साथ ही पश्चिम बंगाल सीमा से जुड़े इलाकों में गश्त तेज कर दी गई है. थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए सभी संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है.

### तिसरी में झमुमो प्रखंड मोर्चा गठन को लेकर बैठक

# अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष बने मोहम्मद नसीम



**तिसरी (गिरिडीह)।** धनवार के पूर्व विधायक सह झामुमो नेता निजामुद्दीन अंसारी ने भाकपा माले और भारतीय जनता पार्टी को एक बार फिर आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि माले और भाजपा के लोग नहीं चाहते कि तिसरी के बच्चों का भविष्य उज्जवल हो। तिसरी के मचनियाटांड़ में निर्माणाधीन डिग्री कॉलेज का कार्य रुकने का एक कारण यह भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि झामुमो नेत्री सह गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन के प्रयास से तिसरी में डिग्री कॉलेज स्थापना की मंजूरी मिली थी। लेकिन निर्माण कार्य शुरू होने के बाद एक व्यक्ति के याचिका के आधार पर उच्च न्यायालय ने उस पर तत्काल रोक लगा दी है। उन्होंने इसको लेकर संबंधित पदाधिकारी पर भी सवाल खड़े किए हैं। कहा कि संबंधित पदाधिकारियों को पहले ही उक्त जमीन की जांच पड़ताल ठीक से करनी चाहिए थी। साथ ही उन्होंने वर्षों से अटके गांवा के गदर पावरग्रिड मामले में वन विभाग द्वारा एनओसी दिलवा देने का भी दावा किया है। उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा एनओसी नहीं देने के कारण गदर पावरग्रिड आज तक चालू नहीं हो पाया है। इस संबंध में उन्होंने पार्टी के आलाधिकारीयों और मुख्यमंत्री से बात कर जल्द एनओसी दिलाने की कवायद की, सम्भवतः 4 से 5 दिन में एनओसी मिल जायेगा।

# ग्रामीण विकास मंत्रालय ने विकसित लोकोस एप्लिकेशन के उपयोग पर आधारित तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण




**रामगढ़।** झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा रामगढ़ जिले में भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा विकसित लोकोस एप्लिकेशन के उपयोग पर आधारित तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दो बैच 30-06-2025 से 05-07-2025 तक सीएमटीसी- गोला में आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य एसएचजी (स्वयं सहायता समूह), वीओ (ग्राम संगठन) तथा सीएलएफ (संकुल संगठन) के प्रोफाइल एवं वित्तीय लेनदेन प्रविष्टि डिजिटल माध्यम से सुनिश्चित करना है। राज्य कार्यालय द्वारा चिन्हित प्रशिक्षित ई -एमटी (ई मास्टर ट्रैनर) के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में पतरातु प्रखंड के 27 ई-लेखापाल कैडरों ने प्रथम बैच में भाग लिया। एवं दूसरे बैच में 33 ई-लेखापाल भाग लेंगे जिसमें पतरातु प्रखंड में कुल 1756 समूह और 94 ग्राम संगठन का प्रोफाइल एवं वित्तीय जानकारी लोकोस के माध्यम से प्रविष्टि किया जाना है। रामगढ़ जिले के अन्य सभी प्रखंडों में लोकेश का प्रशिक्षण संपूर्ण कर लिया गया है और अभी तक कुल 27 संकुल संगठन, 181 ग्राम संगठन एवं 43 समूह का वित्तीय लेने- देन जानकारी लोकोस के माध्यम से प्रविष्टि किया जा चुका है। लोकोस एप्लिकेशन का मुख्य उद्देश्य एसएचजी , वीओ एवं सीएलएफ के सभी प्रोफाइल एवं वित्तीय लेनदेन डेटा का प्रविष्टि करना है, जो आगे चलकर आजीविका विकास के अवसरों की पहचान एवं वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ करता है। प्रशिक्षण के दौरान जिला प्रबंधक- एमआईएस ने प्रशिक्षण का भ्रमण किया एवं उन्होंने सभी ई-लेखापाल कैडरों को 100% सामुदायिक संगठनों का प्रोफाइल पूर्ण कर वित्तीय लेन-देन प्रविष्टि प्रत्येक माह करने का निर्देश दिया गया। यह प्रशिक्षण डिजिटल वित्तीय समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और आजीविका संवर्धन को बढ़ावा देता है।

## शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में मोहर्रम मनाने की अपील

**गावां गिरिडीह।** गावां थाना परिसर में आगामी मोहर्रम का त्यौहार शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को ले शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ महेंद्र रविदास एवं संचालन थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने की। बैठक में मोहर्रम के अवसर पर विभिन्न पंचायतों में निकलने वाले जुलूस में शांति व्यवस्था पर चर्चा की गई। निर्देश दिया गया कि सभी जुलूस पूर्व निर्धारित मार्गो से ही निकलेगा। जुलूस में डीजे प्रतिबंधित रहेगा। जुलूस के दौरान हुड़दंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि जुलूस में सावधानी बरतें निशान व ताजिए को छोटा रखे जिससे बिजली का तार में उसका संपर्क नही हो। सोशल मीडिया में भड़काऊ पोस्ट आदि नही डाले। क्षेत्र में गड़बड़ी फैलाने वालों की सूचना तत्काल प्रशासन को दें। सभी पंचायतों में मजिस्ट्रेट व पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। बैठक में सामने मंच पर बैठने का स्थान नही दिए जाने से गावां भाग 2 से जिप सदस्य पवन कुमार चौधरी ने आपत्ति जताई।

### राजधनवार और यूके स्थित रिवरबैंक्स संस्थान के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

# ग्रामीण छात्रों के लिए वैश्विक उद्यमिता के नए द्वार खुलेंगे

- **हमारा लक्ष्य है कि आदर्श कॉलेज को कौशल-आधारित शिक्षा और उद्यमिता विकास का एक उत्कृष्ट केंद्र बनाया जाए**

**नवीन मेल संवाददाता**




**राजधनवार।** आदर्श कॉलेज, राजधनवार (विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग का एक अंगीभूत महाविद्यालय) ने वैश्विक स्तर पर शैक्षणिक सहयोग और नवाचार आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए यूके स्थित प्रतिष्ठित उद्यमिता संस्थान 'रिवरबैंक्स' के साथ एक सहमतिपत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह एमओयू एक औपचारिक कार्यक्रम के माध्यम से संपन्न हुआ, जिसमें दोनों संस्थानों के प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। आदर्श कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) बिमल कुमार मिश्रा और रिवरबैंक्स इंडिया के बिजनेस हेड श्री होलाडर ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को वैश्विक उद्यमिता से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। एमओयू के प्रमुख उद्देश्यः कॉलेज में उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ की स्थापना, जिसे रिवरबैंक्स द्वारा मार्गदर्शित किया जाएगा। छात्रों को स्टार्टअप मेंटरशिप, ऑनलाइन एक्सेलरेटर, और बीज-निधि मार्गदर्शन प्रदान करना। शिक्षकों के लिए व्यावसायिक मॉडलिंग और उद्यमिता पद्धति पर प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित करना। विद्यार्थी विनिमय कार्यक्रम और अंतरराष्ट्रीय इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना। संयुक्त शोध, प्रकाशन, और केस स्टडी विकास पर सहयोग करना। इस अवसर पर प्रो. मिश्रा ने कहा, "रिवरबैंक्स के साथ यह साझेदारी ग्रामीण प्रतिभाओं को वैश्विक नवाचार के साथ जोड़ने में सहायक सिद्ध होगी। हमारा लक्ष्य है कि आदर्श कॉलेज को कौशल-आधारित शिक्षा और उद्यमिता विकास का एक उत्कृष्ट केंद्र बनाया जाए।"

## टैंकर से प्रोपलीन गैस रिसाव बहरागोड़ा-बारिपदा मार्ग बंद

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा-बारिपदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर जामशोला के समीप मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब जिओ पेट्रोल पंप के पास खड़े एक प्रोपलीन गैस से भरे टैंकर में अचानक रिसाव होने की सूचना मिली। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन हरकत में आ गया और तुरंत आवश्यक सुरक्षा कदम उठाए गए। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर प्रशासन ने एहतियातन घटनास्थल के चारों ओर बैरिकेडिंग कर इलाके की घेराबंदी कर दी है। साथ ही किसी भी संभावित खतरे से बचने के लिए बहरागोड़ा-बारिपदा एनएच मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह रोक दी गई है। प्रशासन ने बताया कि गैस रिसाव को नियंत्रित करने के लिए विशेषज्ञों की एक टीम मौके पर तैनात की गई है, जो लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए है। हालांकि अभी तक किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।

## मां बिपत्तारिणी पूजा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**रामगढ़ ।** सौंदा डी दुर्गा मंडप एक बार फिर भक्तिभाव और धार्मिक आस्था का केंद्र बन गया। जब बंगाली समाज के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंगलवार को मां बिपत्तारिणी पूजा धूमधाम से संपन्न की गई । परंपरा के अनुसार, महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पंडित दिलीप चटर्जी के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिपूर्वक मां की आराधना की। पूजन में श्रद्धालुओं ने मां को 13 प्रकार के फल, फूल और मिठाइयाँ अर्पित कर परिवार और समाज की हरियाली, सुख-शांति व समृद्धि की प्रार्थना की। इस अवसर पर पूजा स्थल सहित आसपास का पूरा क्षेत्र 'जय मां बिपत्तारिणी' के जयघोष से गूंजता रहा। पंडित दिलीप चटर्जी ने बताया कि यह पूजा विशेष रूप से मां दुर्गा के बिपत्तारिणी स्वरूप को समर्पित होती है, जो अपने भक्तों को विपदाओं से मुक्ति प्रदान करती हैं। अनानास का इसमें विशेष महत्व होता है, जिसे श्रद्धापूर्वक चढ़ाया जाता है। पूजन उपरांत महिलाओं ने अपने परिवार के पुरुष सदस्यों को दूर्वा से बने रक्षा सूत्र बांधकर उनकी कुशलता की कामना की।

### खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने विभिन्न मिठाई दुकानों का किया औचक निरीक्षण

# मिठाईयों की गुणवत्ता की जांच की

**नवीन मेल संवाददाता**



**गिरिडीह।** सरिया बाजार में अवमानक मिठाईयों की बिक्री को लेकर आमजनों की शिकायत पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, डॉ पवन कुमार ने सरिया बाजार, हाज़रीबाग रोड स्टेशन , विवेकानंद चौक और बागोडीह मोड़ के विभिन्न मिठाई दुकानों औचक निरीक्षण किया गया और मिठाईयों की गुणवत्ता की जाँच हेतु नमूना लिया गया। दुकानदरों को अपने दुकान में बनी ताज़ी मिठाईयों की ही बिक्री करने का निर्देश दिया गया। बरसात का मौसम होने के कारण खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता और सामानों के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है जिसके बारे मे खाद्य कारोबारियों को उचित दिशानिर्देश दिया गया।

इस क्रम में मिठाई बनाने में उपयोग में लाए जाने वाले खाद्य तेलों की गुणवत्ता की जांच मौके पर की गई और उपयोग में लाए जाने वाले तेलों का नमूना लेकर प्रयोगशाला विश्लेषण के लिए भेजा गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि एक ही तेल को बार बार फ्राइ कर उपयोग में नही लाया जाए।

# डायरिया रोकथाम अभियान 1 जुलाई से 14 जुलाई तक



**डुमरी।** डायरिया रोकथाम अभियान के तहत 1 जुलाई से 14 जुलाई तक संचालित विविध कार्यक्रम व दवाई वितरण कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में अभियान के पहले दिन मंगलवार को रेफरल अस्पताल एवं सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में लोगों के बीच ओआरएस की पैकेट एवं जिंक की गोलियां वितरित की गई रेफरल अस्पताल में दवा वितरण कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश महतो बीपीएम पूजा कुमारी बीटीटी मानिकचंद महतो सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।इस संबंध में डॉ महतो ने कहा कि डायरिया एक प्रमुख जन स्वास्थ्य समस्या है।इनमें से ज्यादातर मृत्यु को समय पर पहचान तथा डिहाइड्रेशन को समय पर प्रबंधन करके रोका जा सकता है।दस्त के समय जिंक की गोली,ओआरएस घोल एवं पर्याप्त पोषण उपयोग कर डायरिया से मृत्यु को काफी हद तक कम किया जा सकता है।बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशानुसार डायरिया रोकथाम पखवाड़ा के तहत समुदाय स्तर पर सभी अंडर 5 वर्ष आयु वर्ग बच्चों के घर पर 02 ओआरएस पैकेट एवं 14 जिंक की गोली वितरण किया जाना है। डायरिया से ग्रसित बच्चों को उपरोक्त दवाई की उपलब्धता शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाना है। सभी आंगनबाड़ी केन्द्र पर उक्त दवाई की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।स्कूलों में सहिया द्वारा हाथ धोने के सही तरीके का प्रदर्शन किया जाना है। उन्होंने डायरिया से ग्रसित होने एवं उसके लक्षण दिखाई देने पर तुरंत रेफरल अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की अपील आमजनों से की है।

## पंजाबी हिन्दू बिरादरी के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन

**रामगढ़ ।** शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर परिसर में पंजाबी हिन्दू बिरादरी रामगढ़ के सौजन्य से मंगलवार को रोटरी रामगढ़ सेंट्रल प्राइम ब्लड सेंटर के द्वारा नेशनल डॉक्टर्स डे व चार्टर्ड अकाउंटेंट डे पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पंजाबी हिन्दू बिरादरी के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव व वरिष्ठ पत्रकार महासचिव महेश मारवाह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर पंजाबी हिन्दू बिरादरी के महासचिव वरिष्ठ पत्रकार महेश मारवाह ने कहा कि रोटरी रामगढ़ सेंट्रल द्वारा रक्तदान शिविर लगाना बहुत ही सराहनीय पहल है। रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। रक्तदान से हम किसी मानव की जिंदगी बचा सकते हैं।

### पुल की रेलिंग तोड़ बराकर नदी में गिरा मालवाहक

# चार घंटे तक बाढ़ में फंसा रहा चालक

**नवीन मेल संवाददाता**



**गिरिडीह।** डुमरी-गिरिडीह पथ पर एक बड़ी घटना घटी है. यहां बराकर नदी के पुल का रेलिंग तोड़ते हुए एक मालवाहक 40 फीट नीचे जा गिरा. वाहन के गिरने के बाद चालक किसी तरह से मालवाहक के टायर के ऊपर आ गया और लगभग चार घंटे तक नदी की तेज धार में फंसा रहा. हालांकि सूचना पर पहुंची पुलिस की सजगता और स्थानीय किशोर और युवकों की दिलेरी के कारण चालक की जान बच गई. घटना मुफ्फसिल थाना इलाके के बराकर की है. घटना को लेकर कोडरमा के जयनगर थाना इलाके के काठाडीह बस्ती निवासी वाहन चालक अकील नवाज खाना ने बताया कि सोमवार रात को वह ट्रेलर पर पाइप लादकर जा रहा था. रात लगभग 1:15 से 1:30 बजे उनके वाहन का टायर फिसल गया और ट्रेलर रेलिंग तोड़कर नीचे नदी में जा गिरा. इस बीच वह किसी तरह ड्राइवर सीट से बाहर निकलकर टायर पर जा चढ़ा. फिर बचाने की गुहार लगाने लगा लेकिन अंधेरा होने के कारण कोई सामने नहीं आ रहा था. चालक ने बताया कि इस बीच नदी की दूसरी तरफ से किसी ने टॉर्च की लाइट दिखायी. चूंकि वाहन से बाहर निकलने के दरमियान उसने भी टॉर्च निकाल लिया था तो उसने भी टॉर्च मारा. इसके थोड़ी देर बाद पुल पर उसके साथी भी पहुंच गए और रस्सा फेंककर उसे सहारा दिया. फिर पुलिस पहुंची और स्थानीय युवकों के साथ मिलकर उसे बाहर निकाला. इधर बताया गया कि लगभग रात ढाई बजे के आसपास किसी ने 100 डायल पर घटना की सूचना दी. सूचना मिलते ही मुफ्फसिल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर श्याम किशोर महतो, अवर निरीक्षक गौतम कुमार के साथ थाना की पूरी टीम मौके पर पहुंची और चालक को बाहर निकालने में जुट गए.

## डिग्री कॉलेज मामले में निजामुद्दीन अंसारी के निशाने पर भाजपा और भाकपा माले



**तिसरी।** धनवार के पूर्व विधायक सह झामुमो नेता निजामुद्दीन अंसारी ने भाकपा माले और भारतीय जनता पार्टी को एक बार फिर आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि माले और भाजपा के लोग नहीं चाहते कि तिसरी के बच्चों का भविष्य उज्जवल हो। तिसरी के मचनियाटांड़ में निर्माणाधीन डिग्री कॉलेज का कार्य रुकने का एक कारण यह भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि झामुमो नेत्री सह गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन के प्रयास से तिसरी में डिग्री कॉलेज स्थापना की मंजूरी मिली थी। लेकिन निर्माण कार्य शुरू होने के बाद एक व्यक्ति के याचिका के आधार पर उच्च न्यायालय ने उस पर तत्काल रोक लगा दी है। उन्होंने इसको लेकर संबंधित पदाधिकारी पर भी सवाल खड़े किए हैं। कहा कि संबंधित पदाधिकारियों को पहले ही उक्त जमीन की जांच पड़ताल ठीक से करनी चाहिए थी। साथ ही उन्होंने वर्षों से अटके गांवा के गदर पावरग्रिड मामले में वन विभाग द्वारा एनओसी दिलवा देने का भी दावा किया है। उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा एनओसी नहीं देने के कारण गदर पावरग्रिड आज तक चालू नहीं हो पाया है। इस संबंध में उन्होंने पार्टी के आलाधिकारीयों और मुख्यमंत्री से बात कर जल्द एनओसी दिलाने की कवायद की, सम्भवतः 4 से 5 दिन में एनओसी मिल जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि एनओसी मिलने की सुगबुगाहट पर माले के लोग धरना प्रदर्शन करने की तैयारी कर रहें हैं ताकि इसका क्रेडिट ले सकें।

झारखण्ड सरकार
भू–अर्जन वाद सं०–35/2024–25

राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
(जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची)
प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)
"बन्ता–राहे बुण्डू पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य परियोजना"

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है मौजा–होटलो, थाना संख्या–95, अंचल–राहे, जिला–राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना "बन्ता–राहे बुण्डू पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य परियोजना" हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुर्नवासन एवं पुर्नव्यस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम/मौजा–होटलो, थाना संख्या–95, अंचल–राहे, जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश कुल रकबा–**2.363** एकड़ भूमि मानक माप का भू–खण्ड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

मौजा–होटलो

| क्र० सं० | खाता सं० | सर्वे प्लॉट सं० | भूमि का वर्गीकरण | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं०) उ० | द० | पू० | प० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 18 | 692 | दोन तीन | 0.092 | जेड़ा अहीर वल्द बाबु अहीर | 691 | 693 | रोड | 692 |
| 02 | 18 | 711 | मकान/1 सहन/1 | 0.008 | जेड़ा अहीर वल्द बाबु अहीर | 712 | 708 | 708 | रोड |
| 03 | 18 | 712 | टाड़ एक | 0.034 | जेड़ा अहीर वल्द बाबु अहीर | 713 | 711 | 714 | रोड |
| 04 | 18 | 713 | दोन तीन | 0.038 | जेड़ा अहीर वल्द बाबु अहीर | 715 | 712 | 715 | 685 |
| 05 | 21 | 704 | टाड़ एक | 0.022 | गोपी मांझी पेशरान कपील मांझी व मोधी मांझी पेशरान कपील मांझी | 709 | 703 | 705 | रोड |
| 06 | 21 | 703 | टाड़ एक | 0.034 | गोपी मांझी पेशरान कपील मांझी व मोधी मांझी पेशरान कपील मांझी | 704 | 698 | 705 | रोड |
| 07 | 23 | 990 | टाड़ तीन | 0.033 | गोबरा गोंझु वल्द जीतबाहन गोंझु व सनुरधुन गोंझु वल्द जैराम गोंझु | 990 | 991 | 989 | रोड |
| 08 | 23 | 991 | टाड़ दो | 0.018 | गोबरा गोंझु वल्द जीतबाहन गोंझु व सनुरधुन गोंझु वल्द जैराम गोंझु | 990 | 992 | 989 | रोड |
| 09 | 23 | 992 | टाड़ एक | 0.020 | गोबरा गोंझु वल्द जीतबाहन गोंझु व सनुरधुन गोंझु वल्द जैराम गोंझु | 991 | 993 | 989 | रोड |
| 10 | 23 | 993 | मकान/1 सहन/1 | 0.038 | गोबरा गोंझु वल्द जीतबाहन गोंझु व सनुरधुन गोंझु वल्द जैराम गोंझु | 992 | 994 | 989 | रोड |
| 11 | 23 | 994 | टाड़ एक | 0.021 | गोबरा गोंझु वल्द जीतबाहन गोंझु व सनुरधुन गोंझु वल्द जैराम गोंझु | 993 | 995 | 995 | रोड |
| 12 | 23 | 995 | टाड़ एक | 0.036 | गोबरा गोंझु वल्द जीतबाहन गोंझु व सनुरधुन गोंझु वल्द जैराम गोंझु | 994 | 1004 | 1003 | रोड |
| 13 | 24 | 1004 | टाड़ एक | 0.027 | गोबरा गोंझु वल्द जीतबाहन गोंझु | 995 | 759 | 1003 | रोड |
| 14 | 75 | 759 | दोन तीन | 0.007 | नावो मांझी वल्द फलदा मांझी व बिशनाथ मांझी वल्द रामु मांझी वगैरह | रोड | 767 | 758 | रोड |
| 15 | 77 | 677 | टाड़ तीन | 0.071 | कोइला महतो वल्द रतन महतो व बुधु महतो वल्द नटहार महतो वगैरह | 674 | 671 | 676 | 681 |
| 16 | 77 | 691 | टाड़ तीन | 0.261 | कोइला महतो वल्द रतन महतो व बुधु महतो वल्द नटहार महतो वगैरह | 690 | 692 | 685 | 691 |
| 17 | 77 | 693 | दोन तीन | 0.040 | कोइला महतो वल्द रतन महतो व बुधु महतो वल्द नटहार महतो वगैरह | 692 | 694 | रोड | 693 |
| 18 | 77 | 694 | टाड़ तीन | 0.031 | कोइला महतो वल्द रतन महतो व बुधु महतो वल्द नटहार महतो वगैरह | 693 | 695 | रोड | 694 |
| 19 | 77 | 708 | मकान/3 सहन/1 | 0.004 | कोइला महतो वल्द रतन महतो व बुधु महतो वल्द नटहार महतो वगैरह | 711 | 710 | 714 | रोड |
| 20 | 77 | 709 | टाड़ एक | 0.031 | कोइला महतो वल्द रतन महतो व बुधु महतो वल्द नटहार महतो वगैरह | 710 | 704 | 711 | रोड |
| 21 | 77 | 710 | मकान/2 सहन/1 | 0.011 | कोइला महतो वल्द रतन महतो व बुधु महतो वल्द नटहार महतो वगैरह | 708 | 709 | 709 | रोड |
| 22 | 77 | 715 | दोन तीन | 0.042 | कोइला महतो वल्द रतन महतो व बुधु महतो वल्द नटहार महतो वगैरह | 677 | 713 | 677 | 685 |
| 23 | 100 | 696 | टाड़ एक | 0.058 | रखाल मांझी वल्द साम चरन मांझी | 697 | रोड | 698 | रोड |
| 24 | 101 | 1005 | टाड़ एक | 0.020 | रघु गोंझु वल्द सीताराम गोंझु | 696 | 1007 | 1003 | रोड |
| 25 | NA | 697 | ऑनलाईन खतियान उपलब्ध नहीं है। | 0.056 | ऑनलाईन खतियान उपलब्ध नहीं है। | 698 | 696 | 699 | रोड |
| 26 | 154 | 695 | परती कदीम | 0.234 | गैरमजरूआ खास | 694 | 695 | रोड | 695 |
| 27 | 155 | 750 | रास्ता | 0.103 | गैरमजरूआ आम | - | - | - | - |
| 28 | 183 | 685 | सड़क | 0.973 | डीस्ट्रीक्ट बोर्ड | - | - | - | - |
| | | | कुल | 2.363 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुर्नवास और पुर्नव्यस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

PR 356254 Land Reforms(25-26)D

उपायुक्त,राँची।

**सुप्रभात** | विचार प्रवाह

दया ईश्वरानुभूति के लिए आवश्यक है, क्योंकि ईश्वर स्वयं इस गुण से आप्लावित हैं। सहृदय व्यक्ति स्वयं को दूसरों के स्थान पर रख उनकी पीड़ा का अनुभव कर उसे दूर करने का प्रयास कर सकते हैं। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

### एससीओ में भारत का निर्णायक इनकार

चीन के किंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से भारत के इन्कार ने न केवल संगठन के भीतर गहरी दरारों को उजागर किया है, बल्कि आतंकवाद, खासकर सीमा पार आतंकवाद से निपटने के मामले में सदस्य देशों के पाखंड के प्रति नई दिल्ली की बढ़ती अधीरता का भी संकेत दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की कड़े शब्दों में कूटनीतिक टिप्पणी स्पष्ट रूप से और सोची-समझी रणनीति थी, जिसके मुख्य निशाने पर पाकिस्तान था, लेकिन इस निर्णय से एससीओ के उन सदस्य देशों पर भी निशाना साधा गया, जो पाकिस्तान को बचाने या उसे सही ठहराने की कोशिश करते रहते हैं। इस निर्णय का क्षेत्रीय भू-राजनीति, भारत के कूटनीतिक संदेश और इस समूह के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थ हैं। वैश्विक आतंकी नेटवर्क के युग में, भारत अपने साझेदारों से (चाहे वे क्षेत्रीय हों या वैश्विक) अपनी बात पर अमल करने की अपेक्षा रखता है। यह दृष्टिकोण भारत के हालिया कूटनीतिक व्यवहार से मेल खाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परंपरा को तोड़ने और कूटनीतिक आत्मसंतुष्टि को चुनौती देने में लगातार तत्परता दिखाई है, भले ही इसका मतलब कुछ मंचों पर अलग-थलग पड़ना हो। ऐसा करके, भारत खुद को उसूलों वाली ताकत के रूप में स्थापित कर रहा है, न कि केवल प्रतिष्ठा चाहने वाली ताकत के रूप में। भारत के रुख का असर एससीओ से परे भी है। इसने एशिया में बहुपक्षीय सहयोग को लेकर अपेक्षाओं को फिर से संतुलित किया है। एक क्षेत्रीय शक्ति के रूप में भारत के बढ़ते कद का मतलब है कि उसके फैसले दमदार हैं, और एससीओ के संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इन्कार करना कूटनीति में ईमानदारी के लिए एक नया मानदंड स्थापित करता है। संयुक्त वक्तव्य से किनारा करके भारत ने एससीओ और उसके सदस्यों को याद दिलाया है कि क्षेत्रीय एकता चुनिंदा नैतिक मानकों पर नहीं बनाई जा सकती। भारत अब मूक भागीदार बनकर संतुष्ट नहीं है। वह निष्पक्षता, पारस्परिकता और सुरक्षा खतरों के प्रति स्पष्ट दृष्टिकोण की मांग कर रहा है। हालांकि यह निर्णय एससीओ के भीतर अल्पकालिक तनाव पैदा कर सकता है, लेकिन यह रणनीतिक स्पष्टता में दीर्घकालिक निवेश है। ऐसे समय में, जब आतंकवाद दक्षिण और मध्य एशिया के लिए एक गंभीर चुनौती बना हुआ है, और जब भू-राजनीतिक माहौल और भी जटिल होता जा रहा है, भारत ने अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता न करने का फैसला करके स्पष्ट संदेश दिया है कि संप्रभुता, सुरक्षा और अखंडता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। विडंबना देखिए कि संयुक्त वक्तव्य के मसौदे में पाकिस्तान के भीतर आतंकी हमलों का जिक्र तो था, लेकिन पहलगाम त्रासदी को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया। मसौदे की भाषा, कथित तौर पर चीन और पाकिस्तान से प्रभावित थी, जिसमें भारतीय सुरक्षा हितों को कम करके आंका गया, जबकि पाकिस्तान को आतंकवाद के शिकार के रूप में पेश किया गया। यह उलटफेर, जिसमें पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को लगातार प्रायोजित करने की अनदेखी की गई, भारत को अस्वीकार्य था।

*संयुक्त वक्तव्य से किनारा करके भारत ने एससीओ और उसके सदस्यों को याद दिलाया है कि क्षेत्रीय एकता चुनिंदा नैतिक मानकों पर नहीं बनाई जा सकती।*

# जीवन को आसान तेज व रोजगारोन्मुखी बनाते डिजिटल इंडिया के दस वर्ष




दस साल पहले, हमने एक ऐसे क्षेत्र में पूर्ण विश्वास के साथ ऐसी यात्रा शुरू की थी, जहां पहले कोई नहीं गया था। जहाँ दशकों तक यह संदेह किया गया कि भारतीय तकनीक का उपयोग कर पाएंगे की नहीं, हमने उस सोच को बदला और भारतीयों की तकनीक का उपयोग करने की क्षमता पर विश्वास किया। जहाँ दशकों तक सिर्फ यह सोचा गया कि तकनीक का उपयोग अमीर और ग़रीब के बीच की खाई को और गहरा करेगा, हमने उस मानसिकता को बदला और तकनीक के माध्यम से उस खाई को खत्म किया। जब नीयत सही होती है, तो नवाचार वंचितों को सशक्त करता है। जब दृष्टिकोण समावेशी होता है, तो तकनीक हाशिए पर खड़े लोगों के जीवन में परिवर्तन लाती है।
यही विश्वास डिजिटल इंडिया की नींव बना- एक ऐसा मिशन जो सभी के लिए पहुंच को लोकतांत्रिक (आसान) बनाने, समावेशी डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने और अवसरों को उपलब्ध कराने के लिए शुरू हुआ। 2014 में, इंटरनेट की पहुंच सीमित थी, डिजिटल साक्षरता कम थी, और सरकारी सेवाओं की ऑनलाइन पहुंच बेहद सीमित थी। कई लोगों को संदेह था कि भारत जैसा विशाल और विविध देश वास्तव में डिजिटल बन सकता है या नहीं। आज, इस प्रश्न का उत्तर डेटा और डैशबोर्ड में नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के जीवन के माध्यम से दिया जा चुका है। शासन से लेकर शिक्षा, लेन-देन और निर्माण तक, डिजिटल इंडिया हर जगह है।
डिजिटल डिवाइड को पाटते हुए 2014 में भारत में लगभग 25 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन थे।

आज यह संख्या बढ़कर 97 करोड़ से अधिक हो चुकी है। 42 लाख किलोमीटर से अधिक ऑप्टिकल फाइबर केबल, जो पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी का 11 गुना है, अब दूरस्थ गांवों को भी जोड़ रही है। भारत का 5G रोलआउट विश्व में सबसे तेज़ रोलआउट्स में से एक है, और मात्र दो वर्षों में 4.81 लाख बेस स्टेशंस स्थापित किए गए हैं। हाई-स्पीड इंटरनेट अब शहरी केंद्रों से लेकर अग्रिम सैन्य चौकियों तक जैसे गलवान, सियाचिन और लद्दाख पहुँच चुका है।
इंडिया स्टैक, जो हमारा डिजिटल बैकबोन है, ने UPI जैसे प्लेटफार्म को सक्षम बनाया है, जो अब सालाना 100 बिलियन से अधिक लेन-देन करता है। विश्व में होने वाले कुल रियल-टाइम डिजिटल ट्रांजैक्शन में से लगभग आधे भारत में होते हैं। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से 44 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे नागरिकों को हस्तांतरित की गयी है, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई और 3.48 लाख करोड़ रुपये की लीकेज रोकी गई है।

स्वामित्व जैसी योजनाओं ने 2.4 करोड़ से अधिक प्रॉपर्टी काड्र्स जारी किए हैं और 6.47 लाख गांवों को मैप किया है, जिससे वर्षों से चली आ रही भूमि संबंधी अनिश्चितता का अंत हुआ है।

#### सभी के लिए अवसरों का लोकतंत्रीकरण

भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था अब पहले से कहीं अधिक MSMEs और छोटे उद्यमियों को सशक्त बना रही है। ONDC (ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स) एक क्रांतिकारी प्लेटफॉर्म है जो विक्रेताओं और खरीदारों के विशाल बाजार से सीधा संपर्क स्थापित कर नए अवसरों की खिड़की खोलता है।

आज की बात



**नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

GeM (गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) आम आदमी को सरकार के सभी विभागों को सामान और सेवाएं बेचने की सुविधा देता है। इससे न केवल आम नागरिक को एक विशाल बाजार मिलता है बल्कि सरकार की बचत भी होती है।
**कल्पना कीजिए:** आप मुद्रा लोन के लिए ऑनलाइन आवेदन करते हैं। आपकी क्रेडिट योग्यता को अकाउंट एग्रीगेटर फ्रेमवर्क के माध्यम से आंका जाता है। आपको लोन मिलता है, आप अपना व्यवसाय शुरू करते हैं। आप GeM पर पंजीकृत होते हैं, स्कूलों और अस्पतालों को सप्लाई करते हैं और फिर ओएनडीसी के माध्यम से इसे और बड़ा बनाते हैं। ओएनडीसी ने हाल ही में 20 करोड़ लेन-देन का आंकड़ा पार किया है- जिसमें पिछले 10 करोड़ सिर्फ 6 महीनों में हुए हैं।

बनारसी बुनकरों से लेकर नागालैंड के बांस शिल्पियों तक, अब विक्रेता बिना बिचौलियों के पूरे देश में ग्राहक तक पहुँच रहे हैं।

GeM ने 50 दिनों में एक लाख करोड़ रुपये का GMV पार किया है, जिसमें 22 लाख विक्रेता शामिल हैं, जिनमें 1.8 लाख से अधिक महिला संचालित MSMEs हैं, जिन्होंने 46,000 करोड़ रुपये की आपूर्ति की है।
**डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर:** भारत का वैश्विक योगदान
भारत का डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (DPI)- जैसे आधार, CoWIN, डिजिलॉकर, फास्टैग, पीएम-WANI, और वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन- को अब वैश्विक स्तर पर पढ़ा और अपनाया जा रहा है। CoWIN ने दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान को सक्षम किया, जिससे 220 करोड़ QR-सत्यापित सर्टिफिकेट जारी हुए। DigiLocker, जिसके 54 करोड़ उपयोगकर्ता हैं, 775 करोड़ से अधिक दस्तावेजों को सुरक्षित और निर्बाध तरीके से होस्ट कर रहा है। भारत ने अपनी G20 अध्यक्षता के दौरान ग्लोबल DPI रिपॉजिटरी और $25 मिलियन का सोशल इम्पैक्ट फंड लॉन्च किया, जिससे अफ्रीका और दक्षिण एशिया के देश समावेशी डिजिटल इकोसिस्टम अपना सकें।

#### स्टार्टअप पॉवर और आत्मनिर्भर भारत

भारत अब विश्व के शीर्ष 3 स्टार्टअप इकोसिस्टम में शामिल है, जिसमें 1.8 लाख से अधिक स्टार्टअप हैं। लेकिन यह सिर्फ एक स्टार्टअप आंदोलन नहींहै, यह एक टेक्नोलॉजी पुनर्जागरण है। भारत में युवाओं के बीच AI स्किल्स और AI टैलेंट के मामले में बड़ी प्रगति हो रही है। $1.2 बिलियन इंडिया AI मिशन के तहत भारत ने 34,000 GPUs की पहुँच ऐसे मूल्य पर सुनिश्चित की है जो वैश्विक स्तर पर सबसे कम है —$1 से भी कम प्रति GPU Hour. इससे भारत न केवल सबसे सस्ता इंटरनेट इकोनॉमी, बल्कि सबसे किफायती कंप्यूटिंग हब बन गया है। भारत ने मानवता-पहले AI की वकालत की है। नई दिल्ली डिक्लरेशन ऑन AI जिम्मेदारी के साथ नवाचार को बढ़ावा देता है। देशभर में AI सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए जा रहे हैं।
**आगे का रास्ता :** अगला दशक और भी अधिक परिवर्तनकारी होगा। हम डिजिटल गवर्नेंस से आगे बढ़कर वैश्विक डिजिटल नेतृत्व की ओर बढ़ रहे हैं — इंडिया फर्स्ट से इंडिया फॉर द वर्ल्ड तक। डिजिटल इंडिया अब केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं रहा, यह जनआंदोलन बन चुका है। यह आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का केंद्र है, और भारत को दुनिया का विश्वसनीय नवाचार साझेदार बना रहा है।
**सभी इनोवेटर्स, एंटरप्रेन्योर्स, और ड्रीमर्स से:** दुनिया अगली डिजिटल क्रांति के लिए भारत की ओर देख रही है। आइए हम वह बनाएं जो सशक्त बनाता है। आइए हम ऐसे हल निकालें जो वास्तव में मायने रखता है। आइए हम उस तकनीक के साथ नेतृत्व करें जो unite, include, और uplift करती है।

### साहित्य सभा में चीरहरण

पिछले सप्ताह पटना में हुई घटना से एक फिर यह साबित हो गया है कि स्त्री कहीं भी सुरक्षित नहीं है। और यह भी कि, वो स्त्री चाहे गांव-देहात की अशिक्षित हो, कस्बे-कूचे की अल्पशिक्षित या फिर नगर-महानगर की उच्च-शिक्षित। इस प्रकरण ने हिन्दी साहित्य के चरित्र को भी उजागर कर दिया है जो कथनी में बड़े-बड़े आदर्श, नैतिकता, स्त्री-मुक्ति, उसकी गरिमा,अस्मिता और स्त्री सशक्तीकरण पर लंबे लंबे अकादमिक विमर्श रच कर उसको सात-सात सलाम ठोकता है लेकिन व्यवहार में अपने शीर्षासन को लाख-लाख जतन करने पर भी नहीं छुपा पाता। इक्कीसवीं सदी में पितृसत्तात्मकता और स्त्री सशक्तीकरण हमारे साहित्यिकों के बौद्धिक व्यायाम का प्रिय आसन रहा है। व्यवहार में इसके अर्थ-गाम्भीर्य को कितने पित्तरों या कितनी स्त्रियों को आत्मसात किया है, यह विचारणीय विषय है। इसे पटना-प्रकरण से भी समझा जा सकता है। पटना कांड में जिस 'नई धारा ' संस्था के राइटर्स रेजिडेंसी का प्रसंग बताया जा रहा है उसकी भूमिका भी सवालों के घेरे में है। यह बात अब सार्वजानिक वितान में आ ही चुकी है कि हिन्दी के एक वरिष्ठ कवि और लेखक ने रेजिडेंसी में एक युवा कवयित्री के साथ अभद्र,अश्लील, आपत्तिजनक हरकत की है। इसके बाद काफी बवाल मचा और अंत में कवयित्री के कड़े विरोध के बाद वरिष्ठ कवि को वहां से बेआबरू होकर रुखसत होना पड़ा। प्रकरण का क्लाइमेक्स यह है पटकथा की सर्वाइवर और उत्पीड़क के बीच चालीस बरस का फासला है। इस भदेस प्रकरण से हिन्दी साहित्य की दुनिया को भी उबाल दिया। जनवादी लेखक संघ, जन संस्कृति मंच ने कड़ी भर्त्सना की है तो राजस्थान प्रगतिशील लेखक संघ ने उसे संगठन से ही बाहर का रास्ता दिखा दिया। इन सबके बावजूद महत्वपूर्ण प्रश्न यह उठता है कि सामाजिक, नैतिक और सबसे बढ़कर विधिक रूप से अपराध की श्रेणी में आने वाले कृत्य के आरोपी के खिलाफ कानूनी कदम क्यों नहीं उठाए जा रहे? पुलिस में मामला दर्ज क्यों नहीं करवाया जा रहा है ? स्त्री-मुक्ति के डंडों से पितृसत्तात्मकता के खिलाफ ढोल पीटने वाली स्वयं कवयित्री और उसकी समर्थक स्त्रीवादी कवि-लेखक समाज उसके माफीनामे लिखने या रेजिडेंसी से निकल जाने पर ही क्यों समझौता कर बैठे? इसके बाद नई धारा संस्था ने जो वक्तव्य जारी किया है वो भी लीपापोती करने वाला ही है। उत्पीड़क के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई के संबंध में अब तक चुप्पी ही पसरी हुई है। इन चुप्पियों ने ही पितृसत्तात्मकता को स्त्री को डुबोने का हथियार थमाया है। गौरतलब तो यह है कि पटना की घटना की सर्वाइवर किसी गांव-देहात या कस्बे की घूंघट या पल्लू ओढ़े बैठी रहने वाली कोई परंपरागत महिला नहीं, शहर की आधुनिक उच्च शिक्षित, बिंदास जीवन शैली जीने वाली हिन्दी-अंग्रेजी साहित्य की अध्येता है। इस अभद्र प्रकरण में इस चुप्पी का समर्थन करने वाले-वालियों के भी अपने तर्क हैं।


**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की बात



**हरीश शिवनानी**

# संस्कृति के साथ संस्कार को जोड़ती है डॉ संजय की पुस्तक




रामगढ़ इंटर महिला कॉलेज के व्याख्याता डॉ संजय प्रसाद सिंह द्वारा लिखित तीसरी पुस्तक " संस्कृति संस्कार के सुपथ को " पढ़ने के दौरान संस्कृति व संस्कार की सोंधी खुशबू की अनुभूति हुई। इस पुस्तक में कुल 11 अध्याय है। सबसे पहले राष्ट्र प्रथम भारत, संस्कृति सबकी एक चिरंतन, लोकमन संस्कार, माता-पिता और गुरु, स्वावलंबन, स्वाध्याय, सत्संग की महिमा, सांस्कृतिक जागरण ,उभरते युवा शक्ति व संस्कार युक्त शिक्षा और अंतिम अध्याय वसुधैव कुटुंबकम् है। राष्ट्र प्रथम भारत में मातृभूमि की संधि माटी से घूमती हुई भारतवर्ष की अमिट संस्कृति की पहचान जग जाहिर है। संस्कृति सब की एक चिरंतन और लोकमन संस्कार घर, परिवार और समाज को सशक्त व समृद्ध बनाती है। जीवन में माता-पिता और गुरु की भूमिका सर्वोपरि है। पुस्तक में रची-बसी सोंधी माटी की खुश्बू आकर्षित करती है। संयुक्त परिवार की उपादेयता की कहानी सदियों पुरानी है। यूं कह सकते हैं कि " संस्कृति, संस्कार के सुपथ " भारतीय माटी से गुंथी गई भारत वर्ष की अमिट संस्कृति, यहां के संस्कार और अपनत्व के बोध का खुला दस्तावेज है। कैसे हमारा भारत वर्ष संस्कृति और संस्कार का माधुर्य सींच से इंसानियत का विशाल वट वृक्ष बन पूरे विश्व को अपनी छांव दी। पुस्तक में इसे बड़े ही बारीकी, विस्तार, खूबसूरत और तार्किक रूप से पिरोया गया है। यह पुस्तक आज की पीढ़ी को झकझोरती है, जगाती है, उन्हें बताती है कि अपने मिट्टी से कट कर, अपने संस्कार को भूल कर कभी भी सुख-चैन तो नहीं पा सकते। माया के पीछे अंधा दौड़, झूठी विकाश में खोता चैन हमारी जिंदगी को बेमज़ा करता जाएगा। हम कम्प्यूटर तो बन जाएंगे, एटीएम बन पैसा भी उगलने लगेंगे, लेकिन सुकून चाहिए होगा तो संस्कृति, संस्कार के आंचल तले ही आना होगा। डॉ संजय जी की इस पुस्तक में आदिकाल से अबतक के संस्कृति, संस्कार को यात्रा के रूप में पिरोया गया है। आज हमारा समाज टूट रहा है, परिवार सिमटता जा रहा है, डिप्रेशन महामारी का रूप लेता जा रहा है ; इन सभी से लड़ने का हथियार संस्कृति, संस्कार के रुप में हमारे पास है, पर हम उसका उपयोग ही नहीं कर पा रहे हैं। यह पुस्तक हम सबों में देश भक्ति की भावना को भी जागृत करता है। इस पुस्तक में गहनता के साथ दर्शाया गया है कि मानव जीवन के लिए खुशी एक व्यापक अवधारणा है। खुशी प्रसन्नता, आनंद , आत्मसंतुष्टि और सफलता के समन्वय सूत्र है। यह बताया गया है कि वैसे तो जीवन में सभी लोग खुशी और सफलता के आकांक्षी हैं, किन्तु सफलता का विधान जहाँ उपलब्धियों से है वहीं खुशी की संबंध आत्मसंतुष्टि से है। प्रायः यह देखने - सुनने को मिलता है कि जीवन में सफलता के चरम पर भी भौतिकवादी युग में अधिकांश लोग अप्रसन्न, अशांत - क्लांत एवं दुःख से ग्रसित हैं। भौतिक व सांसारिक उपलब्धियों एवं अनुकुलता के बावजूद भी लोगो को जीवन की सकारात्मक ऊर्जा एवं सार्थकता की अनुभूति से वंचित पाया जाता है। पुस्तक में बताया गया है कि सही सोच समझ एवं दिशाबोध के अभाव में लोग आंतरिक रिक्तता को भरने के लिए नशे, शराब, चोरी, अपराध जैसे बुरे व्यसनों का सहारा लेते हैं। अधिकतर लोग बुरी संगत और बुरे व्यसनों के चंगुल में फंसकर आत्मघाती एवं विध्वंसक पथ पर अग्रसर हो जाते हैं। संस्कृति व संस्कार को खुद में उतारकर हम इन बुराइयों से बच सकते हैं। कह सकते हैं कि चिंतन, चरित्र और व्यवहार के समन्वय से व्यक्तित्व निर्माण होता है। व्यक्तित्व निर्माण सबसे बड़ी जीवन साधना है। हालांकि इस पुस्तक में कहीं कहीं शब्दों के मेल में व्याकरणीय त्रुटि दृष्टिगोचर होती है, कहीं, कहीं विषयवार दुहराव भी है ; पर इसे नजरअंदाज किया जा सकता है। कुल मिलाकर विश्व एक परिवार के अपनत्व रंग में डूबी यह पुस्तक पठनीय है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

पुस्तक समीक्षा की बात



**मुकेश सिंह चौहान**
संस्थापक- सह-संचालक खुशी क्लास

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

प्रेम न कोई हादसा, बढे कभी घट जाय।
वह उधार की ब्याज सा, हर दिन बढ़ता जाय।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
**संपादक**

# काम में छुपा हुआ है भोग के योग की साधना का रहस्य

काम का नाम सुनते ही हमारा मन एकबारगी गुदगुदा उठता है। निरपेक्ष दृष्टि से देखें तो मन को गुदगुदाने वाला यह शब्द कुछ ऐसा है जिसके बगैर न प्रकृति है, न भोग है, न कामना है और न समग्र इच्छा के लिए कोई दिशा ही है। यह काम ही है जिसका संबंध भोग की कामना और विपरीत लिंग के प्रति तमाम जीवों की स्वाभाविक इच्छा से जुड़ा रहता है। किसी भी जीव में काम की इच्छा का होना एक स्वाभाविक व सरल घटनाक्रम क्योंकि "काम" का संबंध संतति के मूल स्त्रोत से है। अपनी इसी मौलिकता के कारण अनादि काल से भोग का यह स्वरूप बना शाश्वत दर्शन का केन्द्रविन्दु बना हुआ है। सरल शब्दों में कहें तो यह काम ही है जो अपने इसी शाश्वत व मूल स्वरूप के कारण जहाँ हमें अनादि ब्रह्म की शक्ति से साक्षात्कार कराती है तो इसमें अंतर्निहित काम तत्व के विनाश से हमारे लिए विध्वंस के दरवाजे भी खुलने लगते हैं। इसे समझने के लिए निम्नलिखित कुछ बातों पर गौर करना होगा।


**1.** "विनोद" से "विनाश" की इस यात्रा की जटिलताओं का अध्ययन अपने आप में एक नायाब सा अनुभव देता है क्योंकि "काम" और "भोग" के बीच का यह खेल अपने आप में सदैव रहस्य व तिलिस्म की बातें बनकर का सामने आ जाती हैं। इस जटिल सहसंबंध की कारीगरी देखिए कि अपनी मूल प्रकृति के विपरित जाकर भी इसे रूपांतरित और संस्कारित किया जा सकता है।

**2.** इस रूपांतरण को समझने के लिए किसी भी योनि की उन विशिष्ट क्षमताओं का अध्ययन करना जो प्रत्येक भोग के बाद साफ सफाई के प्रति संवेदनशीलता दिखाने लग जाता है। विडंबना देखिए कि भोग जब कभी पारस्परिक होने लगे तो इसकी सद्गगति मल मूत्र के परित्याग वाले अधर्मी मार्ग से होकर ही गुजरती है। इसके बावजूद हम भोग के प्रति आग्रही बने रहते हैं और संतानोत्पत्ति के लिए किये गये संसर्ग को कभी भी अधर्म की श्रेणी का नहीं मानते।

**3.** काम के लिए संस्कार के प्रयोगों की बानगी देखें तो एक गृहस्थ के द्वारा अपनाए गए भोग की सद्गगति अंततः सांसारिक व नैतिक रूप से स्वीकार्य होने के साथ धर्म निर्वाह की कोख से बाहर निकलता नजर आने लगता है। इसके विपरित यही काम जब अमर्यादित स्वरूप ग्रहण कर लेता है तो वह नीति विरुद्ध होकर वासनायुक्त होता चला जाता है और मल मूत्र की ही तरह स्वतः विकार की श्रेणी में आ खड़ा होता है।

**4.** इस पूरे संदर्भ को सनातनी संस्कृति के आलोक में देखें तो "काम" जब अपने लक्ष्य से भटकर "भोग" की राह पकड़ लेता है तब वही भोग खुद में एक भयंकर रोग बन जाता है। इस मामले में भारतीय दर्शन को अद्वितीय माना गया है क्योंकि जिस भोग पाश्चात्य दर्शन में भोग "फन" माना गया है उसे यहां पाप या नर्कगामी रोग मानकर उससे बचने की सलाह दी गई है। यह एक बड़ी वजह है कि काम को संस्कार के दायरे में रखने, सकारात्मक बनाए रखने और प्रयोगधर्मी बनाए रखने के लिए किए गए प्रयासों को भारतीय संस्कार के अंतर्गत पुरुषार्थ की श्रेणी में रखा गया है।

**5.** अब यदि आप काम भाव के भोग में लिप्त होते हुए भी अपनी गृहस्थी को ऊपर उठाने की कोशिश करते है तो आपका यही आचरण रोम रोम में राम के वास की बातें करता है। दूसरी ओर इससे वंचित होते ही हम "विकृत काम" के आगोश में स्वतः चले जाते हैं और यह जीवन से पलायन का कुपथ बनकर हमारे विनाश का कारण बनता चला जाता है। बहरहाल भोग के योग की साधना का रहस्य पथप्रदर्शक बनकर हमारे सामने हो तो हम भारतीयों के लिए "काम" न तो "फन" है, न "सीन" है बल्कि यह तो कामना का एक शाश्वत व शानदार विषय है।



**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**केदारनाथ दास**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## शिवलिंग के विविध स्वरूप और उनके चमत्कारी लाभ

# धातु या पत्थर नहीं, 'पीपल की लकड़ी' से बने शिवलिंग की पूजा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विश्व के नाथ का प्रिय माह सावन 11 जुलाई से शुरू होने वाला है। भगवान के दर्शन-पूजन की तैयारी जोरों पर हैं। शिवालय में बम भोले की गूंज सुनाई देगी। शिवलिंग की भक्त अपनी श्रद्धा के अनुसार पूजा-अर्चना करेंगे। अमूमन मंदिरों में पत्थर या धातु के शिवलिंग पूजे जाते हैं। हालांकि, कम ही लोग जानते हैं कि धातु या पत्थर ही नहीं, 'पीपल की लकड़ी', आंवला, मिश्री, सोंठ, मिर्च और फूलों से बने शिवलिंग की भी पूजा होती है।

हिंदू धर्म में शिवलिंग की पूजा का विशेष महत्व है। कई सामग्रियों से निर्मित शिवलिंग के विषय में जानकारी धार्मिक ग्रंथों जैसे शिव पुराण, लिंग पुराण और स्कंद पुराण में मिलती है। प्रत्येक सामग्री से बने शिवलिंग का विशिष्ट फल भी है, जो भक्तों के जीवन में सुख, समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति प्रदान करता है। मिश्री, सोंठ, मिर्च, फूलों से बने शिव लिंग, जौ, गेहूं, चावल, फल, यज्ञ की भस्म, बांस के अंकुर को शिवलिंग के समान काटकर पूजा करने से वंश वृद्धि होती है। दही, गुड़, आंवला, कपूर, दुर्वा, स्फटिक, मोती, स्वर्ण निर्मित शिवलिंग, चांदी के बने शिवलिंग, पीपल की लकड़ी से बना शिवलिंग, लहसुनिया से बना शिवलिंग, बिबर की मिट्टी के बने शिवलिंग, पारद शिवलिंग का अभिषेक सर्वोत्कृष्ट माना गया है।दुर्वा से बने शिवलिंग की पूजा अकाल मृत्यु के भय को दूर करती है। पीपल की लकड़ी से निर्मित शिवलिंग दरिद्रता का निवारण करता है, जबकि लहसुनिया से बना शिवलिंग शत्रुओं पर विजय दिलाता है।



### शिवलिंग के प्रकार और उनका आध्यात्मिक व भौतिक महत्व

शिव पुराण में पारद (पारा) से बने शिवलिंग का अभिषेक सर्वोत्तम माना गया है, जो सभी सिद्धियों और मोक्ष का दाता है। शिवलिंग की पूजा से न केवल आध्यात्मिक, बल्कि भौतिक सुख-समृद्धि भी प्राप्त होती है।धर्म ग्रंथों में शिव लिंग के 20 प्रकार एवं महत्त्व का वर्णन मिलता है। शिव पुराण के अनुसार, दही से बने शिवलिंग की पूजा से समस्त सुख और धन की प्राप्ति होती है। वहीं, गुड़ से निर्मित शिवलिंग में अन्न चिपकाकर पूजन करने से कृषि उत्पादन में वृद्धि होती है, जो खेती-किसानी से जुड़े भक्तों के लिए विशेष लाभकारी है। लिंग पुराण में उल्लेख है कि आंवले से बने शिवलिंग का रुद्राभिषेक करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। कपूर से निर्मित शिवलिंग की पूजा आध्यात्मिक उन्नति और मुक्ति प्रदान करती है, जो साधकों के लिए महत्वपूर्ण है। स्फटिक के शिवलिंग की पूजा से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं, जैसा कि शिव पुराण में वर्णित है। वहीं, स्वर्ण और चांदी से बने शिवलिंग के पूजन सुख-समृद्धि और धन-धान्य में वृद्धि करते हैं। ये पूजा विधान विशेष रुप से गृहस्थ जीवन में समृद्धि लाते हैं।

## 'पीड़िता की पहचान उजागर करना अपराध', कोलकाता पुलिस ने चेताया

**कोलकाता।** कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा के साथ हुई गैंगरेप की घटना से लोगों में आक्रोश है। पश्चिम बंगाल की राजधानी में सड़क पर इसका असर देखा जा चुका है। इस बीच गैंगरेप की घटना पर राजनीति भी तेज है। फिलहाल कोलकाता पुलिस ने कसबा मामले में पीड़िता की पहचान गोपनीयता बनाए रखने के लिए कदम उठाए हैं। कोलकाता पुलिस ने सोशल मीडिया के जरिए चेतावनी दी है कि पीड़ित की पहचान उजागर करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कोलकाता पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, "संज्ञान में आया है कि कुछ लोग गोपनीय दस्तावेजों के प्रसार या अन्य तरीकों से कस्बा मामले में पीड़ित की पहचान का खुलासा करने की कोशिश कर रहे हैं। ये कानून का गंभीर उल्लंघन है। ऐसे कृत्यों में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ संबंधित प्रावधानों के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जनता को सलाह दी जाती है कि वो ऐसी कोई भी जानकारी साझा न करें जिससे पीड़ित की पहचान उजागर हो सके। पीड़ितों की गरिमा और गोपनीयता का सम्मान करना एक कानूनी दायित्व और नैतिक अनिवार्यता है।

## पुनौराधाम सीता मंदिर का अगस्त में होगा शिलान्यास

# नीतीश कैबिनेट ने मंजूर किया 882 करोड़ का बजट

**एजेंसी। पटना**

बिहार कैबिनेट ने मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में 24 एजेंडों पर मुहर लगाई। राज्य के कलाकारों को 3,000 रुपये मासिक पेंशन देने का फैसला किया गया। सीतामढ़ी के पुनौरा धाम के विकास के लिए 882.87 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। नीतीश ने एक्स पर लिखा कि मुझे बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि जगत जननी मां जानकी की जन्मस्थली पुनौराधाम, सीतामढ़ी को समग्र रूप से विकसित किए जाने हेतु भव्य मंदिर सहित अन्य संरचनाओं के निर्माण की योजना को आज कैबिनेट से मंजूरी दे दी गई है।

बिहार सीएम ने आगे लिखा कि आज कैबिनेट में पुनौराधाम के समग्र विकास के लिए तैयार की गई वृहद योजना के लिए 882 करोड़ 87 लाख रू० की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना का जल्द ही कार्यारंभ कर दिया जाएगा। मैंने अगस्त महीने तक इसका शिलान्यास कराने का निर्देश दिया है। हमलोग पुनौराधाम, सीतामढ़ी में भव्य मंदिर निर्माण शीघ्र पूरा कराने हेतु कृतसंकल्पित हैं। इसका श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र, अयोध्या की तर्ज पर समग्र विकास किया जाएगा। पुनौराधाम में मां जानकी के भव्य मंदिर का निर्माण सभी देशवासियों के लिए तथा विशेष रूप से हम सभी बिहारवासियों के लिए सौभाग्य एवं गर्व की बात है।

एक अन्य निर्णय में मुख्यमंत्री गुरु शिष्य परंपरा योजना नामक एक नई योजना शुरू की जाएगी, जिसके लिए इस योजना के लिए वार्षिक ब्याज के रूप में 1.11 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। बैठक में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत वर्ष 2025-26 के लिए 36.35 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। यह योजना रासायनिक खाद या कीटनाशकों के बिना खेती को बढ़ावा देती है। साथ ही, बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए मतपत्र कोलकाता स्थित सरस्वती प्रेस लिमिटेड द्वारा छापे जाएंगे।



- राज्य के कलाकारों को ₹3,000 मासिक पेंशन देने की स्वीकृति
- सीतामढ़ी स्थित मां जानकी की जन्मस्थली पुनौराधाम के समग्र विकास हेतु ₹882.87 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति

## जीएसटी के आठ साल पूरे, राहुल गांधी बोले-

# यह आर्थिक अन्याय और कॉर्पोरेट भाईचारे का क्रूर हथियार

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत सरकार द्वारा हर साल 1 जुलाई को मनाया जाने वाला जीएसटी दिवस, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के औपचारिक रूप से लागू होने की आठवीं वर्षगांठ का प्रतीक है। देश के सबसे बड़े कर सुधारों में से एक, जीएसटी की शुरूआत ने भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को एक सुव्यवस्थित कर संरचना में एकीकृत करने में मदद की। जीएसटी के शुभारंभ के दिन का उपयोग जीएसटी ढांचे के बारे में जागरूकता और अनुपालन को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है।

हालांकि, यह बात भी सही है कि कांग्रेस लगातार इसका विरोध करती रही है। आज एक बार फिर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसको लेकर सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि 8 साल बाद, मोदी सरकार का जीएसटी कोई कर सुधार नहीं है - यह आर्थिक अन्याय और कॉर्पोरेट भाईचारे का क्रूर हथियार है। इसे गरीबों को दंडित करने, एमएसएमई को कुचलने, राज्यों को कमजोर करने और प्रधानमंत्री के कुछ अरबपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाया गया था।

उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि एक "अच्छा और सरल कर" का वादा किया गया था। इसके बजाय, भारत को अनुपालन का दुःस्वप्न और पाँच-स्लैब कर व्यवस्था मिली, जिसमें 900 से अधिक बार संशोधन किया गया है। यहाँ तक कि कारमेल पॉपकॉर्न और क्रीम बन भी इसके भ्रम के जाल में फँस गए हैं। उन्होंने आगे लिखा कि नौकरशाही की भूलभुलैया बड़े कॉरपोरेट्स के पक्ष में है, जो एकाउंटेंट की सेना के साथ इसकी खामियों को दूर कर सकते हैं, जबकि छोटे दुकानदार, एमएसएमई और आम व्यापारी लालफीताशाही में डूबे हुए हैं। जीएसटी पोर्टल दैनिक उत्पीड़न का स्त्रोत बना हुआ है।राहुल ने कहा कि भारत के सबसे बड़े रोजगार सृजक एमएसएमई को सबसे अधिक नुकसान हुआ है।

## भारतीय रेलवे ने लॉन्च किया रेल वन ऐप

# 'रेल वन' ऐप, यात्रियों को मिलेगी एक ही प्लेटफॉर्म से सभी सुविधाएं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मंगलवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल वन मोबाइल एप्लीकेशन लॉन्च किया, जिसे यात्रियों को टिकट बुकिंग, ट्रेन और पीएनआर पूछताछ, यात्रा योजना, रेल सहायता और भोजन बुकिंग सहित कई सेवाओं तक सुविधाजनक पहुँच प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्लेटफ़ॉर्म पर उपलब्ध इस ऐप का उद्घाटन सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम्स (सीआरआईएस) के 40वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान किया गया।

रेल मंत्रालय की एक प्रेस विज्ञप्ति में रेल वन ऐप को सभी यात्री ज़रूरतों के लिए एक व्यापक समाधान बताया गया। इसने इस बात पर प्रकाश डाला कि उपयोगकर्ता आरक्षित और अनारक्षित टिकटिंग, प्लेटफ़ॉर्म टिकट, ट्रेन और पीएनआर पूछताछ और भोजन बुकिंग जैसी विभिन्न सेवाओं तक सीधे ऐप के माध्यम से पहुँच सकेंगे। संचार में यह भी कहा गया है कि इसमें माल ढुलाई पूछताछ की सुविधाएँ भी शामिल हैं।उपयोगकर्ता रेल वन ऐप डाउनलोड करने के बाद अपने मौजूदा RailConnect या UTSonMobile ऐप आईडी का उपयोग करके लॉग इन कर सकते हैं, जिससे विभिन्न सेवाओं के लिए अलग-अलग एप्लिकेशन की आवश्यकता समाप्त हो जाती है और डिवाइस पर स्टोरेज स्पेस की बचत होती है। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय ने ऐप के भीतर R-वॉलेट (रेलवे ई-वॉलेट) की शुरुआत के साथ-साथ संख्यात्मक एम पीन और बायोमेट्रिक विकल्पों सहित आसान लॉगिन के लिए सुविधाओं का उल्लेख किया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि नए उपयोगकर्ता न्यूनतम जानकारी के साथ पंजीकरण कर सकते हैं, जिससे एक त्वरित और सरल पंजीकरण प्रक्रिया की सुविधा मिलती है। जो उपयोगकर्ता केवल पूछताछ करना चाहते हैं, उनके लिए मोबाइल नंबर और OTP का उपयोग करके अतिथि लॉगिन विकल्प भी उपलब्ध है।

### सभी सेवाओं के लिए एकीकृत और सहज प्लेटफॉर्म

मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया कि ऐप का प्राथमिक उद्देश्य सरल और सहज इंटरफ़ेस के माध्यम से उपयोगकर्ताओं के अनुभव को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि ऐप न केवल सभी सेवाओं को एक स्थान पर एकीकृत करता है, बल्कि यह उन सेवाओं के बीच एकीकृत कनेक्टिविटी भी प्रदान करता है, जिससे उपयोगकर्ताओं को भारतीय रेलवे की पेशकशों का पूरा पैकेज मिलता है। ऐप की एक खास विशेषता सिंगल साइन-ऑन क्षमता है, जो कई पासवर्ड की आवश्यकता को हटाकर लॉगिन प्रक्रिया को सरल बनाती है।





# भाजपा ने पांच नेताओं को किया निलंबित, लगा है ये बड़ा आरोप

**एजेंसी। ओडिशा**

ओडिशा भारतीय जनता पार्टी ने एक त्वरित अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए सोमवार को भुवनेश्वर नगर निगम (बीएमसी) कार्यालय में हुई हिंसा में कथित संलिप्तता के बाद पांच पार्टी नेताओं को मंगलवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने नगरसेवक अपरूप नारायण राउत, रश्मी रंजन महापात्र, देबाशीष प्रधान, सचिकांत स्वैन और संजीव मिश्रा को निलंबित कर दिया। भाजपा ने यह कदम बीएमसी के अतिरिक्त आयुक्त रत्नाकर साहू को सोमवार को उनके कार्यालय से कथित तौर पर घसीट कर ले जाने और बदमाशों के एक समूह द्वारा उन पर हमला करने के बाद उठाया है। ओडिशा प्रशासनिक सेवा संघ ने सोमवार को वरिष्ठ ओएएस अधिकारी पर कथित हमले के विरोध में अपने सदस्यों से मंगलवार से 'सामूहिक अवकाश' पर जाने का आह्वान किया है। हालांकि, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से आश्वासन मिलने के बाद एसोसिएशन ने अपना 'सामूहिक अवकाश' विरोध स्थगित करने का फैसला किया है। माझी ने आश्वासन दिया है कि उनके वरिष्ठ सहयोगी पर कथित हमले में शामिल सभी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एक अधिकारी ने कहा, "पुलिस ने अब तक हमले के सिलसिले में भाजपा पार्षद जीवन राउत सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और अन्य की तलाश कर रही है।" राज्य सरकार ने सोमवार रात ओएएस एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ दो बैठकें कीं। उन्होंने कहा, "पहली बैठक मुख्य सचिव मनोज आहूजा के साथ डीजीपी वाई बी खुरानिया की मौजूदगी में हुई। बाद में, मुख्य सचिव, डीजीपी, पुलिस आयुक्त और महाधिवक्ता की मौजूदगी में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बैठक का एक और दौर आयोजित किया गया। बैठक आधी रात तक चली।



# उद्धव-राज करीब आ रहे तो महाराष्ट्र में कांग्रेस का एकला चलो राग

**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र की अस्थिर राजनीति एक बार फिर टकराव के लिए तैयार है, इस बार विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन में। राज्य सरकार की हालिया शिक्षा नीति के आधार पर हिंदी लागू करने के विवाद को लेकर प्रमुख सहयोगी दल शिवसेना (यूबीटी) के उद्धव ठाकरे द्वारा अपने चचेरे भाई राज ठाकरे की एमएनएस के साथ गर्मजोशी दिखाने के हालिया घटनाक्रम के बाद। एमएनएस और शिवसेना (यूबीटी) प्राथमिक स्कूल शिक्षा में तीसरी भाषा के रूप में हिंदी लागू करने के प्रस्तावित प्रस्ताव का मुखर विरोध कर रहे हैं।

**महाराष्ट्र में हिंदी लागू करने का विवाद क्या है ? :** कक्षा 1 से 5 तक हिंदी लागू करने के बढ़ते विरोध के बीच, राज्य सरकार ने तीन-भाषा नीति के कार्यान्वयन से संबंधित दो आधिकारिक आदेश वापस ले लिए हैं। विरोध के जवाब में, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिक्षाविद् नरेंद्र जाधव के नेतृत्व में एक समिति के गठन की घोषणा की है, जो राज्य की भाषा नीति पर भविष्य की कार्रवाई की सिफारिश करेगी।

### कांग्रेस अलर्ट मोड पर

मराठी मानुस मुद्दे पर ठाकरे बंधुओं के एक मंच पर आने से चिंतित, एमवीए में उद्धव की पार्टी की सहयोगी कांग्रेस अब बीएमसी चुनाव अपने दम पर लड़ने के विकल्प पर विचार कर रही है, सूत्रों ने बताया। इससे यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि मुंबई में एमवीए गठबंधन टूट सकता है। कांग्रेस ने अब मुंबई कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं से फीडबैक लिया है। ज्यादातर नेताओं का मानना है कि ठाकरे गुट के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ना पार्टी की संभावनाओं को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकता है। उन्हें लगता है कि कांग्रेस को मुंबई में अपनी मौजूदगी बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ना चाहिए।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें ।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

# फर्जी पुलिस गैंग से कराई लूट, 24 घंटे में दिल्ली पुलिस ने 8 आरोपियों को पकड़ा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली में फर्जी पुलिस गैंग का पर्दाफाश हुआ है। एक खास ऑपरेशन के बाद दिल्ली पुलिस को सफलता मिल पाई और पूरे गैंग का भंडाफोड़ करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूर्वी जिला की स्पेशल स्टाफ टीम और लक्ष्मी नगर पुलिस थाने के स्टाफ ने पिछले 24 घंटे में इन सभी आरोपियों को पकड़ा। आरोपियों के पास से दो गाड़ियां, चोरी का नकद, लैपटॉप और मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, इन आरोपियों ने लक्ष्मी नगर इलाके में फर्जी स्पेशल स्टाफ यूनिट के रूप में एक बीमा पॉलिसी के दफ्तर पर छापा मारकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। 27 जुलाई को शास्त्री पार्क के रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी थी, जिसमें बताया गया कि चार व्यक्ति स्पेशल स्टाफ यूनिट के पुलिसकर्मी बनकर उसके कार्यालय में जबरन घुसे। उन्होंने मोबाइल फोन और लैपटॉप चोरी कर लिया। एक हुंडई वेन्यू कार में जबरदस्ती ले जाकर पीटा और डेढ़ लाख रुपये भी लिए, जिसमें 70 हजार रुपये उनके खाते में ट्रांसफर कराए गए। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने उसे नकली बीमा धोखाधड़ी केस में फंसाने की धमकी भी दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पूर्वी जिला पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू की।



## मुख्यमंत्री बनने की जल्दी में तेजस्वी यादव, कुछ भी बोल सकते हैं

**पटना।** बिहार के मंत्री जमा खान ने विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव पर जोरदार तंज कसते हुए कहा कि वे मुख्यमंत्री बनने की ऐसी जल्दबाजी में हैं कि कुछ भी बोल सकते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष की राजनीतिक पार्टियां अल्पसंख्यक समुदाय को बहकाने में लगी हुई हैं, लेकिन ऐसा कुछ होने वाला नहीं है। 2025 में फिर से एनडीए की सरकार बनेगी। पटना के गांधी मैदान में वक्फ (संशोधन) कानून, 2025 को लेकर मुस्लिम संगठनों के विरोध प्रदर्शन पर पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए।

## शिलान्यास | राष्ट्रपति आज करेंगी यूपी के पहले आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण

# गोरखपुर को मिला पहला आयुष विश्वविद्यालय

- गोरखपुर के भटहट क्षेत्र के पिपरी गांव में 52 एकड़ भूमि पर निर्मित।

**एजेंसी। गोरखपुर**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गोरखपुर दौरे के दूसरे दिन प्रदेश को आयुष विश्वविद्यालय की सौगात देंगी। महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का शिलान्यास 28 अगस्त 2021 को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था। भटहट के पिपरी में बना यूपी का पहला महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय आयुर्वेद समेत प्राचीन व परंपरागत आयुष विधाओं की चिकित्सा और इनसे जुड़ी शिक्षा का केंद्र ही नहीं बनेगा बल्कि इसके जरिये रोजगार के नए द्वार भी खुलने जा रहे हैं। आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण मंगलवार (एक जुलाई) को पूर्वाह्न देश की प्रथम नागरिक, महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु करेंगी। आयुष पद्धति से चिकित्सा, शिक्षा और मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश का पहला आयुष विश्वविद्यालय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट है। यह आयुष विश्वविद्यालय भटहट क्षेत्र के पिपरी में 52 एकड़ क्षेत्रफल में बना है। इसकी स्वीकृत लागत 267.50 करोड़ रुपये है। आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण भले ही मंगलवार को होने जा रहा है लेकिन यहां आयुष ओपीडी का शुभारंभ 15 फरवरी 2023 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जा चुका है। हाल के दिनों में सायंकाल के सत्र में भी ओपीडी चलने लगी है। प्रतिदिन यहां आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी की ओपीडी में औसतन 300 मरीज परामर्श लेते हैं। आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना किए जाने से गोरखपुर को केंद्र में रखकर पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए यह संभावना और बढ़ जाती है। आयुष विश्वविद्यालय के आसपास के गांवों के लोगों को रोजगार के किसी न किसी स्वरूप से जोड़ा जा सकता है। आयुष विश्वविद्यालय के पूर्णतः क्रियाशील होने से किसानों की खुशहाली और नौजवानों के लिए नौकरी-रोजगार का मार्ग भी प्रशस्त होगा।



### गोरखपुर में आयुष चिकित्सा और रोजगार के नए द्वार खुले

ओपीडी शुरू होने के बाद अब तक करीब सवा लाख से अधिक लोग आयुष चिकित्सकों से परामर्श लाभ ले चुके हैं। लोकार्पण के बाद अस्पताल (आईपीडी, ओटी) शुरू होने से आयुष पद्धति से उपचार की बेहतरीन सुविधा भी उपलब्ध होने लगेगी। आयुष विश्वविद्यालय में 28 कॉटेज वाला बेहतरीन पंचकर्म भी बनकर तैयार है और जल्द ही लोगों को पंचकर्म चिकित्सा की भी सुविधा मिलने लगेगी। राज्य में आयुष चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने से आयुष हेल्थ टूरिज्म में रोजगार की संभावनाएं भी बलवती हुई हैं।

## तेंदुलकर एंडरसन ट्रॉफी : बर्मिंघम टेस्ट में 3 बदलाव कर सकता है भारत

# शार्दूल और जडेजा की जगह ले सकते हैं नीतीश-सुंदर, कुलदीप की वापसी संभव

**भारत बनाम इंग्लैंड**

**बर्मिंघम । एजेंसी**

भारतीय टीम बर्मिंघम टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ 3 बदलाव के साथ उतर सकती है। एजबेस्टन मैदान पर 2 जुलाई से शुरू होने जा रहे सीरीज के दूसरे मैच में टॉप ऑर्डर बल्लेबाज साई सुदर्शन, ऑलराउंडर शॉर्दूल ठाकुर और रवींद्र जडेजा को बेंच पर बैठाया जा सकता है। इनकी जगह बैटिंग ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी और वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया जा सकता है। कुलदीप यादव की वापसी भी हो सकती है। भारत के असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट ने सोमवार को कहा था- 'एजबेस्टन में भारतीय टीम 2 स्पिनर्स को मैदान पर उतारेगी। बुमराह चयन के लिए अवेलेबल हैं, लेकिन उनके खेलने न खेलने पर फैसला अगले 24 घंटों में लिया जाएगा। फिलहाल, शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 0-1 से पिछड़ गई है। टीम को पहले टेस्ट में 5 विकेट की हार झेलनी पड़ी थी। 5 मैचों की सीरीज में वापसी करने के लिए इंडिया को दूसरा टेस्ट जीतना होगा।

### बर्मिंघम टेस्ट के लिए भारत की पॉसिबल प्लेइंग-11



बैटिंग में एक बदलाव संभव, साई किशोर ड्रॉप हो सकते हैं लीड्स टेस्ट में भारतीय टीम 5 शतक के बावजूद हार गई थी। ऐसे में बैटिंग डिपार्टमेंट में एक बदलाव संभव है। साई सुदर्शन को बाहर बैठाया जा सकता है। उनकी जगह करुण नायर को नंबर-3 पर आजमाया जा सकता है। दोनों पहली पारी में खाता नहीं खोल सके थे, जबकि दूसरी पारी में साई ने 30 और करुण नायर ने 20 रन स्कोर किए थे। इन दोनों के अलावा सभी बैटर्स ने रन बनाए। इसलिए शेष बल्लेबाजी में बदलाव की गुंजाइश नहीं है। ओपनर यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल ने एक-एक शतक लगाए। ऋषभ पंत ने तो दोनों पारियों में शतक बनाया।

## विजय अभियान को जारी रखना चाहेगी भारतीय टीम, हरमनप्रीत की वापसी संभव

**नई दिल्ली** । इंग्लैंड को पहले टी20 मैच में 97 रन से करारी शिकस्त देने के बाद भारतीय महिला टीम अब अगले मुकाबले के लिए तैयार है। मंगलवार को ब्रिस्टल में दोनों टीमें पांच मुकाबलों की सीरीज का दूसरा मुकाबला खेलेंगी। भारतीय महिला टीम ने 28 जून को खेले गए सीरीज के शुरुआती मुकाबले में 210 रन बनाए थे। भारत की ओर से स्मृति मंधाना ने 112 रन की शतकीय पारी खेली थी। इसके जवाब में इंग्लैंड 14.5 ओवरों में महज 113 रन पर सिमट गई। मेजबान टीम पर शानदार जीत के बाद भारतीय टीम के हौसले बुलंद हैं। कप्तान हरमनप्रीत कौर टी20 सीरीज की शुरुआत से ठीक पहले प्रैक्टिस मैच के दौरान चोटिल हो गई थीं, जिसके चलते उन्हें पहले मुकाबले से आराम दिया गया। हालांकि, अब दूसरे टी20 मुकाबले में हरमनप्रीत कौर के उतरने की संभावना नजर आ रही है।

**● मंधाना की इस पारी ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई**

## सीरीज बराबरी पर लाना चाहेगी टीम इंडिया जानिए कैसा रहेगा पिच और मौसम का मिजाज?

**नई दिल्ली** । भारत-इंग्लैंड के बीच दो जुलाई से दूसरे टेस्ट मैच की शुरुआत होने जा रही है। पांच मुकाबलों की सीरीज का पहला मैच पांच विकेट से गंवाने के बाद टीम इंडिया के लिए यह मुकाबला बेहद अहम है। फिलहाल टीम इंडिया सीरीज में 0-1 से पिछड़ चुकी है और अगले मुकाबले में जीत ही उसे सीरीज में 1-1 से बराबरी पर ला सकती है। दोनों टीमें एजबेस्टन में आमने-सामने होंगी, जिसमें मेहमान टीम प्लेइंग इलेवन में बदलाव के साथ उतर सकती है। भारतीय टीम में जसप्रीत बुमराह के स्थान पर कुलदीप यादव को मौका दिया जा सकता है। वहीं, इंग्लैंड ने अपनी प्लेइंग इलेवन में कोई बदलाव नहीं किया है। एजबेस्टन क्रिकेट ग्राउंड की बात करें, तो मैच की शुरुआत में पिच से गति और उछाल हासिल हो सकता है। ऐसे में सलामी बल्लेबाजों के लिए तेज गेंदबाजों का सामना करना कुछ हद तक मुश्किल हो सकता है।

**● मेहमान टीम (भारत) प्लेइंग इलेवन में बदलाव के साथ मैदान में उतर सकती है**

**क्लब विश्व कप**

## मैनचेस्टर सिटी को हराकर क्वार्टर फाइनल में अल हिलाल

**ऑरलैंडो (आईएएनएस)**

मार्कोस लियोनार्डो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अल हिलाल को मैनचेस्टर सिटी पर 4-3 से जीत दिलाई। इसी के साथ टीम ने फीफा क्लब विश्व कप क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। बर्नार्डो सिल्वा ने नौवें मिनट में ही गोल दागा। इसके बाद दोनों टीमों ने लगातार कोशिशें कीं, लेकिन कोई और गोल इस हाफ में नहीं आया। दूसरे हाफ में मार्कोस लियोनार्डो (46) और मैल्कम (52) ने गोल दागकर अल-हिलाल को 2-1 से आगे कर दिया, लेकिन तीन मिनट बाद ही एरलिंग हैलैंड (55) ने गोल दागकर जल्दी ही मैनचेस्टर सिटी को बराबरी पर ला दिया। अल-हिलाल ने अतिरिक्त समय में कलिडौ कौलीबाली (94) की मदद से फिर से बढ़त हासिल की, लेकिन फिल फोडेन के 100वें सिटी गोल ने सिटी को बराबरी पर ला दिया।

लियोनार्डो अल-हिलाल के लिए मैच विजेता साबित हुए। लियोनार्डो ने 112वें मिनट में गोल दागकर अल-हिलाल को 4-3 से आगे कर दिया। मैच के बाद कलिडौ कौलीबाली ने कहा, "हम जानते थे कि दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के खिलाफ एक कठिन खेल था। हम अपने विचारों, अपनी प्रतिभा, अपनी ताकत को दिखाना चाहते थे। मुझे लगता है कि हमने बहुत अच्छा खेल खेला। रक्षात्मक रूप से हम बहुत मजबूत थे।

## हॉकी : यूरोप दौरे पर इंडिया-ए की कमान संभालेंगे संजय

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



हॉकी इंडिया ने मंगलवार को यूरोप के आगामी दौरे के लिए इंडिया-ए पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। यह दौरा 8 से 20 जुलाई तक चलेगा। भारत के इस यूरोप दौरे में कुछ शीर्ष यूरोपीय टीमों के खिलाफ कुल आठ मैच खेले जाएंगे, जिसका उद्देश्य उभरते और अनुभवी खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्रदान करना है। इंडिया-ए टीम आयरलैंड, फ्रांस और नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगी, जबकि उसे इंग्लैंड और बेल्जियम के खिलाफ एक-एक मुकाबला खेलना है। 20 सदस्यीय टीम में अनुभवी और होनहार युवा खिलाड़ियों का मिश्रण है, जिन्होंने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय सर्किट में प्रभावित किया है। इंडिया-ए टीम की कप्तानी संजय करेंगे, जबकि मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह उप-कप्तान होंगे। भारत की टीम में गोलकीपर पवन और मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार और डिफेंडर प्रताप लाकड़ा, वरुण कुमार, अमनदीप लाकड़ा, प्रमोद और संजय शामिल हैं।

मिडफील्डर्स में पूवन्ना चंदुरा बॉबी, मोहम्मद राहील मौसीन, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह, विष्णुकांत सिंह, प्रदीप सिंह और राजिंदर सिंह मौजूद हैं, जबकि फॉरवर्ड लाइन-अप में अंगदबीर सिंह, बॉबी सिंह धामी, मनिंदर सिंह, वेंकटेश केंचे, आदित्य अर्जुन लालगे, सेल्वम कार्ति और उत्तम सिंह हैं। स्टैंडबाय खिलाड़ियों की लिस्ट में गोलकीपर अंकित मलिक, डिफेंडर सुनील जोजो और फॉरवर्ड सुदीप चिरमाको शामिल हैं। यूरोप के दौरे पर टीम को शिवेंद्र सिंह ट्रेनिंग देंगे, जो पुरुष टीम के असिस्टेंट कोच भी हैं। शिवेंद्र सिंह बेहद अनुभवी हैं। वह आक्रामक खेल पर खासा ध्यान देते हैं।

### यूरोप दौरे के लिए भारत-ए की टीम

- **गोलकीपर:** पवन, मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार।
- **डिफेंडर:** प्रताप लाकड़ा, वरुण कुमार, अमनदीप लाकड़ा, संजय (कप्तान) और प्रमोद।
- **मिडफील्डर:** पूवन्ना चंदूरा बॉबीमोहम्मद राहील मौसीन, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह (उप-कप्तान), विष्णुकांत सिंह, प्रदीप सिंह और राजिंदर सिंह।
- **फॉरवर्ड:** अंगदबीर सिंह, बॉबी सिंह धामी, मनिंदर सिंह, वेंकटेश केंचे, आदित्य अर्जुन लालगे, सेल्वम कार्ति और उत्तम सिंह।
- **स्टैंडबाय:** अंकित मलिक (गोलकीपर), सुनील जोजो (डिफेंडर) और सुदीप चिरमाको (फॉरवर्ड)।

## 'हम करके दिखाते हैं' : अदाणी ग्रुप के अशोक परमार ने गोल्ड मेडल जीतकर दिखाई असाधारण दृढ़ता



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

गुजरात स्टेट बेंच प्रेस एंड डेडलिफ्ट चैंपियनशिप में अदाणी समूह के अशोक परमार ने अपनी असाधारण दृढ़ता और कौशल का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता। परमार ने दिव्यांग होने के बावजूद, सामान्य श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करते हुए इस उपलब्धि को हासिल किया, जो उनकी प्रेरणादायक यात्रा का प्रतीक है। पॉवरलिफ्टिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन गुजरात द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में जूनियर, सीनियर और मास्टर्स स्तर पर पुरुष और महिला श्रेणियां शामिल थीं। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने एक्स पोस्ट के जरिए कहा, "अशोक परमार को किसी अलग श्रेणी की जरूरत नहीं थी। उन्होंने हर प्रतियोगी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा होकर गोल्ड मेडल जीता। हां, अशोक एक दिव्यांग हैं, लेकिन हम अपवाद नहीं मांगते, हम संभव को फिर से परिभाषित करते हैं।

## नए सीजन में शामिल हुईं दो नई फ्रेंचाइजी नीलामी में होंगे 10 से ज्यादा आईपीएल खिलाड़ी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

**डीपीएल-2**



दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने मंगलवार को दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सीजन से पहले लीग में दो नई पुरुष फ्रेंचाइजी जोड़ने का ऐलान किया है। 'आउटर दिल्ली' फ्रेंचाइजी को सविता पेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने 10.6 करोड़ रुपये में खरीदा है। वहीं, 'नई दिल्ली' फ्रेंचाइजी को भीमा टोलिंग एंड ट्रैफिक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और क्रेयॉन एडवरटाइजिंग लिमिटेड के साझा समूह ने 9.2 करोड़ रुपये में खरीदा है। इस विस्तार से लीग में पुरुष टीमों की संख्या छह से बढ़कर आठ हो गई है। इससे पहले लीग में छह फ्रेंचाइजी (सेंट्रल दिल्ली किंग्स, ईस्ट दिल्ली राइडर्स, नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स, पुरानी दिल्ली-6, साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज और वेस्ट दिल्ली लायंस) थीं। डीपीएल सीजन-2 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 6-7 जुलाई को दिल्ली में होगी। पुरुष खिलाड़ियों की नीलामी 6 जुलाई को होगी, जिसके बाद महिला खिलाड़ियों की नीलामी 7 जुलाई को होगी।

दिलचस्प बात यह है कि पुरुष खिलाड़ियों की नीलामी में कई बेहतरीन क्रिकेटर शामिल होंगे। इनमें ऋषभ पंत, इशांत शर्मा जैसे नामी खिलाड़ी और प्रियांश आर्य, आयुष बडोनी, हर्षित राणा, दिग्वेश राठी, हिम्मत सिंह, सुयश शर्मा, मयंक यादव और अनुज रावत जैसे उभरते सितारे भी हैं। डीपीएल की वापसी पर बोलते हुए, डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा, "दिल्ली प्रीमियर लीग सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है, यह राजधानी की गहरी जड़ें जमाए क्रिकेट कल्चर का जश्न है। सीजन-1 में हमने जिस तरह का टैलेंट देखा, वह वाकई आशाजनक था। इस विस्तार के साथ, हम और भी अधिक खिलाड़ियों को चमक बिखेरने के लिए मंच दे रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा, "प्रियांश आर्य, दिग्वेश राठी और कई अन्य खिलाड़ियों ने डीपीएल और आईपीएल-2025 के दौरान अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। जुलाई में होने वाली नीलामी सीजन के लिए माहौल तय करेगी। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यह अनुभव फ्रेंचाइजी, खिलाड़ियों और फैंस के लिए समान रूप से सहज और प्रभावशाली हो।

## रिटायरमेंट को लेकर नाथन लियोन ने फैंस के सामने रखी दिल की बात

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन का अभी रिटायरमेंट लेने का कोई विचार नहीं है। यह 37 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी अपने करियर के अंत से पहले इंग्लैंड और भारत में सीरीज जीतने के साथ-साथ एक और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप खिताब जीतना चाहता है। साल 2023 में ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल जीता था। इसमें लियोन ने अहम भूमिका निभाई थी। इसके बाद नाथन लियोन बीते महीने लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल का हिस्सा रहे, जिसमें ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त झेलनी पड़ी थी। नाथन लियोन ने साल 2011 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू किया था। लियोन ने हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की शानदार जीत में तीन विकेट अपने नाम किए थे। 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' ने नाथन लियोन के हवाले से कहा, "मैंने हमेशा कहा है कि मैं भारत में जीतना चाहता हूं। मैं इंग्लैंड में जीतना चाहता हूं। हमें कुछ सालों में वह मौका मिल जाएगा, लेकिन हमें टेस्ट-दर-टेस्ट खेलना होगा।

**रवि शास्त्री की सलाह**

## टेस्ट सीरीज में वापसी के लिए टीम इंडिया तुरंत करे पलटवार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले टीम इंडिया के लिए मैसेज भेजा है। शास्त्री ने कहा कि शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम को पांच मैचों की सीरीज में वापसी के लिए तुरंत जवाबी हमला करना होगा। टीम इंडिया को पूरे मैच में दबदबा बनाए रखने के बावजूद इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। रवि शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू से कहा, "भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वह तुरंत जवाबी हमला करे। जब आप इस तरह का टेस्ट मैच हारते हैं, एक ऐसा मुकाबला जिसमें आप ज्यादातर समय हावी रहते हैं और फिर आखिरी दिन हार जाते हैं। इंग्लैंड को अपना संयम बनाए रखने के लिए पूरा क्रेडिट मिलता हैं। ऐसे में सीरीज में वापसी करने के लिए बहुत अधिक जज्बे की जरूरत होती है।

उन्होंने आगे कहा, "अभी भी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के दूसरे टेस्ट में खेलने पर सवाल बना हुआ है, क्योंकि उनके वर्कलोड को मैनेज किया जा रहा है, जबकि टीम इस बात पर भी विचार कर रही है कि स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की मदद के लिए दूसरे स्पिनर को टीम में शामिल किया जाए, या नहीं। शास्त्री ने कहा, "अब, बुमराह खेलेंगे या नहीं, यह तो कोई नहीं जानता। लेकिन उम्मीद करते हैं कि वह खेलेंगे, क्योंकि यह बहुत महत्वपूर्ण टेस्ट मैच है। सब कुछ खत्म नहीं हुआ है। बस आपको एक बार में एक मैच पर ध्यान देना है। यह पांच मैचों की सीरीज है। भारत वापसी की उम्मीद कर रहा होगा।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## जीएसटी से बढ़ी करदाताओं की संख्या : मनोरंजन शर्मा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

इन्फोमेरिक्स रेटिंग के मुख्य अर्थशास्त्री डॉ. मनोरंजन शर्मा ने मंगलवार को कहा कि गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) बीते एक दशक में देश में हुए सबसे अहम सुधारों में से एक है। इससे देश में करदाताओं की संख्या में इजाफा हुआ है, साथ ही पहले के मुकाबले व्यापार करने में भी आसानी हुई है। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए मनोरंजन शर्मा ने कहा, "बीते एक दशक में देश में कई महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं, उसमें से जीएसटी काफी अहम था। यह इसके आंकड़ों से भी स्पष्ट होता है। वित्त वर्ष 2024-25 में 22.08 लाख करोड़ रुपए का जीएसटी एकत्रित हुआ था, इस दौरान औसत जीएसटी कलेक्शन 1.84 लाख करोड़ रुपए रहा, जो कि पिछले साल के मुकाबले 9 प्रतिशत से भी अधिक है। वहीं, पहले वित्त वर्ष 2020-21 में जीएसटी कलेक्शन 11.37 लाख करोड़ रुपए था। उन्होंने आगे कहा कि सरकार द्वारा समय-समय पर सुधार किए जाने के कारण जीएसटी में करदाताओं की संख्या में भी इजाफा हुआ है। अब यह बढ़कर 1.51 करोड़ हो गई है, जो कि जीएसटी लागू होने के समय करीब 60 लाख थी। आईएएनएस से अर्थशास्त्री ने कहा कि शुरुआत में जीएसटी लागू होने के बाद इसमें कुछ समस्याएं आई थीं, लेकिन सरकार ने समय रहते कार्रवाई करके इन्हें दूर कर लिया और इसके बाद जीएसटी के चलन में लगातार इजाफा हो रहा है और यह देश के लिए बहुत शुभ संकेत है। हाल ही में आए डेलॉइट के एक सर्वे, जिसमें कहा गया था कि 85 प्रतिशत कारोबारियों का मानना है कि जीएसटी का उनके कारोबार पर सकारात्मक प्रभाव हुआ है।

## कोयला मंत्रालय सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम वेब पोर्टल पर एक्सप्लोरेशन मॉड्यूल लॉन्च करने के लिए तैयार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि कोल एक्सप्लोरेशन वैल्यू चेन के एंड-टू-एंड डिजिटलीकरण को प्राप्त करने की दिशा में कोयला मंत्रालय सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम वेब पोर्टल पर एक्सप्लोरेशन मॉड्यूल लॉन्च करने के लिए तैयार है। केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी द्वारा सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट लिमिटेड (सीएमपीडीआईएल) के माध्यम से 4 जुलाई को लॉन्च किए जाने वाले इस मॉड्यूल से अलॉटी को उनके एक्सप्लोरेशन प्रपोजल ऑनलाइन सबमिट करने की सुविधा मिलेगी, जिसे फिर मंत्रालय द्वारा इंटीग्रेटेड सिस्टम के माध्यम से प्रोसेस और अप्रूव किया जाएगा। यह मॉड्यूल भूवैज्ञानिक रिपोर्ट की स्वीकृति सहित कोयले की खोज की पूरी प्रक्रिया को कवर करता है, जिसमें एक्सप्लोरेशन स्कीम की





**● यह पहल राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास (सस्टेनेबल डेवलपमेंट) लक्ष्यों में योगदान देगी**

जांच करना, समय-समय पर प्रोग्रेस अपडेट प्रस्तुत करना, टिप्पणियों के सभी संचार के साथ भूवैज्ञानिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना और अनुमोदन करना, अनुपालन अपलोड करना और फाइनल अप्रूवल सभी सिंगल डिजिटल इंटरफेस में होगा। मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, यह प्रत्येक चरण के लिए स्ट्रक्चर्ड टाइमलाइन्स बनाए रखते हुए एक्सप्लोरेशन डेटा की प्रोसेसिंग और अप्रूवल में पारदर्शिता सुनिश्चित करता है।

आधिकारिक बयान में कहा गया है, "रियल टाइम ट्रैकिंग के साथ, ऑटोमेटेड डिजिटल डॉक्युमेंट मैनेजमेंट और इंटीग्रेटेड डैशबोर्ड के साथ, यह मॉड्यूल एक्सप्लोरेशन प्रपोजल की प्रोसेसिंग के लिए आवश्यक समय को काफी कम करने के लिए तैयार है। सीएमपीडीआईएल के सहयोग से विकसित, मॉड्यूल ई-गवर्नेंस और तकनीकी सत्यापन में सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाता है। यह कोल रिसोर्स असेस्मेंट की निगरानी को सक्षम करेगा और मंत्रालय के कोयला ब्लॉक आवंटन में सुधार पेश करेगा। इस प्रकार एक्सप्लोरेशन मॉड्यूल की शुरुआत भारत के कोयला क्षेत्र में उत्पादकता, डेटा पारदर्शिता और अप्रूवल की गति को बढ़ाने में एक परिवर्तनकारी कदम होगा, जो राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा और सस्टेनेबल डेवलपमेंट लक्ष्यों में योगदान देगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और डिजिटल रूप से सशक्त इकोसिस्टम के दृष्टिकोण के अनुरूप, कोयला मंत्रालय सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम (एसडब्ल्यूसीएस) की क्षमताओं का विस्तार कर अपनी डिजिटल परिवर्तन यात्रा जारी रखता है। 11 जनवरी, 2021 को लॉन्च किया गया एसडब्ल्यूसीएस एक अग्रणी पहल है, जिसका उद्देश्य देश भर में कोयला खदानों के संचालन और कोयला उत्पादन को बढ़ाने के लिए आवश्यक सभी आवश्यक मंजूरी और अप्रूवल प्राप्त करने के लिए एक इंटीग्रेटेड डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करना है।

## नैसकॉम ने भारत के फ्यूचर डिजिटल वर्कफोर्स को आगे बढ़ाने के लिए टैलेंट काउंसिल के गठन की घोषणा की



**नई दिल्ली (आईएएनएस)** । नैसकॉम ने मंगलवार को भारत की स्थिति ग्लोबल टेक्नोलॉजी टैलेंट हब के रूप में मजबूत बनाने के लिए अपनी नई टैलेंट काउंसिल के गठन की घोषणा की। यह एक रणनीतिक उद्योग-नेतृत्व वाली पहल है, जो भविष्य के लिए तैयार, वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी डिजिटल वर्कफोर्स के निर्माण के लिए डेडिकेटेड है। आईटी उद्योग के शीर्ष निकाय ने इंफोसिस के मुख्य वितरण अधिकारी सतीश एचसी को नैसकॉम टैलेंट काउंसिल के अध्यक्ष के रूप में भी नियुक्त किया। नैसकॉम ने एक बयान में कहा कि ग्लोबल टैलेंट स्ट्रैटेजी, इनोवेशन और डिजिटल ट्रांसफोर्मेशन में तीन दशकों से अधिक के अनुभव के साथ वह वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी, हाई-ट्रस्ट इंडस्ट्री वर्कफोर्स को आकार देने के लिए काउंसिल के प्रयासों का नेतृत्व करेंगे। यह पहल इनोवेशन को बढ़ावा देने, डिजिटल परिवर्तन को आगे बढ़ाने और एक मजबूत और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी वर्कफोर्स का निर्माण कर समावेशी विकास को सक्षम करने की दिशा में नैसकॉम की निरंतर प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

## हल्की तेजी के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**मुंबई (आईएएनएस)**



भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में हल्के हरे निशान में बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 90.83 अंक या 0.11 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 83,697.29 पर और निफ्टी 24.75 अंक या 0.10 प्रतिशत की हल्की तेजी के साथ 25,541.80 पर बंद हुआ। बाजार को हरे निशान में रखने का काम बैंकिंग शेयरों ने किया। निफ्टीबैंक 146.70 अंक या 0.26 प्रतिशत की बढ़त के साथ 57,459.45 पर बंद हुआ। इसके अतिरिक्त, पीएसयू बैंक, मेटल, प्राइवेट बैंक, इन्फ्रास्ट्रक्चर और कमोडिटी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। वहीं, ऑटो, आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी, रियल्टी, मीडिया और एनर्जी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स पैक में बीईएल, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, टाइटन, भारती एयरटेल, टाटा स्टील, एचयूएल, बजाज फाइनेंस और एसबीआई गेनर्स थे। एक्सिस बैंक, ट्रेंट, इटरनल (जोमैटो), टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स और सन फार्मा लूजर्स थे।

## देश में रिन्यूएबल एनर्जी उत्पादन बढ़ाने में मदद करेगा एसबीआई, 40 लाख घरों को होगा फायदा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) अगले दो वर्षों में 40 लाख घरों में सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाने में मदद करेगा। एसबीआई की इस नीति से देश में रिन्यूएबल एनर्जी उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। एसबीआई ने आधिकारिक बयान में कहा, "भारत के रिन्यूएबल एनर्जी ट्रांजिशन में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए, एसबीआई के सोलर रूफटॉप कार्यक्रम का लक्ष्य वित्त वर्ष 2027 तक 40 लाख घरों को सौर ऊर्जा से सुसज्जित करना है, जिससे भारत के नेट जीरो 2070 लक्ष्यों को आगे बढ़ाया जा सके। बैंक की ओर से यह ऐलान अपने 70 वर्ष पूरे होने पर किया गया है। 1 जुलाई, 1955 को एसबीआई ने देश में कारोबार शुरू किया था।

## एसबीआई की बैलेंस शीट ऐतिहासिक स्तर पर

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मंगलवार को कहा कि वर्तमान में उसका वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 1.1 प्रतिशत और भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 16 प्रतिशत योगदान है। साथ ही, बैंक ने बताया कि सभी सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के कार्यान्वयन में अब बैंक की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत से अधिक हो गई है।

बैंक ने बताया कि प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) में एसबीआई ने 15 करोड़ खाते खोले हैं, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के तहत 14.6 करोड़ लोगों का पंजीकरण किया है। वहीं, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के तहत 6.7 करोड़ और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) में 1.73 करोड़ लोगों को नामांकित किया है। एसबीआई के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025 में बैंक का सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के लाभ में 40 प्रतिशत की हिस्सेदारी थी। वहीं, कॉर्पोरेट आयकर (वित्त वर्ष 2026) में 2.53 प्रतिशत का योगदान था।

## बालूमाथ में गड्ढे में डूबने से चार वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत



- खेलते-खेलते पानी से भरे गड्ढे में गिरा बच्चा, गांव में पसरा मातम

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** लगातार बारिश अब जानलेवा साबित हो रही है। मंगलवार को बालूमाथ थाना क्षेत्र के मारंगलोइया हेबना गांव में एक चार वर्षीय बालक अंकित कुमार, पिता अनिल कुमार की पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई।

परिजनों के अनुसार बच्चा घर के पास खेल रहा था, इसी दौरान वह बारिश के पानी से भरे गड्ढे में गिर गया और डूब गया। बच्चे की मौत से पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। गांव में शोक का माहौल है।

घटना की जानकारी मिलते ही बालूमाथ थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया।

घटनास्थल पर जिप सदस्य प्रियंका कुमारी, मुखिया सोनामणि कुमारी, उप मुखिया रीता देवी, मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा सहित कई जनप्रतिनिधि पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया तथा हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# अवैध हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार लूट और हत्या के मामलों में था वांछित

- टंडवा पुलिस की कार्रवाई, दो राइफल, बाइक और मोबाइल बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा में अवैध हथियारों के साथ एक आपराधिक गिरोह के सदस्य सिकंदर उर्फ जगदीश राम को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी थाना क्षेत्र के तेलियाडीह निवासी है और हत्या के एक मामले में भी फरार था।

एसपी सुमित अग्रवाल के निर्देश पर एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में गठित टीम ने उसे मिश्रोल से गिरफ्तार किया।



उसके पास से दो देशी रायफल (.315 बोर), एक बाइक और एक मोबाइल जब्त किया गया है। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी उमेश राम, पुअनि सुनील सिंह व अनंत दुबे शामिल थे।

## रिकॉर्ड अद्यतन नहीं तो होगी कार्रवाई पलामू डीआईजी का औचक निरीक्षण अलर्ट

- 30 जून के बाद कभी भी हो सकता है निरीक्षण, थानों को सभी अभिलेख दुरुस्त रखने का निर्देश



**मेदिनीनगर।** पलामू क्षेत्र के पुलिस उप-महानिरीक्षक कार्यालय से जारी निर्देश के तहत सभी पुलिस उपाधीक्षक, अंचल पुलिस निरीक्षक और थाना/ओपी प्रभारियों को कार्यालय अभिलेखों को अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखने का निर्देश दिया गया है। यह निर्देश 30 जून 2025 के बाद किसी भी दिन संभावित औचक निरीक्षण को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है।

पुलिस उप-महानिरीक्षक नौशाद आलम ने बताया कि कि निरीक्षण के दौरान अभिलेखों की अद्यतन स्थिति, स्वच्छता, अभियानों की रिपोर्ट, लंबित मामलों की स्थिति, गुंडा पंजी, विभागीय जांच आदि की समीक्षा की जाएगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी पर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी, जबकि बेहतर कार्य करने वालों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

सभी थानों को कार्यालय परिसर की साफ-सफाई, आगंतुक कक्ष और थाना हाजत की व्यवस्था, बोर्ड व नामपट्ट के सही स्थान पर प्रदर्शन और पेयजल व्यवस्था जैसी बिंदुओं को भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पूर्व में निर्गत दिशा-निर्देशों को गार्ड फाइल में संधारित रखना अनिवार्य किया गया है।

### सांसद वीडी राम की बड़ी पहल

# पलामू को जाम से मिलेगी मुक्ति, एनएच-39 के गढ़वा बाइपास का उद्घाटन 3 को



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू और गढ़वा जिलों को जाम और जर्जर सड़कों की समस्या से जल्द ही राहत मिलने जा रही है। भारत माला प्रोजेक्ट के तहत बन रहे रांची-वाराणसी नेशनल हाईवे (एनएच-39) के गढ़वा बाइपास का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। इसका उद्घाटन केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी 3 जुलाई को करेंगे। इस महत्वपूर्ण परियोजना की जानकारी मंगलवार को पलामू सांसद विष्णु दयाल (वीडी) राम ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि करीब 8000 करोड़ की लागत से बनने वाला यह फोरलेन नेशनल हाईवे छह चरणों में पूरा किया जाएगा। पहला चरण रांची से कुड़ू और दूसरा चरण शंखा (गढ़वा) से खजूरी तक पहले ही पूरा हो चुका है। गढ़वा बाइपास, जो एनएच-39 का हिस्सा है, के चालू होने से गढ़वा शहर को जाम से मुक्ति मिलेगी और परिवहन व्यवस्था अत्यंत सुगम होगी। सांसद वीडी राम ने कहा कि यह प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के सहयोग से धरातल पर उतर पाया है। उन्होंने कहा कि गढ़वा बाइपास वर्षों से लंबित था।

इसके लिए मैंने दिल्ली स्तर पर कई बार विभागीय मंत्रियों से मिलकर बात की और लगातार फॉलोअप किया। आज उस प्रयास का परिणाम सामने है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री गढ़वा आगमन के दौरान क्षेत्रीय विकास से जुड़ी कई घोषणाएं भी करेंगे। इसके साथ ही सांसद ने यह भी कहा कि क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने के लिए 100 एकड़ जमीन की आवश्यकता है, लेकिन उपलब्धता न होने से कठिनाई आ रही है। इसके समाधान के लिए भूमि चिह्नित करने की दिशा में कार्य हो रहा है। सांसद ने आमजन से 3 जुलाई के उद्घाटन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इसे ऐतिहासिक बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह केवल सड़क का उद्घाटन नहीं, बल्कि पलामू-गढ़वा क्षेत्र को विकास की नई दिशा देने वाला कदम है। हुर गांव के सामने सभा स्थल है। जहां केंद्रीय मंत्री सभा करेंगे।

## मध्यस्थता अभियान शुरू, 90 दिनों तक चलाया जाएगा विशेष समाधान अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** न्यायिक व्यवस्था को सरल, त्वरित और सुलभ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए पलामू जिले में 1 जुलाई 2025 से 'मेडिएशन फॉर द नेशन' यानी 'राष्ट्र के लिए मध्यस्थता' अभियान की शुरुआत की गई। यह 90 दिवसीय विशेष अभियान नालसा के निर्देश और झालसा रांची के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य वैवाहिक विवाद, दुर्घटना मुआवजा, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, ऋण वसूली, भूमि अधिग्रहण और सुलह योग्य आपराधिक व दीवानी मामलों का आपसी सहमति से समाधान कराना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन ने बताया कि यह अभियान न्याय को जनसुलभ बनाने का प्रभावी माध्यम है, जिससे न्यायिक प्रक्रियाओं में होने वाली समय और पैसे की बर्बादी को रोका जा सकता है।

उन्होंने बताया कि मध्यस्थता एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें एक तटस्थ तीसरा पक्ष (मध्यस्थ), विवाद में शामिल पक्षकारों को आपसी सहमति से समाधान निकालने में सहयोग करता है। यह प्रक्रिया अदालती मुकदमों की तुलना में अधिक सहज, कम खर्चीली और शीघ्र समाधान देने वाली होती है। इसके तहत पक्षकारों को सीधे संवाद व परस्पर समझौते का अवसर मिलता है।

अभियान के दौरान, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से सभी प्रखंडों में जागरूकता अभियान, शिविर, काउंसलिंग सत्र और मध्यस्थता सुलह केंद्रों पर सुनवाई आयोजित की जाएगी। पक्षकारों की सहमति से ही मध्यस्थता प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी, जिससे कि समाधान न्यायिक आदेश के रूप में मान्य हो। जिला प्रशासन, अधिवक्ता संघ, पुलिस विभाग व सामाजिक संगठनों के सहयोग से इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की तैयारी की जा रही है। सचिव राकेश रंजन ने आम नागरिकों से अपील की कि यदि कोई विवाद सुलह योग्य है तो उसे अदालत तक पहुंचाने से पहले मध्यस्थता का विकल्प जरूर आजमाएं।

## भारी बारिश से बह गई मोहनपुर की सड़क, गांव टापू में तब्दील



- विभागीय उदासीनता पर ग्रामीणों में आक्रोश, सड़क नहीं बनी तो करेंगे चुनाव बहिष्कार

**कुंदा (चतरा)।** मोहनपुर गांव में बारिश के कारण एकमात्र संपर्क मार्ग बह जाने से गांव टापू में तब्दील हो गया है। ग्रामीण अरुण यादव, मिथलेश महतो, जतन यादव आदि ने कहा कि वर्षों से पक्की सड़क की मांग कर रहे हैं, लेकिन जनप्रतिनिधियों और विभाग ने कोई ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सड़क नहीं बनी तो आगामी चुनाव में वे मतदान का बहिष्कार करेंगे।

### वन्य जीव क्षति पर 47 भुक्तभोगियों को मिला मुआवजा

**टंडवा (चतरा)।** वन क्षेत्र कार्यालय टंडवा में रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना के नेतृत्व में राहम, सिदपा, सराढु, लेम्बुआ समेत अन्य वन्य पशु प्रभावित गांवों के 47 लाभुकों के बीच 5,44,357 रुपये की क्षतिपूर्ति राशि वितरित की गई। मौके पर राहम के मुखिया विश्वजीत उरांव, हंसदेव महतो, दिनेश्वर महतो समेत कई वनकर्मी व ग्रामीण उपस्थित रहे।



### सासंग +2 उच्च विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित

**चंदवा।** सासंग +2 उच्च विद्यालय में मंगलवार को परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि झामुमो जिलाध्यक्ष मोतीलाल नाथ शाहदेव ने विद्यार्थियों को मेडल, मोमेंटो और प्रोत्साहन राशि प्रदान की। उन्होंने कहा कि विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का दीप जलाए हुए है और इसकी छात्राओं ने जिले में नाम रोशन किया है। साथ ही उन्होंने शिक्षकों की कमी दूर करने हेतु शिक्षा मंत्री से पहल की जानकारी भी दी।



### जन शिकायत निवारण में आए 13 मामले डीसी ने दिए शीघ्र निष्पादन के निर्देश

**लातेहार।** साप्ताहिक जन शिकायत निवारण शिविर में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने 13 मामलों को सुना। भूमि विवाद, मुआवजा, स्वास्थ्य संबंधी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। हरेंद्र कुमार ने मूक-बधिर पुत्र के इलाज हेतु आर्थिक सहायता की मांग की, जिस पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि नियमानुसार त्वरित सहायता दी जाए।

**फिसलती जिम्मेदारी** — बारिश से फैली कीचड़ व फिसलन, बाइक सवारों को हो रही भारी परेशानी

# जेलहाता चौक पर मिट्टी से भरा गड्ढा बना हादसे की वजह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बैरिया बस स्टैंड से जेलहाता चौक तक मुख्य मार्ग पर बने गड्ढे को भरने के लिए प्रशासन द्वारा हाल ही में मिट्टी डाली गई थी, जो अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। लगातार हो रही बारिश से मिट्टी गड्ढे से निकलकर सड़क पर फैल गई है और कीचड़ व फिसलन का रूप ले चुकी है। स्थानीय नागरिकों ने इसे प्रशासन की लापरवाही बताया है और मांग की है कि मिट्टी के स्थान पर टिकाऊ और फिसलनरोधी सामग्री जैसे मुरुम या ईंट-कोलतार डाला जाए। चौराहे के पास अचानक फिसलन वाले हिस्से के कारण दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है। लोग प्रशासन से शीघ्र समाधान की उम्मीद कर रहे हैं।



**बारिश में और बढ़ी परेशानी**

इस मार्ग से हर दिन हजारों वाहन गुजरते हैं, क्योंकि यह कचहरी और समाहरणालय जाने का प्रमुख रास्ता है। बारिश के मौसम में मिट्टी डालने का फैसला बिना सोचे-समझे लिया गया प्रतीत होता है। सोमवार को हुई बारिश के बाद बाइक सवारों का संतुलन बिगड़ रहा है और कई लोग गिरते-पड़ते किसी तरह पार कर रहे हैं।

### जंगली हाथियों ने तोड़े चार घरबरसात में बेघर हुए ग्रामीण

**बालूमाथ (लातेहार)।** बालूमाथ के बसरिया टोला गांव में जंगली हाथियों के झुंड ने चार किसानों के घर तोड़ दिए। पीड़ित बबलू यादव, गणेश यादव, रामदयाल यादव और भौतर यादव ने बताया कि अनाज और घरेलू सामान को नुकसान हुआ है। भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा मौके पर पहुंचे और कहा कि वन विभाग त्वरित राहत, मुआवजा व आवास उपलब्ध कराए। रेंजर नंदकुमार महतो ने कहा कि नुकसान का आकलन कर विभागीय प्रक्रिया के तहत मुआवजा दिया जाएगा।

## पेज एक के शेष

**1 लाख करोड़...**

दूसरे भाग के तहत, सभी क्षेत्रों में अतिरिक्त रोजगार सृजन को शामिल किया जाएगा, जिसमें मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नियोक्ताओं को 1 लाख रुपए तक के वेतन वाले कर्मचारियों के संबंध में प्रोत्साहन मिलेगा। सरकार नियोक्ताओं को कम से कम छह महीने तक निरंतर रोजगार वाले प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के लिए दो वर्ष तक 3,000 रुपए प्रतिमाह तक का प्रोत्साहन देगी। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए प्रोत्साहन तीसरे और चौथे वर्ष तक भी बढ़ाया जाएगा। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि योजना के पहले भाग के तहत पहली बार काम करने वाले कर्मचारियों को सभी पेमेंट 'आधार ब्रिज पेमेंट सिस्टम' का उपयोग कर डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) मोड के माध्यम से किए जाएंगे। भाग बी के तहत नियोक्ताओं को भुगतान सीधे उनके पैन-लिंक्ड खातों में किया जाएगा।

**निरंतर आधार पर दो कर्मचारी रखना अनिवार्य :** ईपीएफओ के साथ पंजीकृत प्रतिष्ठानों को कम से कम छह महीने के लिए निरंतर आधार पर कम से कम दो अतिरिक्त कर्मचारी (50 से कम कर्मचारियों वाले नियोक्ताओं के लिए) या पांच अतिरिक्त कर्मचारी (50 या अधिक कर्मचारियों वाले नियोक्ताओं के लिए) नियुक्त करने की आवश्यकता होगी। प्रोत्साहन स्ट्रक्चर इस प्रकार होगा कि 10,000 रुपए के ईपीएफ वेतन स्लैब वाले अतिरिक्त कर्मचारी के लिए नियोक्ता को प्रोत्साहन के रूप में 1,000 रुपए मिलेंगे। 10,000 से 20,000 रुपए के वेतन स्लैब के लिए नियोक्ता को प्रति कर्मचारी 2,000 रुपए का प्रोत्साहन मिलेगा, जबकि 20,000 रुपए से अधिक और 1 लाख रुपए तक के वेतन वाले कर्मचारी के लिए प्रोत्साहन 3,000 रुपए तक होगा। इस भाग से लगभग 2.60 करोड़ लोगों के अतिरिक्त रोजगार के सृजन के लिए नियोक्ताओं को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।

**राष्ट्रीय खेल नीति...**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खेल नीति-2025 के सफल क्रियान्वयन के लिए एक ठोस रणनीतिक ढांचा तैयार किया गया है। इसमें सशक्त खेल प्रशासन के तहत खेलों के लिए मजबूत कानूनी और नियामक ढांचा विकसित करने की योजना है। निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करते हुए पीपीपी मॉडल और कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के माध्यम से वित्तीय सहयोग और समर्थन प्राप्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि तकनीकी नवाचार जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स और अनुसंधान के ज़रिए खिलाड़ियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन और योजनाओं की निगरानी की जाएगी। नीति में एक राष्ट्रीय निगरानी ढांचा भी प्रस्तावित है, जिसमें स्पष्ट प्रमुख प्रदर्शन संकेतक (केपीआई), लक्ष्य और समयबद्ध योजनाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को इस नीति के अनुरूप अपनी राज्य स्तरीय खेल नीतियां बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। खेलों के समग्र विकास के लिए एक समेकित सरकारी दृष्टिकोण अपनाया जाएगा, जिसमें सभी मंत्रालयों और विभागों की योजनाओं में खेलों का एकीकृत समावेश सुनिश्चित किया जाएगा। राष्ट्रीय खेल नीति 2025 पांच प्रमुख स्तंभों पर आधारित है- वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता, आर्थिक विकास, सामाजिक समावेशन, जनभागीदारी और शिक्षा से एकीकरण। इसका उद्देश्य ग्रामीण से शहरी स्तर तक खेलों का विकास, खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण, खेलों को उद्योग से जोड़ना, पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करना और फिटनेस अभियान से जनआंदोलन खड़ा करना है। नीति में स्कूल शिक्षा में खेल समावेश, शिक्षकों का प्रशिक्षण और दोहरी करियर योजनाएं शामिल हैं। सफल क्रियान्वयन के लिए सशक्त प्रशासन, निजी भागीदारी, तकनीकी नवाचार, निगरानी तंत्र, राज्यों के लिए मॉडल नीति और सभी विभागों में खेलों का समावेश सुनिश्चित किया गया है।

**पांकी विधायक शशिभूषण...**

उसने खुद को जीएसटी कस्टम अधिकारी बताया और कहा कि पश्चिम बंगाल के मालदा में जीएसटी कस्टम विभाग द्वारा जब्त गाड़ियों की नीलामी की जा रही है। इसके बाद उसने विधायक के व्हाट्सऐप पर गाड़ियों की तस्वीर भेजी और बताया कि फॉर्च्यूनर गाड़ी की कीमत 12.70 लाख रुपए है।

**रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर...**

केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी इसका लोकार्पण कर रांचीवासियों को बड़ी सौगात देंगे।

**क्या है मंत्री नीतिन गडकरी का कार्यक्रम :** सुबह आठ बजे मंत्री नितिन गडकरी दिल्ली से चलेंगे दस बजे रांची पहुंचेंगे। रांची एयरपोर्ट से चौपर में गढ़वा जाएंगे। गढ़वा में कार्यक्रम कर चौपर से रांची दो बजे आएंगे। दो बजे से रांची में कार्यक्रम होगा। भगवान बिरसा मुंडा को माल्यार्पण करेंगे और अरगोड़ा, सहजानंद चौक, हरमु रोड होते होते हुए न्यू मार्केट से फिर बांए मुड़कर रांची रोड होते हुए ओटीसी मैदान कायर्क्रम स्थल पर पहुंचेंगे। यहां 400 करोड़ रूपए की लागत से बने एलिवेकेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन करेंगे। इसके पश्चात नितिन गडकरी और सभी जनप्रतिनिधि नए फलाईओवर पर चलेंगे और पांच बजे मंत्री नितिन गडकरी विमान से दिल्ली निकल जाएंगे।

**558 करोड़ रुपए...**

मौके पर रांची के विधायक सीपी सिंह और हटिया के विधायक नवीन जायसवाल, महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, ग्रामीण भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज महतो, सन्नी टोप्पो मौजूद थे।

**भारत से तनाव...**

पाकिस्तान के अध्यक्ष बनने से एक दिन पहले भारत ने संयुक्त राष्ट्र भवन के प्रवेश द्वार पर 'द ह्यूमन कॉस्ट ऑफ टेररिज्म' नामक प्रदर्शनी आयोजित कर पाकिस्तान की आतंकवाद में भूमिका को उजागर किया, जिसमें न केवल भारत बल्कि 9/11 जैसे वैश्विक हमलों में भी उसकी संलिप्तता दिखाई गई। विदेश मंत्री एस। जयशंकर ने कहा कि यह प्रदर्शनी आतंकवाद के पीछे के दोषियों को बेनकाब करने और वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने की मांग के लिए है। सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान अपने 'सदाबहार मित्र' चीन के साथ मिलकर काम करता है। अध्यक्ष के रूप में पाकिस्तान को प्रक्रिया के नियमों और कूटनीतिक परंपराओं का पालन करना होगा, जिसमें सदस्यों को बोलने की अनुमति देना और प्रस्ताव पेश करना शामिल है। महीने का एजेंडा परिषद की बैठक के पहले दिन सर्वसम्मति से अपनाया जाता है। 2023 में रूस ने अमेरिका और अल्बानिया की अध्यक्षता के दौरान इसे अवरुद्ध किया था, जिसके कारण परिषद को अस्थायी एजेंडा के साथ काम करना पड़ा। अध्यक्ष के रूप में इस्लामाबाद उच्च-स्तरीय हस्ताक्षर कार्यक्रम और अपनी पसंद के विषयों पर खुली बहस के रूप में जाना जाता है। पाकिस्तान उच्च-स्तरीय बैठकें और खुली बहस आयोजित कर सकता है। इसका स्थायी प्रतिनिधि असीम इफ्तिखार अहमद अधिकांश बैठकों की अध्यक्षता करेगा, लेकिन उप-प्रधानमंत्री मोहम्मद इशाक डार जैसे नेता भी शामिल हो सकते हैं। इस बीच, पाकिस्तान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल पुरस्कार के लिए नामित कर सकता है, लेकिन ईरान और इजरायल-हमास संघर्ष जैसे मुद्दों पर वह रूस और चीन के साथ है। पिछले महीने ईरान पर आपातकालीन सत्र में पाकिस्तान ने अमेरिका और इजरायल के हमलों की निंदा करने की मांग की थी। चीन और रूस के साथ पाकिस्तान ने अमेरिका और इजरायल द्वारा की गई बमबारी की निंदा करते हुए एक मसौदा प्रस्ताव पेश किया था। हालांकि, सीजफायर के कारण इस पर विराम लग गया और किसी भी मामले में उसे अमेरिकी वीटो का सामना करना पड़ता। इजरायल-हमास संघर्ष में पाकिस्तान फिलिस्तीन के साथ है और कश्मीर को इस मुद्दे से जोड़ने की कोशिश करता है, लेकिन अब तक वो समर्थन पाने में कामयाब नहीं हुआ है। पाकिस्तान को पिछले साल एशिया-प्रशांत क्षेत्र के प्रतिनिधि के रूप में गैर-स्थायी सदस्य चुना गया था और जनवरी में परिषद में शामिल हुआ।

**'हूल दिवस' पर...**

पुलिस को इनसे पूछताछ में जानकारी मिली है कि इनमें से सुधीर कुमार पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का सोशल मीडिया हैंडल करते हैं। हालांकि इसकी पुष्टि होनी अभी बाकी है। बताया गया कि ये लोग साहिबगंज, बरहेट और बोरियो इलाके में 20 जून से एक्टिव थे। उन्होंने इलाके के लोगों के बीच धोती-साड़ी, रुपए और हथियार बांटे थे। इसके पीछे उनकी मंशा राजकीय कार्यक्रम के दौरान बाधा उत्पन्न करना और लोगों को भड़काकर हंगामा कराना था। 30 जून को हुए हंगामे को लेकर साहिबगंज जिले की पुलिस की ओर एक एफआईआर भी दर्ज की गई है। गोड्डा एसपी के अनुसार, उन्हें साहिबगंज जिले के एसपी ने सूचना दी थी कि भोगनाडीह में आयोजित राजकीय कार्यक्रम में गड़बड़ी फैलाने के कुछ आरोपी गोड्डा की तरफ भागे हैं। इस सूचना के आधार पर गोड्डा जिले में विभिन्न थाना क्षेत्रों की पुलिस ने घेराबंदी कर इन्हें गिरफ्तार किया गया। इनके पास से हथियारों के अलावा कुछ साड़ी-धोती भी बरामद की गई है। इनके साथ चार-पांच अन्य लोग थे, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस गिरफ्तार किए गए सुधीर कुमार और गणेश मंडल के मोबाइल का कॉल डिटेल रिकॉर्ड और डेटा खंगाल रही है। गोड्डा के एसपी ने बताया कि जरूरत पड़ने पर दोनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी।

## थाईलैंड की पीएम पैटोंगटार्न सस्पेंड लीक कॉल मामले में हुई कार्रवाई



**बैंकॉक (आईएएनएस)।** थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने मंगलवार को प्रधानमंत्री पैटोंगटार्न शिनावात्रा को निलंबित कर दिया। यह फैसला उस याचिका को स्वीकार करने के बाद आया है, जिसमें एक लीक हुई फोन कॉल के चलते उन्हें पद से हटाने की मांग की गई थी। यह कॉल कम्बोडिया के सीमा मुद्दों को लेकर थी। न्यायाधीशों की एक पीठ ने सर्वसम्मति से याचिका को स्वीकार किया और कहा कि अंतिम निर्णय आने तक प्रधानमंत्री पैटोंगटार्न को तत्काल प्रभाव से अपने कर्तव्यों का निर्वहन रोकना होगा। अदालत ने कहा कि गंभीर और अपूरणीय क्षति से बचने के लिए अस्थायी उपाय किए जा रहे हैं। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री को राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश मामलों और वित्त से संबंधित सभी कार्यों और शक्तियों के उपयोग से तब तक रोक दिया गया है जब तक अंतिम फैसला नहीं आ जाता।

## पाक जेल में 246 भारतीय बंद भारत ने सूची सौंपी पाक को

**करांची ।** पाकिस्तान की जेलों में 246 भारतीय नागरिक बंद हैं। इनमें से 53 आम नागरिक हैं और 193 मछुआरे, जो या तो भारतीय हैं या जिनके भारतीय होने का दावा किया जा रहा है। वहीं, भारत ने पाकिस्तान को बताया कि उसकी हिरासत में 382 ऐसे नागरिक और 81 मछुआरे हैं जो पाकिस्तानी या पाकिस्तानी समझे जाते हैं। भारत और पाकिस्तान ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद में अपने-अपने राजनयिक चैनलों के जरिए मंगलवार को एक-दूसरे के हिरासत में बंद नागरिकों और मछुआरों की लिस्ट सौंपी। इसके जरिए यह जानकारी मिली है। दोनों देशों के बीच 2008 में हुए कांसुलर एक्सेस समझौते के मुताबिक हर साल 1 जनवरी और 1 जुलाई को ऐसी सूचियां शेयर की जाती हैं। भारत ने पाकिस्तान से अपील की है कि जिन भारतीय नागरिकों और मछुआरों ने अपनी सजा पूरी कर ली है, उनकी जल्द से जल्द रिहाई और भारत वापसी सुनिश्चित की जाए।

## डोनाल्ड ट्रंप ने सीरिया से हटाए प्रतिबंध कार्यकारी आदेश पर किया हस्ताक्षर

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीरिया पर लगे प्रतिबंधों को खत्म करने वाले कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। व्हाइट हाउस की आधिकारिक वेबसाइट पर इसकी जानकारी दी गई है। व्हाइट हाउस ने एक फैक्ट शीट में कहा कि ट्रंप ने "देश की स्थिरता और शांति के मार्ग का समर्थन करने के लिए सीरिया प्रतिबंध कार्यक्रम खत्म करने वाले एक ऐतिहासिक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। व्हाइट हाउस ने कहा, "यह आदेश सीरिया पर प्रतिबंधों को हटाता है, जबकि बशर अल-असद पर प्रतिबंधों को बनाए रखता है। यह आदेश कुछ वस्तुओं पर एक्सपोर्ट कंट्रोल में रियायत देने और सीरिया को दी जाने वाली कुछ विदेशी सहायता पर लगे प्रतिबंधों को हटाने की अनुमति देता है।

# गाजा संघर्ष : सीजफायर पर नए विकल्प तलाशने अमेरिका जाएंगे नेतन्याहू

### गाजा में जारी संघर्ष पर अमेरिका के साथ बन सकती है सहमति

**यरुशलम (आईएएनएस)**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सात जुलाई को व्हाइट हाउस में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मेजबानी करने जा रहे हैं। 'व्हाइट हाउस' ने 'द इजरायल टाइम्स' से इसकी पुष्टि की है। ट्रंप गाजा में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के लिए अपनी कोशिशें तेज कर रहे हैं। जनवरी 2025 में डोनाल्ड ट्रंप सत्ता में वापस लौटे थे, जिसके बाद यह नेतन्याहू की व्हाइट हाउस की तीसरी यात्रा होगी। यह मुलाकात गाजा में युद्ध विराम और ईरान की क्षेत्रीय गतिविधियों और राजनायिक संबंधों के विस्तार पर केंद्रित होगी। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने सोमवार को बताया कि ट्रंप और प्रशासन के अधिकारी इजरायली नेतृत्व के साथ लगातार संपर्क में हैं। गाजा संघर्ष को समाप्त करना राष्ट्रपति ट्रंप की प्राथमिकता है। लेविट ने कहा, "इस युद्ध के दौरान इजरायल और गाजा, दोनों से जिस तरह की तस्वीरें सामने आई हैं, वह दिल दहला देने वाली हैं। राष्ट्रपति इसे खत्म होते देखना चाहते हैं। वह लोगों की जान बचाना चाहते हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में संघर्ष को खत्म करने पर नए सिरे से फोकस करने का संकेत देते हुए शुक्रवार को पत्रकारों से गाजा में अगले हफ्ते तक युद्धविराम की संभावना जताई थी। नेतन्याहू की अमेरिकी यात्रा ईरान की न्यूक्लियर फैसिलिटी पर अमेरिकी हमले के बाद हो रही है। उस समय ट्रंप ने इजरायल-ईरान के बीच युद्धविराम कराने का दावा किया था। स्ट्रैटेजिक अफेयर्स मिनिस्टर रॉन डेरमर फिलहाल अमेरिकी अधिकारियों के साथ बैठक के लिए वाशिंगटन में हैं। नेतन्याहू ने गाजा युद्धविराम वार्ता के संबंध में दूसरी बैठक के लिए सोमवार शाम को अपने शीर्ष सहयोगियों और मंत्रियों को बुलाया है। इसमें शामिल मंत्रियों में से एक के कार्यालय ने बताया है कि ग्रुप एक रात पहले हुए टकराव के बाद भी गाजा में युद्ध के भविष्य पर किसी समझौते पर नहीं पहुंच पाया है।

### इजरायल शिन बेट प्रमुख की नियुक्ति पर बवाल, मुख्य न्यायाधीश पर चिल्लाया तो व्यक्ति को घसीटकर बाहर हटाया

**यरुशलम ।** यरुशलम के सुप्रीम कोर्ट में एक अहम सुनवाई के दौरान तनावपूर्ण माहौल देखने को मिला। मामला इजरायल की सुरक्षा एजेंसी शिन बेट के नए प्रमुख की नियुक्ति से जुड़ा था, जिसे लेकर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। टाइम्स ऑफ इजरायल की खबर के मुताबिक, इजरायल की अटॉर्नी जनरल गली बहारव-मिआरा ने यह साफ कर दिया कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू शिन बेट प्रमुख की नियुक्ति नहीं कर सकते। उनके मुताबिक, यह कदम "हितों के टकराव" के तहत आता है। बता दें, कतरगेट और लीक दस्तावेजों की जांच शिन बेट और पुलिस कर रही है। ध्यान देने वाली बात यह है कि इनमें प्रधानमंत्री के बेहद करीबी सहयोगी शामिल हैं। इसी को लेकर कोर्ट में दायर याचिकाओं की सुनवाई के दौरान माहौल गर्म हो गया है। जैसे ही कोर्ट की कार्यवाही शुरू हुई, सुप्रीम कोर्ट के अध्यक्ष जस्टिस यित्ज़ाक अमित ने साफ चेतावनी दी कि कोई भी व्यक्ति कार्यवाही में बाधा डालेगा तो उसे बाहर निकाल दिया जाएगा।

### ट्रंप ने एलन मस्क को दी धमकी, बोले

## 'सब्सिडी कटौती की तो लौटना पड़ेगा दक्षिण अफ्रीका'

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**



अमेरिका में कभी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अरबपति एलन मस्क एक-दूसरे के काफी करीब थे, लेकिन आज उन दोनों में विवाद बढ़ता ही जा रहा है। यूएस के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर एलन मस्क को सब्सिडी कटौती की धमकी दी। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा हुआ तो उन्हें दक्षिण अफ्रीका वापस लौटना पड़ सकता है।

जब से एलन मस्क ने 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' का विरोध जताया है तब से डोनाल्ड ट्रंप भी उनके खिलाफ आक्रामक नजर आ रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, "मुझे राष्ट्रपति पद के लिए सपोर्ट करने से बहुत पहले ही एलन मस्क को पता था कि मैं ईवी जनादेश के सख्त खिलाफ हूं। यह हास्यास्पद है और हमेशा मेरे कैंपेन का एक प्रमुख हिस्सा रहा है। इलेक्ट्रिक कारें ठीक हैं, लेकिन हर किसी को एक ईवी कार खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है। डोनाल्ड ट्रंप ने एलन मस्क को धमकी देते हुए कहा, "एलन मस्क को इतिहास में किसी अन्य इंसान से कहीं ज्यादा सब्सिडी मिल सकती है। अगर सब्सिडी नहीं मिली तो एलन को शायद अपनी दुकान बंद करनी होगी और दक्षिण अफ्रीका वापस लौटना होगा। बिना सब्सिडी के कोई और रॉकेट लॉन्च, सैटेलाइट या इलेक्ट्रिक कारों का उत्पादन संभव नहीं होगा।" साथ ही उन्होंने डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डॉज) के कामकाज की जांच करने की बात की। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद एलन मस्क को यह डिपार्टमेंट सौंपा गया था।आपको बता दें कि इससे पहले दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ने वन बिग ब्यूटीफुल बिल को लेकर कहा कि अगर यह विधेयक सीनेट में पास हुआ तो वे अगले ही दिन एक नई पार्टी बनाएंगे। उस पार्टी का नाम अमेरिकन पार्टी होगा।

## एससी-एसटी को सीधी भर्ती और प्रमोशन में आरक्षण को सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने अपने 75 सालों के इतिहास में पहली बार एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लिए कर्मचारियों की सीधी भर्ती व प्रमोशन में आरक्षण की औपचारिक नीति लागू की। सर्वोच्च न्यायालय के सभी कर्मचारियों को 24 जून को जारी एक सर्कुलर में इस फैसले की जानकारी दी गई।इस व्यवस्था के लागू हो जाने के बाद में सर्वोच्च न्यायालय में स्टाफ की सीधी भर्तियों व प्रमोशन में एससी श्रेणी के लिए 15 % और एसटी श्रेणी के लिए 7.5 % पद रिजर्व होंगे। यह व्यवस्था 23 जून 2025 से प्रभावी हो गई है। यह आरक्षण जजों के लिए नहीं हैं, बल्कि यह नीति रजिस्ट्रार,वरिष्ठ निजी सहायक, सहायक लाइब्रेरियन, जूनियर कोर्ट असिस्टेंट व चैंबर अटेंडेंट जैसे कई पदों पर लागू होगी। भारत के मुख्य न्यायाधीश गवई ने एक अंग्रेज़ी अख़बार से साक्षात्कार में कहा था, 'सभी सरकारी संस्थानों व कई हाईकोर्ट में पहले से ही एससी व एसटी के लिए रिजर्वेशन का प्रावधान है, तो सर्वोच्च न्यायालय को इससे अलग क्यों रखा जाए ? हमने कई ऐतिहासिक फैसलों में सकारात्मक कार्रवाई का समर्थन किया है और एक संस्था के रूप में हमें इसे अपने यहां भी लागू करना चाहिए। हमारे काम हमारे सिद्धांतों को दर्शाने चाहिए।' लॉ ट्रेंड की रिपोर्ट के मुताबिक, नई आरक्षण नीति के संबंध में 24 जून को सुप्रीम कोर्ट की ओर से एक सर्कुलर जारी किया गया। इसमें सभी कर्मचारियों व रजिस्ट्रारों को बताया गया कि मॉडल आरक्षण रोस्टर व रजिस्टर सर्वोच्च न्यायालय के इंटरनल नेटवर्क 'Supnet' पर अपलोड कर दिया गया है और यह 23 जून से प्रभावी हो गया है। सर्कुलर में यह भी कहा गया है कि यदि किसी को रोस्टर या रजिस्टर में कोई गलती या खामी दिखे तो रजिस्ट्रार को इसकी जानकारी भेज दें।

# 2 से 10 जुलाई तक 5 देशों के दौरे पर पीएम मोदी

### घाना, त्रिनिदाद -टोबैगो, नामीबिया, ब्राजील और अर्जेंटीना पांच देश की यात्रा पर रहेंगें पीएम नरेंद्र मोदी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी 2 जुलाई से 10 जुलाई तक के लिए पांच देशों- घाना, त्रिनिदाद - टोबैगो, नामीबिया ,ब्राजील , अर्जेंटीना की यात्रा पर रहेंगे। इनमें से घाना, त्रिनिदाद- टोबैगो व नामीबिया ऐसे हैं, जहां पीएम पहली बार जाने वाले हैं। इसके अलावा वे ब्राजील व अर्जेंटीना भी जाएंगे, जहां वे विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के साथ ही कई कूटनीतिक समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे।मोदी की इस विदेश यात्रा की शुरुआत घाना से होगी। इसके बाद वे त्रिनिदाद एंड टोबैगो, अर्जेंटीना व ब्राजील जाएंगे। ब्राजील में ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेंगे , उसके बाद नामीबिया पहुंचेंगे। यह उनकी पहली नामीबिया यात्रा होगी। इन देशों के साथ भारत के कई आर्थिक और कूटनीतिक समझौते हो सकते हैं।घाना में मोदी की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा 2015 में भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन के लिए भारत का दौरे पर आए थे। घाना पश्चिम अफ्रीका की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। भारत के साथ इसके संबंध मजबूत व विस्तारित व्यापार और निवेश द्वारा चिह्नित हैं।भारत घाना के निर्यात के लिए सबसे बड़ा साथी माना जाता है। घाना से भारत के आयात का 70% से ज़्यादा हिस्सा सोने का है। दोनों देशों में द्विपक्षीय साझेदारी की समीक्षा करने के साथ ही आर्थिक, ऊर्जा, रक्षा और विकास सहयोग के माध्यम से इसे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा होगी। घाना के बाद कैरिबियन देश त्रिनिदाद व टोबैगो का दौरा करेंगे, जहां की 40-45% आबादी भारतीय है। प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर तथा राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू दोनों ही भारतीय मूल के हैं। प्रधानमंत्री के रूप में यह मोदी की त्रिनिदाद व टोबैगो की पहली यात्रा होगी और 1999 के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। नवंबर 2024 में प्रधानमंत्री गुयाना गए थे। यह यात्रा त्रिनिदाद व टोबैगो में भारतीय प्रवासियों के आगमन के 180 वर्ष पूरे होने का प्रतीक होगी। वित्त वर्ष 2024-25 में कुल व्यापार 341.61 मिलियन डॉलर तक पहुंचने के साथ द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों में लगातार वृद्धि देखी गई है। 57 साल में पहली बार कोई भारतीय प्रधानमंत्री अर्जेंटीना जा रहा है। जहां उनकी मुलाकात जेवियर माइली से होगी। इस दौरान दोनों देश के नेता अभी चल रहे सहयोग की समीक्षा करेंगे और रक्षा, कृषि, खनन, तेल तथा गैस, ऊर्जा आदि साझेदारी को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। भारत व अर्जेंटीना ने खनिज संसाधन क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को उल्लेखनीय रूप से आगे बढ़ाया है, विशेष रूप से लिथियम में, जो भारत के ग्रीन एनर्जी के लिए अहम है। अर्जेंटीना भारत को सोयाबीन व सूरजमुखी के तेल का प्रमुख सप्लायर है। 2024 में भारत अर्जेंटीना का पांचवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार व निर्यात क्षेत्र था। रियो डी जेनेरो में ब्रिक्स नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान मोदी राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा से मिलेंगे, जिसके बाद एक राजकीय यात्रा होगी। ब्रिक्स में पीएम वैश्विक शासन, शांति व सुरक्षा के सुधार, बहुपक्षवाद को मजबूत करने, एआई के जिम्मेदार उपयोग, जलवायु कार्रवाई, वैश्विक स्वास्थ्य आदि पर चर्चा करेंगे। शिखर सम्मेलन के दौरान उनकी कई द्विपक्षीय बैठकें होने की संभावना है। मोदी ब्रासीलिया जाएंगे, जहां वे राष्ट्रपति लूला के साथ व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, प्रौद्योगिकी, कृषि और स्वास्थ्य सहित आपसी हितों के क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी को व्यापक बनाने पर द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। ब्राजील दक्षिण अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। नामीबिया की अपनी पहली यात्रा के दौरान पीएम मोदी राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवा से मिलेंगे। इस दौरान वे नामीबिया के संस्थापक पिता डॉ. सैम नुजोमा को श्रद्धांजलि देंगे और देश की संसद को संबोधित करेंगे। द्विपक्षीय व्यापार 2000 में 3 मिलियन डॉलर था। यह अब बढ़कर लगभग 600 मिलियन डॉलर हो गया है। भारतीय कंपनियों ने नामीबिया में खनन, विनिर्माण, हीरा प्रसंस्करण व सेवाओं में निवेश किया है। प्रधानमंत्री द्वारा सितंबर 2022 में मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में नामीबिया से लाए आठ चीतों को छोड़ा गया था।



### बलूचिस्तान में फिर विद्रोहियों का तांडव

## बैंक शाखाओं समेत कई इमारतों को फूंका हमले में बच्चे की मौत

**क्वेटा।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को बंदूकें और रॉकेट के साथ दर्जनों विद्रोहियों ने एक थाने पर धावा बोला और बैंकों की दो शाखाओं को फूंक दिया। इस घटना में एक बच्चे की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। हालांकि इसकी अभी तक किसी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) पर संदेह जताया जा रहा है। इधर, खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मारवात जिले में अज्ञात बंदूकधारियों के हमले में दो ट्रैफिक पुलिसकर्मी मारे गए। अधिकारियों के अनुसार, बलूचिस्तान के मास्टंग जिले में विद्रोहियों ने हमला किया और नागरिकों पर गोलियां बरसाईं। स्थानीय सरकारी अधिकारी जान मोहम्मद ने दावा किया कि सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में कुछ विद्रोही भी मारे गए।

### तुर्किये में पैगंबर मोहम्मद के कथित कार्टून पर विवाद

## मिसाइलों की बारिश के बीच मूसा से हाथ मिलाते दिखे, कार्टूनिस्ट समेत 4 गिरफ्तार

**अंकारा । एजेंसी**

तुर्किये में पैगंबर मोहम्मद का कार्टून छपने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। लेमैन मैगजीन ने 26 जून को एक कार्टून पब्लिश किया था, जिसमें पैगंबर मोहम्मद और पैगंबर मूसा जैसे दिखने वाले दो शख्स को आसमान से गिरती मिसाइलों के बीच हवा में हाथ मिलाते हुए दिखाया गया था। इस कार्टून के सामने आने के बाद पूरे तुर्किये में लोगों का गुस्सा भड़क गया। गुस्साए लोगों ने इस्तांबुल में लेमैन मैगजीन के ऑफिस के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। वे 'दांत के बदले दांत, खून के बदला खून' के नारे लगा रहे थे। कुछ प्रदर्शनकारियों ने, जो एक इस्लामिक संगठन से जुड़े बताए जा रहे हैं, पत्रिका के दफ्तर पर पत्थरबाजी भी की।



### सरकार बोली- यह फ्रीडम ऑफ स्पीच नहीं

घटना के बाद तुर्किये के गृहमंत्री अली येरलिकाया ने बयान जारी कर कहा कि यह प्रेस की आजादी या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं है, बल्कि धार्मिक भावनाओं का अपमान है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। तुर्किये के न्याय मंत्री यिलमाज टुंक ने कहा कि इस तरह के कार्टून धार्मिक भावनाओं और सामाजिक सौहार्द का अपमान करते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि कोई भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का बहाना बनाकर किसी धर्म के प्रतीकों का अपमान नहीं कर सकता। गृह मंत्री येरलिकाया ने कहा कि वे पैगंबर साहब का मजाक उड़ाने वाले इस शर्मनाक कार्टून की निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की हरकतें हमारे धार्मिक भावनाओं का अपमान करती हैं। मुसलमानों के दिल को ठेस पहुंचाती हैं।

# अमिताभ की ब्लॉकबस्टर फिल्म सूर्यवंशम को एक्ट्रेस मधु ने क्यों ठुकराया था

### सालों बाद बताई अपने फैसले की वजह

1991 में अजय देवगन की फिल्म फूल और कांटे से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली अभिनेत्री मधु शाह को दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग में अधिक प्रसिद्धि मिली। बॉलीवुड एक्ट्रेस मधु 90 के दशक की लीडिंग एक्ट्रेस में से एक हैं। उन्होंने अपनी दमदार एक्टिंग और खूबसूरती से दर्शकों के दिलों पर राज किया। हालांकि, मधु ने उस वक्त बॉलीवुड छोड़ दिया जब वो अपनी सक्सेस के पीक पर थीं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस एक बार फिर चर्चा में आ गई हैं।

एक साक्षात्कार में, मधु ने 90 के दशक में अभिनेत्रियों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने इस अवधि को अपने करियर का सबसे कठिन समय बताया, जिसमें फिल्म सेट पर बुनियादी सुविधाओं की कमी पर प्रकाश डाला। इसके अलावा हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में मधु ने अपने करियर से जुड़े कई किस्से शेयर किए। उस दौरान मधु को अमिताभ बच्चन की फिल्म सूर्यवंशम का ऑफर भी मिला था लेकिन उन्होंने इसे रिजेक्ट कर दिया।मधु ने अमिताभ बच्चन की फिल्म ठुकरा दी। उन्होंने अपनी शादी के लिए अमिताभ बच्चन के साथ एक फिल्म ठुकराने को याद करते हुए कहा, "मैं खुद को भाग्य की संतान कहती हूं। जिसे लोग आज अभिव्यक्ति कहते हैं, मैंने उस समय उसका अनुभव किया था। जब भी मैंने किसी चीज को दृढ़ता से महसूस किया है, वह मेरे लिए सच हुई है। जब मुझे एहसास हुआ कि मुझे फिल्मों में काम नहीं करना है।



***मधु की हालिया और आने वाली फिल्में :*** *मधु को हाल ही में कन्नप्पा में देखा गया था। मुकेश कुमार सिंह द्वारा निर्देशित भक्ति फिल्म में विष्णु मांचू मुख्य भूमिका में हैं, साथ ही मोहन बाबू, आर. सरथकुमार, अर्पित रांका, ब्रह्मानंदम, ब्रह्माजी, शिव बालाजी और कौशल मंडा भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म में मोहनलाल, अक्षय कुमार और प्रभास की स्टार-स्टडेड कैमियो भी हैं।*

**कहानी फिल्म जगत की**